# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 17 मार्च 2025 सोमवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 292 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1527 :** आगरा के युद्ध में बाबर से चित्तौड़गढ़ के राणा संग्राम सिंह प्रथम पराजित हुए।

**1672 :** नीदरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड ने युद्ध की घोषणा की।

**1782 :** ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा शासकों के बीच सल्बाई का समझौता हुआ।

**1845 :** लंदन के स्टीफन पेरी ने रबर बैंड का पेटेंट कराया।

**1906 :** ताइवान में आए भूकंप में लगभग 1000 लोगों की जान गई।

**1992 :** अर्जेन्टीना में स्थित इजरायली दूतावास पर हुए हमले में लगभग 30 लोग मरे।

# सैन्य जीत से कभी कोई समाधान नहीं निकलेगा : मोदी

## लेक्स फ्रिडमैन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने युद्धरत देशों के बीच सीधी बातचीत की आवश्यकता पर प्रकाश डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** लेक्स फ्रिडमैन पॉडकास्ट पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए कूटनीति को एकमात्र व्यवहार्य मार्ग के रूप में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रभावशाली होस्ट और एमआइटी के रिसर्च साइंटिस्ट लेक्स फ्रिडमैन से बात करते हुए पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सैन्य जीत से स्थायी समाधान नहीं निकलेगा। इस दौरान उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की दोनों से सीधी बातचीत में शामिल होने का आह्वान भी किया। पीएम मोदी ने कहा, ''रूस और यूक्रेन दोनों के साथ मेरे घनिष्ठ संबंध हैं। मैं राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठकर कह सकता हूं कि यह युद्ध का समय नहीं है और मैं राष्ट्रपति जेलेंस्की को दोस्ताना तरीके से यह भी बता सकता हूं कि दुनिया में चाहे कितने भी लोग आपके साथ खड़े हों, युद्ध के मैदान में कभी कोई समाधान नहीं निकलेगा।''

**सीधी बातचीत की आवश्यकता**

पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने युद्धरत देशों के बीच सीधी बातचीत की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और केवल सहयोगी समर्थन पर निर्भर रहने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ''यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ अनगिनत चर्चाएं कर सकता है, लेकिन इससे कोई फायदा नहीं होगा। चर्चा में दोनों पक्षों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांति के लिए वार्ता ही एकमात्र व्यवहार्य मार्ग है।

**खाद्य, ईंधन का संकट**

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक समुदाय खास तौर पर ग्लोबल साउथ लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के कारण पीड़ित है। दुनिया खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से जूझ रही है। इसलिए वैश्विक समुदाय को शांति की खोज में एकजुट होना चाहिए। उनकी टिप्पणी संघर्ष को समाप्त करने के लिए चल रहे वैश्विक प्रयासों के बीच आई है, जिसके कारण विनाशकारी मानवीय और आर्थिक परिणाम सामने आए हैं।

**रूस–यूक्रेन संघर्ष**

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हजारों लोगों को मार डाला और घायल कर दिया। लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया, शहरों को मलबे में बदल दिया और मॉस्को और पश्चिम के बीच दशकों का सबसे तीखा टकराव शुरू कर दिया। अमेरिका ने मंगलवार को यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने पर सहमति व्यक्त की, जब कीव ने कहा कि वह 30-दिवसीय युद्धविराम के लिए वाशिंगटन के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए तैयार है। पुतिन ने गुरुवार को कहा कि रूस सैद्धांतिक रूप से युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन करता है, लेकिन जब तक कई महत्वपूर्ण शर्तों पर काम नहीं किया जाता या उन्हें स्पष्ट नहीं किया जाता, तब तक लड़ाई को रोका नहीं जा सकता। पुतिन ने बार-बार कहा है कि वह शांति के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, यूक्रेन को यह घोषणा करनी होगी कि वह नाटो की सदस्यता नहीं मांगेगा और रूस यूक्रेन में अपने दावे वाली सारी जमीन अपने पास रखेगा, जिसमें कुछ ऐसी जमीनें भी शामिल हैं, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है।

# पेड़ से टकरायी बाइक दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**दुमका।** झारखंड के दुमका जिला के रानीश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रघुनाथपुर-बरमसिया पथ पर कदमा गांव के पास रविवार की शाम सड़क किनारे पेड़ पर टकरा जाने से बाइक सवार दो युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी है। हादसे के बाद सूचना मिलने पर रानीश्वर थाने से पुलिस अवर निरीक्षक वीरबल राम पहुंचे। दोनों शव को कब्जे में लेकर रानीश्वर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ आजाद शेखर पंडित ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राजेश हांसदा (28) व चुड़का हेंब्रम (35) था। बताया जा रहा है कि दोनों शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भोक्ताडीह गांव के रहनेवाले थे। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से आसनबनी आ रहे थे, इसी क्रम में कदमा गांव के समीप बाइक सवार नियंत्रण खो देने से सड़क किनारे सखुआ के पेड़ पर जोरदार टक्कर हो गयी। बाइक के परखच्चे उड़ गये। वहीं दोनों के सड़क पर गिर जाने से काफी खून बह गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। एसबाइ वीरबल राम ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को भी जब्त कर लिया है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के सकरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना रुकनापट्टी भूटठा चौक के पास की है। मृतका की पहचान विशुनपुर बघनगरी निवासी राम अखिलेश शाह की पत्नी रंगीला देवी (36) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, नशे में धुत युवकों के द्वारा बीए में टक्कर मारने से यह घटना हुई। बताया गया है कि रंगीला देवी अपने ननद के यहां समस्तीपुर में श्राद्ध में शामिल होने गई थी।

# बेंगलुरू में बिहार के तीन मजदूरों की हत्या

**■ होली की पार्टी के दौरान आपस में ही भिड़ गये**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में शनिवार को होली की मौज-मस्ती के दौरान हुई हिंसक झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक और आरोपित बिहार के एक ही गांव के रहने वाले हैं और यहां अलग-अलग जगहों पर काम करते थे। करीब छह से सात लोगों का ग्रुप होली के मौके पर खा-पी रहा था तभी उनके बीच बहस होने लगी, जो हिंसक हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फरार आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लड़ाई में लकड़ी के डंडे और लोहे की छड़ों का हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। इसी से हमला कर एक दूसरे को मार डाला। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि तीसरे की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अंशु, 23 वर्षीय राधे श्याम और कंसार के रूप में हुई है। मृतक राधेश्याम का भाई बिरादर झगड़े में घायल है। पुलिस ने बताया कि सोनू और उसका दोस्त हत्या का आरोपित है।

**क्या है घटना**

शनिवार को होली के मौके पर छह दोस्तों ने पार्टी रखी थी। पार्टी में दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें तीन दोस्तों ने रॉड से अन्य तीन पर जानलेवा हमला कर दिया। उनमें से एक भागकर बाहर आया और अन्य लोगों को घटना की सूचना दी। जब तक लोग ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे, उनमें से तीन की मौत हो चुकी थी। हमला करने के दो आरोपित भाग गये। बताया जा रहा है कि घायल बिरादर का सरजापुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।बेंगलुरु ग्रामीण एसपी सीके बाबू ने कहा, 'आरोपित की बहन और एक युवक जिसकी मौत हो गयी उनकी फोन पर बहस हुई। इसके बाद हिंसा भड़क गई। उन्होंने एक-दूसरे पर बोतल और लोहे के रॉड से हमला किया। तीसरे माले से दो शव बरामद हुए हैं। निचले माले पर एक घायल शख्स था। एंबुलेंस में वो जिंदा था। अस्पताल के रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद फरार हुए आरोपितों को खोजने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।''

# सीएम हेमंत सोरेन पूरे परिवार के साथ पहुंचे पैतृक गांव नेमरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रामगढ़।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार को अपने पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा में स्थित घर पहुंचे। यहां वे पूरे परिवार के साथ बाहा पर्व में शामिल हुए और परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से अपने गांव के घर के पास बने हेलीपैड पर उतरे। यहां से वे सीधे अपने घर गए जहां उन्होंने पारंपरिक वस्त्र पहने और फिर ढोल नगाड़ों की थाप के साथ पैदल करीब एक किलोमीटर चल सरना स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने संथाली परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की। सीएम हेमंत सोरेन समाज के मांझी हड़ाम हैं। जिस कारण वे प्रत्येक वर्ष नेमरा पहुंच कर बाहा पूजा में शामिल होते हैं। इस दौरान उन्होंने अपने कुल देवता की भी पूजा-अर्चना की। चैत्र माह शुरू होने से पहले बाहा पर्व मनाया जाता है, जिसमें गांव के लोग जाहेर स्थान (जाहेरथान) पर परंपरागत तरीके से पूजा करते हैं। पूजा में आम और महुआ के फूलों का विशेष महत्व होता है। मुख्यमंत्री के साथ उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, भाभी पूर्व विधायक सीता सोरेन समेत परिवार के अन्य सदस्य भी नेमरा पहुंचे, सभी ने बाहा पर्व में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भाग लिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, एसडीओ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री के पैतृक आवास पहुंचे। पूरे नेमरा गांव और मुख्यमंत्री के गुजरने वाले मार्गों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। पूर्व विधायक सीता सोरेन ने कहा, 'हम लोग हर वर्ष होली के बाद गांव आकर अपने कुल देवता की पूजा करते हैं और आशीर्वाद लेकर वापस लौटते हैं।' उन्होंने सभी संथाली भाइयों को बाहा पर्व की ढेरों शुभकामनाएं दीं। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने भी लोगों को बहा पर्व की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा 'सभी का अपना अपना रस्म रीवाज है। हमारा भी है, इसी के कारण पूरा परिवार एकत्रित हुआ है। समय की व्यस्तता है, लेकिन मन में उत्साह होता है। जिम्मेदारी ऐसी है कि सीमित समय में सभी काम को बांटना है। परिवार जनों के साथ यह कार्यक्रम चल रहा है। पूरे परिवार के लोग यहां मौजूद हैं'।

# सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रक से कुचलकर बाइक सवार दो किशोरों की मौत हो गई। घटना औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जीटी रोड एसएफसी गोदाम के समीप की है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नागा बिगहा निवासी अजय यादव के 17 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार एवं रमण यादव के 17 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल नागा बिगहा के अटल सिंह के 16 वर्षीय पुत्र विकास कुमार का उपचार किया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर किया गया। बताया जाता है कि तीनों किशोर नागा बिगहा में होली खेलकर शहर के फारम की तरफ एक ही बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे किशोर की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। घटना की सूचना पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार, दारोगा हरिशंकर सिंह एवं चालक विजय कुमार के साथ घटनास्थल पहुंचे और तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग के एंबुलेंस से भेजा। इधर एक ही मोहल्ले के दो किशोरों की मौत के बाद मोहल्ले में मातमी सन्नाटा पसर गया है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव स्वजनों को सौंप दिया है।

## जून में आएगा मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** होली त्योहार के बीच झारखंड के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल सूत्र के मुताबिक होली के बाद से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। इसके बाद रिजल्ट से संबंधित तमाम जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जून में रिजल्ट जारी किया जाएगा। बोर्ड सूत्रों के मुताबिक जून के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की पूरी संभावना है। हालांकि अभी बोर्ड की ओर से कॉपियों के मूल्यांकन शुरू करने को लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, पर सूत्र बता रहे हैं कि बोर्ड इसकी तैयारियों में होली से पहले से ही जुटा हुआ है।

# नामकुम हिंसा के बाद चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** रांची जिला के नामकुम में शनिवार को दो गुटों में हुए हिंसक झड़प के बाद रविवार को भी इलाके में तनाव का माहौल रहा। एक पक्ष के लोगो ने हिंसा में मारे गए छात्र के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने अड्डाबाजी के अड्डों पर बुलडोजर चला दिया। होली के दिन रांची के नामकुम में हुए दो गुटों में हुए हिंसक सड़क के बाद एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। जिसमें सोनू नाम के युवक की मौत भी हो गई थी। सोनू की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार की दोपहर रांची-नामकुम सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर ही आगजनी कर वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोपितों की गिरफ्तारी, शराब ले अड्डों को ध्वस्त करने के साथ-साथ मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की मांग की। ग्रामीणों के साथ कर कई दलों के नेता भी सड़क को जाम करने में उनके साथ दे रहे थे। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया गया। डीएसपी अमर कुमार पांडे और कई थानों के थानेदार मौके पर मौजूद रहे। डीएसपी ने आम लोगों को काफी समझाया उन्हें बताया कि आरोपितों को गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है कई आरोपी गिरफ्तार भी कर लिए गए। डीएसपी ने भीड़ को यह भी जानकारी दी कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर जिन लोगों के द्वारा शराब के अड्डे चलाए जा रहे थे उन्हें भी ध्वस्त कर दिया गया है। स्थानीय विधायक ने भी ग्रामीणों के साथ वार्ता कर भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए प्रयास करने की बात कही। स्थानीय विधायक राजेश कच्छप ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण कर बनाए गए अड्डाबाजी के अड्डों को ध्वस्त किया गया है। सरकार की तरफ से बीडीओ के माध्यम से मृतक के परिजनों को दाह संस्कार के लिए राशि भी उपलब्ध करवाई गई। स्थानीय विधायक और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण सड़क से हटे जिसके बाद जाम खत्म हुआ।

# तीन बच्चों का गला घोंट पिता ने कर ली आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में एक हृदय विदारक घटना घटी है। जहां एक पिता ने अपने तीन बच्चों की हत्या करने के बाद खुद की भी जान दे दी। घटना पीरटांड प्रखंड के खुखरा थाना इलाके के महेशलिट्टी की है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद मौके पर पहुंचे हैं और छानबीन में जुट गए हैं। एसडीपीओ ने चार की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्रथम जांच में यह बात सामने आयी है कि पिता ने अपने तीन बच्चों का गला घोंटने के बाद अपनी जान दे दी है। मृतकों में महेशलिट्टी निवासी 36 वर्षीय सनाउल अंसारी, सनाउल की बेटियां आफरीन परवीन (12 वर्ष), सफाउल (6 वर्ष), जैबा नाज (8 वर्ष) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक सनाउल राजमिस्त्री का काम करता था और घर में ही दुकान भी चलाता था। शनिवार की रात उसने पहले अपने तीनों बच्चों की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद कमरे के अंदर ही आत्महत्या कर ली। चूंकि अभी रमजान का महीना चल रहा है। इस दौरान रोजेदार सुबह में सेहरी के लिए उठते हैं। रविवार की सुबह जब सनाउल अंसारी नहीं उठे तो लोग उन्हें जगाने गए। इस दौरान लोगों को घटना की जानकारी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजा रखने के कारण रात 10 बजे तक गांव में काफी चहल-पहल थी, उसके कुछ घंटे बाद ही यह घटना घटी। इधर पुलिस अधिकारी का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। देखा जा रहा है कि घटना के पीछे क्या कारण है। ऐसी क्या परिस्थितियां पैदा हुईं कि सनाउल अंसारी ने बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली?

## हर बिंदु पर है नजर : एसपी डॉ. बिमल कुमार

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के खुखरा थाना क्षेत्र के महेशलिट्टी गांव में एक घर में मिले तीन बच्चों और उनके पिता के शव के मामले की सुबह से ही जांच की जा रही है। दोपहर में जिले के एसपी डॉ. बिमल कुमार भी पहुंचे। एसपी उस कमरे में गए, जहां तीनों बच्चों के शव पड़े थे। उन्होंने काफी देर तक कमरे का अवलोकन किया। फिर उस स्थान पर गए, जहां सनाउल ने आत्महत्या की थी। दोनों स्थानों का अवलोकन करने के बाद एसपी ने मृतक के भाई के साथ-साथ अन्य परिजनों से भी बात की। फिर उन्होंने मौके पर मौजूद डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद से भी पूरी घटना को समझा। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि परिवार के मुखिया ने अपने बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी और आत्महत्या कर ली। हालांकि एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम वहां पहुंच रही है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# कराकाट विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी ज्योति सिंह

**कहा-मौका मिला तो पवन सिंह के लिए भी प्रचार करूंगी, जदयू जॉइन करने की चर्चा**


**रोहतास, एजेंसी।** बीते कुछ समय से इस बात की चर्चा जोरों पर है कि आखिर भोजपुरी सिंगर और अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह किस सीट से बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी. लगातार वो रोहतास के काराकाट में एक्टिव हैं और कई कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए जनता का भरोसा जीतने की कोशिश करती देखी गई हैं. इन सबके बीच ज्योति सिंह ने होली वाले दिन बड़ा ऐलान कर दिया है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का चुनाव किस सीट से लड़ेंगी.

### इस सीट से पवन सिंह की पत्नी लड़ेंगी चुनाव

पावर स्टार पवन सिंह की पत्नी ने ऐलान कर दिया है कि वह काराकाट लोकसभा क्षेत्र के किस सीट से चुनाव लड़ेंगी. उन्होंने लंबे समय बार सीट को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि काराकाट के किसी भी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगी. हालांकि किस सीट और पार्टी से चुनाव लड़ेंगी, यह साफ नहीं किया है. लेकिन इतना तय है कि ज्योति सिंह काराकाट लोकसभा सीट के छह विधानसभा सीटों में से किसी एक पर अपनी किस्मत आजमाएंगी.

### पवन सिंह भी लड़ सकते हैं विधानसभा चुनाव

बता दें कि परिसीमन के बाद बिक्रमगंज की जगह काराकाट लोकसभा क्षेत्र का गठन हुआ. रोहतास जिले का नोखा, डेहरी और काराकाट, वहीं औरंगाबाद जिले का गोह, ओबरा और नवीनगर विधानसभा सीट शामिल है. इनमें से किस सीट पर ज्योति ताल ठोकेंगी, यह तय नहीं है. इस बीच पवन सिंह ने ऐलान कर दिया है वह भी इस बार विधानसभा चुनाव 2025 में भी ताल ठोकेंगे और किस विधानसभा सीट से आएंगे उसका भी खुलासा जल्द ही करेंगे.



### हर हाल में दूंगी साथ

ज्योति सिंह ने कहा कि चुनाव कोई भी लड़ सकता है. पवन सिंह पहले ही लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं. मेरे लिए यह खुशी की बात होगी कि पवन सिंह और मै दोनों मिलकर चुनाव लड़े. लोकसभा चुनाव में मैंने घर-घर जाकर उनके लिए वोट मांगा था और आगे भी उनका साथ दूंगी. मेरे लिए बहुत खुशी की बात होगी कि हम दोनों मिलकर चुनाव लड़े. अगर पवन सिंह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे तो निश्चित तौर पर मैं उनका साथ दूंगी. उनके हर कदम से कदम मिलाकर चलूंगी. वह जहां भी रहें हमेशा खुश रहें.

### ज्योति सिंह हैं पवन सिंह की दूसरी पत्नी

पवन सिंह की दूसरी पत्नी ज्योति सिंह हैं. पवन सिंह की पहली पत्नी का नीलम सिंह था. पवन और नीलम की शादी साल 2014 में हुई थी, लेकिन शादी के महज एक साल बाद ही नीलम की आत्महत्या की खबर सामने आई. इसके बाद 2018 में पवन सिंह ने ज्योति सिंह से दूसरी शादी कर ली. पवन सिंह की ये शादी भी नहीं चल पायी. कुछ समय बाद की दोनों के बीच अनबन हो गई. विवाद बढ़ने पर ज्योति सिंह ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और पवन सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए. हालांकि आज उनके सुर बदले-बदले हैं.

### काराकाट और डेहरी में एक्टिव हैं ज्योति

बता दें कि भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह राजनीति में आने को तैयार हैं और वह काराकाट और डेहरी विधानसभा इलाके में लगातार देखी जा रही हैं. वहीं ज्योति सिंह कई कार्यक्रम से लेकर निजी समारोह में भी शामिल हो रही हैं. ऐसे में 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का वह मूड बना चुकी हैं, लेकिन यह अभी तय नहीं है कि वह किस विधानसभा सीट से आएंगी पर उन्होंने इतना जरूर कहा है कि अगर उन्हें किसी पार्टी से टिकट मिलता है तो वह जरूर विचार करेंगी.

### लोकसभा चुनाव हार गए थे पवन सिंह

भोजपुरी के सुपरस्टार पवन सिंह काराकाट लोकसभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं. चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. इसके बाद उन्होंने क्षेत्र में आना बंद कर दिया पर उनकी पत्नी ज्योति सिंह लगातार इलाके में आती रहती हैं. ज्योति लोगों से मिलती हैं. वहीं ज्योति सिंह को महिलाएं बेहद पसंद करती हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### माई एडमिशन लीड द्वारा होली मिलन




**दरभंगा, एजेंसी।** माई एडमिशन लीड द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस खास मौके पर दरभंगा और मधुबनी के 150 से अधिक शिक्षकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। माई एडमिशन लीड द्वारा इस पहल के तहत शिक्षकों के योगदान को सम्मानित किया जाता है। डायरेक्टर सजल कुमार यादव ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे दिन-रात मेहनत कर छात्रों का भविष्य संवारते हैं, लेकिन अक्सर खुद के लिए वक्त नहीं निकाल पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने इस कार्यक्रम की शुरुआत की, ताकि उन्हें सम्मान के साथ थोड़ा आनंद भी मिल सके।

### माउंट लिटरा जी स्कूल में होली उत्सव

**दरभंगा, एजेंसी।** वासूदेवपुर स्थित माउंट लिटरा जी स्कूल में होली उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूल परिसर को रंगों, फूलों और पोस्टर से सजाया गया। छात्रों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर आनंद लिया। प्रिंसिपल सुमित अरोड़ा ने छात्रों को होली के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि भाईचारे, प्रेम और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए होली का उत्सव मनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। मौके पर प्रबंधक रमेश रंजन उपस्थित थे।

### बीस प्रखंडों में मरम्मत दल अप्रैल तक बंद चापाकलों को चालू करने का करेंगे कार्य

**छपरा, एजेंसी।** गर्मी से पहले बंद सभी सरकारी चापाकलों से पानी टपकने लगेगा। डीएम अमन समीर व कार्यपालक अभियंता आलोक कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से चापाकल मरम्मत दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर गुरुवार को रवाना किया। डीएम ने कहा कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी गर्मी को लेकर चापाकलों की मरम्मत के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आगामी दो महीनों तक यह मरम्मत दल सम्बद्ध प्रखंड व पंचायतों में आवश्यकतानुसार चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त भी आवश्यक होने पर मोटरसाइकिल से अतिरिक्त मरम्मत दल को भी भेजने के लिए तैयारी की गई है।जिले के बीस प्रखंडों में भ्रमण शील यह दल बंद सभी सरकारी चापाकलों को चालू करने का काम करेंगे ताकि लोगों को गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़े। मालूम हो कि जिले में 32 हजार 492 अदद चापाकल है। इनमें आई एम चापाकलों की संख्या 13 हजार 323 अदद व सिंगूर,संधारण चापाकलों की संख्या 19 हजार 116 अदद है। बंद चापाकलों की सूची जिले के सभी बीडीओ, पंचायत सचिव, विधायक, विधान पार्षद व एससी टोले के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने का आग्रह किया जायेगा है। बंद सभी चापाकल को अप्रैल माह तक चालू करने का विभाग द्वारा लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य के लिए फिलहाल सभी प्रखंडों में 1-1 चापाकल मरम्मत दल को रवाना किया गया है। जरुरत पड़ने पर और दलों की संख्या बढाई जायेगी। प्राथमिकता के तौर पर पहले महादलित बस्ती, आंगनबाड़ी,स्कूल , अस्पताल, सार्वजनिक जगह पर खराब चापाकलों की मरम्मत करायी जायेगी। मालूम हो कि इसको लेकर आपके लोकप्रिय अखबार हिंदुस्तान में 25 फरवरी को दो हजार से अधिक चापाकल बंद,जेई की कमी से मरम्मत में बाधा शीर्षक से संबंधित खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। चापाकल की मरम्मत का कार्य पूर्व में अप्रैल में शुरू होता था पर हिन्दुस्तान के खबर के इसपर डीएम ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता आलोक कुमार को चापाकल मरम्मती का निर्देश दिया। इसपर विभाग की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए चापाकल मरम्मती दल का गठन कर मरम्मत दल वाहन को रवाना किया गया। मौके पर सहायक अभियंता निखिल कुमार, कनीय अभियंता मुकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

जिला नियंत्रण कक्ष में कॉल कर दर्ज करा सकते हैं शिकायत आम लोग बंद पड़े चापाकलों की मरम्मत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06152-244791 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने के बाद वहां के बंद चापाकलों को मरम्मत कराने की दिशा में पहल की जा सके। वहीं कनीय अभियंता के स्तर से सभी प्रखंडों में कंटोल रूम स्थापित किया गया है। जहां शिकायत के बाद पंजीकृत कर चापाकल मरम्मत कराने की दिशा में सार्थक कदम उठाया जा सके। फरवरी माह में भू-जल का औसत कार्यपालक अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि सारण जिला में कुल चापाकलों की संख्या 32492 है। इनमें 13323 चापाकल आईएम टू व थ्री श्रेणी के हैं जो 60-80 फीट भू-जल स्तर तक कार्य करते हैं। 19169 चापाकल सिगूर साधारण श्रेणी के हैं।जो 25 फीट भू-जल स्तर तक ठीक- ठाक काम करते हैं। फरवरी माह के अंत में जिला का औसत भू-जल स्तर 16 फीट दर्ज किया गया है। अधिकतम औसत भू-जल स्तर सोनपुर में 17 फीट व न्यूनतम औसत भू-जल स्तर तरैया प्रखंड का 11-03 दर्ज है।

## जमुई सदर अस्पताल में शराबी युवकों का उपद्रव

**डॉक्टरों से दुर्व्यवहार कर काउंटर का शीशा तोड़ा, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सदर अस्पताल में शनिवार की देर रात शराब के नशे में धुत युवकों ने जमकर उपद्रव मचाया। जहां आधा दर्जन से अधिक युवकों ने अस्पताल के काउंटर का शीशा तोड़ दिया और अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मनीष कुमार और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बदमाशों ने दुर्व्यवहार किया। इस घटना से अस्पताल में मौजूद मरीजों और कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद डॉक्टर मनीष कुमार ने डायल 112 और टाउन थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी फरार हो गए। सभी आरोपी हरला गांव के रहने वाले हैं और उनकी पहचान कर ली गई है। अस्पताल प्रबंधन एफआईआर दर्ज करा रहा है। घटना की पृष्ठभूमि में हरला गांव में हुई एक मारपीट है। इस मारपीट में घायल प्रदीप पासवान को पटना रेफर किया गया था। डॉक्टर मनीष ने 102 एंबुलेंस के लिए फोन किया था। एंबुलेंस के आने के बाद भी शराबी युवकों ने हंगामा किया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।




### जांच में जुटी पुलिस

टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में धुत युवकों ने की तोड़फोड़

डॉ मनीष कुमार ने बताया कि शराब के नशे में धुत सभी युवकों को उनके द्वारा समझाया गया था , लेकिन वे लोग कुछ भी मानने के लिए तैयार नहीं थे और बेवजह सरकारी संपत्ति का नुकसान किया गया और ड्यूटी पर उनके साथ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिसकी शिकायत सिविल सर्जन से भी की गई है और उक्त सभी शराबी युवकों की पहचान भी कर ली गई है।

## बिना हेलमेट स्कूटी चलाते राजद विधायक पर भी ऐक्शन | तेजप्रताप के ऑर्डर पर नाचने वाले पुलिसकर्मी पर गिरी गाज

**पटना, एजेंसी।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे और विधायक तेज प्रताप यादव को अब जुर्माना भरना पड़ सकता है। दरअसल होली के दिन राजद नेता तेज प्रताप यादव पटना की सड़कों पर बिना हेलमेट स्कूटी चलाते नजर आए थे। अब पुलिस ने इसपर ऐक्शन लेने का मूड बना लिया है। तेजस्वी यादव ने अपने आवास पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी को वर्दी में ठुमका लगाने के लिए कहा था। इस मामले में ठुमका लगाने वाले पुलिसवाले पर भी ऐक्शन हुआ है।

दरअसल 15 मार्च को तेज प्रताप के आवास पर होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मौजूद राजद विधायक तेज प्रताप यादव ने मंच से एक पुलिसवाले को ऑर्डर दिया कि ठुमके लगाओ, वरना सस्पेंड कर दिए जाओगे। इसके बाद तेज प्रताप यादव ने एक गीत गाया और पुलिसकर्मी ने ठुमका लगाया था। तेज प्रताप द्वारा पुलिसवाले को ऑर्डर दिए जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। अब एसएसपी अवकाश कुमार ने इस मामले में संज्ञान लिया है। एसएसपी ने गार्ड को पुलिस लाइन में उपस्थित होने के लिए कहा है। इधर होली के मौके पर ही तेज प्रताप यादव पटना के पॉश इलाके में बिना हेलमेट स्कूटी चलाते नजर आए थे। इस मामले में भी ऐक्शन हुआ है। पुलिस ने साफ किया है कि बना हेलमेट स्कूटी चला कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तेज प्रताप यादव के खिलाफ चालान जारी किया जाएगा। तेज प्रताप यादव स्कूटी चलाते हुए सीएम आवास तक पहुंचे थे और वहां उन्होंने कहा था, 'ए पलटू चाचा, हैप्पी होली।' इसका भी एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। तेज प्रताप यादव अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन होली के मौके पर एक पुलिस जवान को नाचने का ऑर्डर देकर तेज प्रताप यादव काफी चर्चा में हैं। तेज प्रताप यादव ने पुलिस वाले से कहा था कि ठुमका लगाओ, वरना सस्पेंड कर दिए जाओगे।





## बिहार शरीफ में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा द्वारा आज एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह साप्ताहिक शिविर बिहार शरीफ स्थित रेड क्रॉस परिसर में सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में आठ विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, जिनमें डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुमित राज (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ. उमेश कुमार सिंह और डॉ. अखिलेश कुमार (फिजिशियन), डॉ. प्रशांत कुमार (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. उदय देव रंजन (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) और डॉ. गौतम कुमार (होम्योपैथिक चिकित्सक) शामिल हैं। इस शिविर की विशेष बात यह है कि होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जो क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेगी। साथ ही, सभी आगंतुकों के लिए निशुल्क शुगर जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। नालंदा जिले के रेड क्रॉस सोसाइटी के एक सचिव ने बताया कि हमारा उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। यह साप्ताहिक शिविर लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवाने का अवसर प्रदान करता है। विशेष रूप से वे लोग जो आर्थिक कारणों से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाते, उनके लिए यह एक वरदान साबित हो रहा है। स्थानीय रेड क्रॉस अधिकारियों ने सभी नागरिकों से इस शिविर का लाभ उठाने और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने की अपील की है।

## बिहार में तीन दिनों में तीसरी बार पुलिस पर हमला, अररिया और मुंगेर के बाद इस जिले में एसआई सहित चार पुलिस वाले घायल

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार में लगातार पुलिस पर हमले का दौर जारी है. अररिया और मुंगेर के बाद अब भागलपुर में पुलिस टीम पर हमला हुआ है. अररिया और मुंगेर में एएसआई की मौत हुई है, तो वहीं शनिवार देर शाम भागलपुर में हुई घटना में सब इंस्पेक्टर सहित तीन सिपाही और एक चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

**क्यों हुआ पुलिस टीम पर हमला?:** दो पक्षों के बीच हुए विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला किया गया है. घटना जिले के कहलगांव अनुमंडल के अंतीचक थाना क्षेत्र की है. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अंतीचक के कसडी गांव में शाम 7 बजे बच्चों बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ. जिसके बाद विवाद बढ़ता चला गया, देखते ही देखते आपस में दोनों पक्ष भिड़ गए. जिसके बाद किसी ने पुलिस को सूचना दे दी.

**पुलिस की पेट्रोलिंग टीम हुआ जमकर हमला:** पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को जब घटना की जानकारी मिली तो विवाद को सुलझाने के लिए मौके पर पहुंची गई. दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया.

इसी दौरान एक पक्ष ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए हमला कर दिया. पहले बच्चों ने पुलिस पर पत्थर चलाया उसके बाद लोगों ने भी ईंट-पत्थर चलाना शुरु कर दिया. किसी तरह जान बचाकर भागने में पुलिस टीम सफल रही.



### एसआई सहित चार घायल

वहीं इस घटना एशआई सहित तीन सिपाही और एक चौकीदार घायल हुए हैं. पुलिस वाहन पर भी लोगों ने पत्थरबाजी किया है, जिससे वो क्षतिग्रस्त हो गया है.

घटना की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिलने के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को भेजी गई. जिसके बाद घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है.

### क्या कहती है पुलिस?

इधर घटना के बाद सभी पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए कहलगांव अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. मामले में अंतीचक थानेदार आशुतोष कुमार ने घटना स्थल पर मौजूद मजिस्ट्रेट संजीव चौधरी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया है. पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. अंतीचक थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि दो पक्षों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस टीम अंतीचक के कसडी गांव पहुंची हुई थी. जिसके बाद पुलिस टीम पर ही लोगों ने हमला बोल दिया है.

## प्रखंड कार्यालय में प्रमुख के पति करवा रहे थे अश्लील डांस

**पुलिस ने कहा- कार्रवाई की जाएगी**



**छपरा , एजेंसी।** होली अच्छे से खेलना, इसमें अश्लीलता का कोई स्थान नहीं, हुड़दंगबाजी नहीं करना, ऐसी बात कैमरे के सामने माननीय तो करते हैं. पर जब अपनी बारी आती है तो बोले हुए वाक्त को भूल जाते हैं. वो सब करते हैं जो नहीं करना चाहिए.

### सारण के प्रखंड कार्यालय में अश्लील डांस

दरअसल, सारण के छपरा से जो तस्वीर उभरकर सामने आयी वो शर्मसार करने वाली थी. क्योंकि होली मिलन समारोह के नाम पर अब अश्लीलता परोसी गई. आश्चर्य की बात है यह कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय में देखने को मिला. सारण जिले के गड़खा प्रखंड कार्यालय से वीडियो सामने आया.

### पहले बैठक फिर डांस

कहा जा रहा है कि इस कार्यक्रम के कुछ देर पहले सभी पदाधिकारियों की बैठक हुई थी. जिसमें सौहार्दपूर्ण और अश्लील मुक्त होली मनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारी ने बात की. परंतु बैठक के कुछ ही देर बीडीओ और अंचल ऑफिस के बाहर नर्तकियों द्वारा गीत संगीत कार्यक्रम चलाया गया. नर्तकियों को प्रखंड कार्यालय बुलाकर नृत्य कराया गया.

### कार्रवाई करने का निर्देश

इस कार्यक्रम और वीडियो की सूचना जब जिला प्रशासन को मिली तो प्रशासन एक्शन में नजर आया. प्रशासन ने कार्यक्रम के आयोजकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही सारण एसपी के निर्देश पर गरखा थाना में एक एफआईआर भी दर्ज किया गया है. इसकी पुष्टि सारण एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की है. मामले में उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई करने की बात बतायी है.

### प्रखंड प्रमुख के पति पर आरोप

बताया जा रहा है कि प्रखंड प्रमुख के पति हरेंद्र महतो नर्तकियों के साथ अश्लील हरकत करते नजर आये. यही नहीं डांसरों पर रुपये भी लुटाए गए. स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक मिलीभगत के कारण ही यह संभव हो पाया है. हालांकि एक्शन क्या होता है उसपर सबकी निगाह टिकी हुई है.

# पुलिस पर बालू माफिया का हमला

▸ जबरन छुड़ा ले गये ट्रैक्टर

▸ थानाध्यक्ष भी हुए चोटिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले में बालू माफिया का आतंक जारी है। माफिया पुलिस पर हमला करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला खैरा थाना इलाके से जुड़ा है। भौड़ गांव में बालू माफिया ने हरवे- हथियार से लैस होकर चरकापत्थर थाना की पुलिस वाहन पर हमला कर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर छुड़ा लिया। इस हमले में चरकापत्थर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद चोटिल हो गए।

घटना विगत 12 मार्च की है। बताया जाता है कि चरकापत्थर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद दलबल के साथ भगवाना गांव पहुंचे तो देखा कि लाल रंग की टेलर लगे एक ट्रैक्टर से अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है। ट्रैक्टर चालक की नजर पुलिस वाहन पर पड़ी तो वह ट्रैक्टर को भगाने लगा। पीछा करने के क्रम में एक खाली ट्रैक्टर बीच रास्ते में आकर पुलिस वाहन का रास्ता बाधित करने लगा।

कुछ देर बाद खाली ट्रैक्टर सारेबाद गांव के पास अंदर गली में घुस गया एवं अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अनियंत्रित तरीके से भागने के क्रम में खैरा थाना क्षेत्र के भौड़ गांव के पास पकड़ लिया गया।

इसी दौरान 20-25 अज्ञात लोग हरवे-हथियार से लैस होकर पहुंचे और जान मारने की नीयत से पुलिस गाड़ी पर हमला कर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जबरन छुड़ा लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष को चोट भी पहुंची। घटना की सूचना खैरा थाने की पुलिस को दी गई। बाद में खैरा थाने के गश्ती दल के पदाधिकारी चौकीदार के साथ मौके पर पहुंचे।

स्थानीय चौकीदार के माध्यम से घटना में शामिल लोगों की पहचान की, जिसमें भेड़ियातरी गांव निवासी दिनेश कुमार यादव, भौड़ निवासी अशोक यादव, मंटू यादव, सिंटू यादव, राहुल यादव, पंचु यादव, सुकुमार यादव, सकिंद्र यादव, संजय यादव, उपेंद्र यादव, बीरो रावत के अलावा बड़ीबाग निवासी मंटू यादव, बबलू यादव, झोपड़ यादव एवं जलजोगा निवासी महेश यादव का नाम शामिल है।

शेष 10-15 अज्ञात की पहचान में पुलिस जुटी है। घटना के बाबत चरकापत्थर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद के बयान पर खैरा थाने में केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## तेज आवाज में गाना बजाने पर डीजे जब्त

**मशरक।** सारण जिले में मशरक थाना पुलिस ने प्रशासन के निर्देश की अवहेलना कर होली में हुड़दंग मचाने, अश्लील गाना बजाने के आरोप में आधा दर्जन डीजे साउंड बाक्स को जब्त कर लिया।

थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डुमरसन बाजार में मंदिर के पास डीजे साउंड बाक्स पर तेज आवाज में अश्लील गीत बजाया जा रहा था और नंग धड़ंग हुड़दंग मचाया जा रहा था। इस दौरान आने जाने वालों को परेशान किया जा रहा था। पुलिस ने छापेमारी पर आधा दर्जन डीजे साउंड बाक्स को जब्त कर थाना लाई। इस मामले में संबंधित लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

इधर दूसरी ओर लुधियाना की एक साइकिल कंपनी में साथ काम करने वाले पांच दोस्तों के बीच मनमुटाव का मामला होली के दिन खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना नयागांव थाना क्षेत्र के शेख डुमरी गांव की है। पांचों दोस्त होली के अवसर पर शुक्रवार को चतुरपुर गाछी के पास पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

# देव में स्टेडियम निर्माण का टेंडर जारी होने से लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देव के अंबा रोड में पातालगंगा के पास सिंचाई विभाग कॉलोनी के पास खाली पड़ी सरकारी जमीन में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण को लेकर भवन निर्माण निगम पटना के द्वारा निविदा का प्रकाशन कर दिये जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण 27 करोड़ 46 लाख की लागत से कराया जाएगा। भवन निर्माण निगम के मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय से 10 मार्च को निकाली गई निविदा के अनुसार चार माह में निविदा की सभी प्रक्रिया को पूरी कर कार्य को शुरू करना है। निविदा में सफल रहे जिस संवेदक को कार्य कराने का जिम्मा सौंपा जाएगा, उसे समय सीमा के अंदर इस कार्य को पूरा कराने का लक्ष्य दिया जाएगा।

डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण



मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत कराया जा रहा है। यह कई आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। बेहतर ग्राउंड होगा। टेनिस कोर्ट बनेगा। पार्किंग की पर्याप्त एरिया होगी। डीएम ने बताया कि शौचालय के साथ-साथ वातानुकूलित प्रशासनिक और सहायक भवन होगा। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान स्पोर्ट्स कांप्लेक्स निर्माण स्थल को देखा था। इसी के बगल में पातालगंगा की जमीन में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण होने से देव के खिलाड़ियों के अलावा मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं से लेकर अन्य लोगों को खेल खेलने का एक बेहतर कांप्लेक्स (स्टेडियम) मिलेगा। युवाओं को खेल में उनके सपनों को नई उड़ान मिलेगी।

डीएम ने जानकारी दी कि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स जब बनकर तैयार होगा तो हाइमास्ट लाइट की रोशनी से रात्रि में इसका नजारा देखने लायक होगा। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण से यहां अंतर जिला और अंतरराज्यीय टूर्नामेंट का आयोजन होगा। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान दी गई स्वीकृति के बाद देव में सूर्यकुंड से स्टेट हाइवे-101 तक करीब एक किमी में फोरलेन प्रगति पथ और रिंग रोड निर्माण की भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जमीन की मापी कराई जा रही है। उसके बाद अधिग्रहण की कार्रवाई के बाद निविदा निकाली जाएगी।

उसके बाद कार्य को शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि रफीगंज में बाईपास के निर्माण की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है सभी का कार्यान्वयन समय से कराने को लेकर सरकार गंभीर है।

# 50 लाभुकों के बीच मधुमक्खी के 500 बक्से एवं टूलकिट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** आज ग्रामोद्योग विकास योजना के हनी मिशन के तहत मधुमक्खी पालन से संबंधित 500 मधुमक्खी के बक्से एवं टूलकिट का वितरण ग्राम- लाई के आसपास के 50 लाभुकों के बीच किया गया। प्रत्येक लाभुक को 10 मधुमक्खी पालन के बक्से एवं टूल किट प्रदान किए गए। ज्ञात हो कि वनाच्छादित प्रदेश होने के कारण उक्त भूभाग का चयन वहाँ मौजूद फ्लोरा एवं फौना को देखते हुए किया गया। वितरण कार्यक्रम से पहले खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य कार्यालय, रांची के प्रतिनिधि की उपस्थिति में कुशल प्रशिक्षक द्वारा 10 दिन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया ताकि उन्हें मधुमक्खी पालन से संबंधित परेशानियाँ न उठानी पड़े। इसके साथ ही साथ संबंधित लाभुकों को अगले एक वर्ष तक कुशल प्रशिक्षक की देखरेख में मधुमक्खी पालन के बक्से को माइग्रेशन करने हेतु हैंड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान की जाएगी।

मधुमक्खी पालन से संबंधित बक्से, मौनवश एवं टूलकिट का वितरण मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार सिंह, माननीय सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में की गई। उक्त वितरण कार्यक्रम मांगे राम, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची की निगरानी एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर राजीव कुमार, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार, कुणाल शाहदेव, ईओडीबी-प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, लातेहार, राजेश सिंह, मुखिया, गणेशपुर, लाई



ग्रामपंचायत, अंकिता देवी, मुखिया, चोरहा ग्रामपंचायत, लातेहार, मंजु देवी, सरपंच, ग्राम- लाई, लातेहार, सुनेश्वर सिंह, मुखिया, करनाई, लातेहार, देव कुमार एवं कौशल स्थानीय समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री की वोकल फॉर लोकल की सोच को चरितार्थ करने एवं कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत कारीगरों को पहले कुशल प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर मधुमक्खी पालन कार्यक्रम के तहत लाभुकों को मधुमक्खी पालन के बक्से, मौनवंश एवं टूल किट का वितरण किया गया जो जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की सकारात्मक सोच को दर्शाता है, जिन्होंने हाल ही में रांची में 26 फरवरी को अपने निरीक्षण भेंट के दौरान उक्त कार्यक्रम से संबंधित निर्देश दिया था।

इस कार्यक्रम को करने के लिए मनोज कुमार, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग की दूरदर्शी सोच एवं सुझाव समय-समय पर प्राप्त होती रही है जिसके कारण मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग के व्यक्तिगत मार्गदर्शन के तहत वितरण कार्यक्रम इस क्षेत्र के लाभुकों के बीच संपन्न की गई।

## मटन खरीदने को ले बड़े भाई की हत्या

**गया।** गया जिले के मगध मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र के दुबहल गांव में मटन खरीदने को लेकर विवाद हो गया। विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई उमाशंकर सिंह की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपित घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना पर मगध मेडिकल कॉलेज की पुलिस पहुंची, जहां से उमाशंकर सिंह को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक मगध मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र के दुबहल गांव का रहने वाला था। मटन की दुकान पर लोग मटन खरीदने के लिए जुटे थे, इसी दौरान शिव शंकर सिंह भी पहुंचा। पहले मटन देने की मांग करने लगा। इसी बात को लेकर दुकान पर विवाद हो गया। शिव शंकर सिंह कुछ लोगों से उलझ गया। वहां पर मौजूद उसके बड़े भाई उमाशंकर सिंह ने अपने छोटे भाई को समझाने की कोशिश की। इस दौरान छोटे भाई ने एक धारदार हथियार से बड़े भाई पर प्रहार कर दिया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

# आलू लदा ट्रक पलटने से व्यापारी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** बक्सर-चौसा मार्ग पर गुरुवार तड़के चार बजे सड़क हादसा हो गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाधूपुर नारा स्थित मोड़ पर तेज रफ्तार में जा रहा एक आलू लदा ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर की ट्राली पर सो रहा 24 वर्षीय युवक ट्राली के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से कूदकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्राली को सीधा कर आलू की बोरियां हटाकर युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक की पहचान भोजपुर जिले के गीधा थाना अंतर्गत बिरमपुर गांव निवासी दीनबंधु यादव के पुत्र लव कुमार के रूप में की। उसके बाद इस घटना की सूचना परिवार को दी गई और वही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि युवक लव कुमार आलू व्यवसाय से जुड़ा था और अपने गांव से आलू लादकर चौसा बाजार आ रहा था। इसी दौरान यह दुर्घटना हो गई। बता दें कि चौसा सब्जी मंडी में गुरुवार को हाट-बाजार लगता है। होली में बढ़ी खपत को देखते हुए व्यवसायियों ने आलू मंगवाया था।

तीखे मोड़ पर सुरक्षा संकेतक नहीं होने से होते हैं हादसेस्थानीय लोगों के अनुसार जिस मोड़ पर यह हादसा हुआ, वहां पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस मोड़ पर कोई संकेत चिह्न नहीं है। इससे घटना हो जाती है।

लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद युवक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस जांच में जुटी है।

# ट्रक के गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने पारू-देवरिया पथ में कोदरिया मांगो बालाजी लाइन होटल के पास एक शराब लदे ट्रक जब्त की है। इस यूपी नंबर की ट्रक में गुप्त तहखाना बनाकर उसके अंदर शराब के कार्टन छिपाए गए थे। इसमें यूपी निर्मित आफिसर च्वाइस टेट्रा पैक के 70 कार्टन शराब लोड थी।

शराब मिलने पर टीम ने ट्रक को जब्त कर लिया। मौके से चालक पहले ही फरार हो चूका था। उत्पाद सहायक आयुक्त विजय शेखर दुबे ने बताया कि उन्हें इलाके में भारी मात्रा में शराब मंगाए जाने की सूचना मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह और प्रकाश कुमार राम के नेतृत्व में विशेष धावा दल बनाई गई।

इसके बाद लाइन होटल के पास छापेमारी कर शराब लदी ट्रक को जब्त कर लिया। मौके से किसी भी धंधेबाजों की गिरफ्तारी नही हो सकी



है। टीम उक्त लाइन होटल के पास ही ट्रक खड़े करने में होटल की भूमिका पर भी जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि ट्रक मालिक, उसके चालक, खलासी व शराब धंधेबाजों को चिह्नित कर उसके विरुद्ध अभियोग दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इधर दूसरी ओर अहियापुर थाना क्षेत्र के शेखपुर ढाब इलाके में छापेमारी कर उत्पाद की टीम ने 208 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसकी पहचान इलाके के ही रूपेश कुमार के रूप में हुई है।

वहीं, पंखाटोली से 39 बोतल शराब के साथ संजय कुमार वर्मा को पकड़ा गया है। वह शराब की होम डिलीवरी करने जा रहा था।

सकरा के डगहा से 14 बोतल शराब के साथ डिलीवरी ब्वाय रोहित कुमार को पकड़ा गया है। कांटी थाना के फतेहपुर से 12 बोतल शराब के साथ नागेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि धंधेबाजों के विरूद्ध अभियोग दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मंत्री ने कार्यक्रम पदाधिकारी को लगायी फटकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकंगरसराय।** एकंगरसराय में आयोजित महिला सम्मान समारोह के दौरान चमहेड़ा गांव के जदयू नेता सप्पू महतो ने ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार से एकंगरसराय मनरेगा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की। जदयू नेता ने कहा कि उनके गांव की योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। मनरेगा योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिलता है, जो मोटी रकम देते हैं, जबकि जो रिश्वत नहीं देते, उनकी योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश चंद्र को तुरंत फोन लगाया और कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि आप किसकी शह पर उछल रहे हैं यह मुझे पता है कोई काम नहीं देगा, अपनी कार्यशैली में सुधार लाइए अन्यथा सरकार को सुधारना आता है।

उन्होंने निर्देश दिया कि मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता लाने और गरीबों को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मंत्री ने कार्यक्रम पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि चमहेड़ा गांव में मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं, दूसरी ओर बक्सर जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने निमार्णाधीन 720 शैय्या वाले अनुसूचित जाति आवासीय टेन प्लस टू बालक-बालिका उच्च विद्यालय महदह का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण निगम के अभियंता ने बताया कि अगस्त माह से पूर्व सभी कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने श्रमिकों की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए 31 जुलाई तक सभी कार्य को पूर्ण करने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने फर्नीचर आदि की आपूर्ति के लिए निर्देश दिए।

# जबरन रंग लगाने पर दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले के मानपुर प्रखंड अंतर्गत बुनियादगंज थाना क्षेत्र के जोड़ा मस्जिद मोहल्ले में संचालित एक दुकान में सामान खरीदने और जबरन रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।

विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। उसके बाद दोनों पक्ष एक दूसरे के विरोध में खड़े हो गए। धीरे-धीरे मामला बिगड़ गया। दोनों ओर से पथराव की सूचना है। पथराव में कोई जख्मी नहीं हुआ है।

फिलहाल मौके पर वजीरगंज, बुनियादगंज और मुफस्सिल थाना के पुलिस पदाधिकारी पहुंचे। दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया गया, लेकिन विवाद बढ़ता गया।

उसके बाद पुलिस प्रशासन के सख्ती बरतने के बाद मामला शांत हुआ। घटनास्थल पर दोनों पक्षों को बैठाया गया। फिलहाल मामला शांत है और नियंत्रण में होने का दावा पुलिस प्रशासन कर रही है।

प्राप्त सूचना से वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष बुनियादगंज थाना के द्वारा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक गया आनंद कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वजीरगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं बुनियादगंज थानाध्यक्ष को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वजीरगंज के द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया गया। दोनों पक्षों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक की गई।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह विवाद दो व्यक्तियों के बीच व्यक्तिगत मनमुटाव के कारण हुआ है। घटनास्थल से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है, फिर भी निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल तथा मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है।

बुनियादगंज थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि जबरन रंग लगाने को लेकर यह विवाद हुआ था। थाना अध्यक्ष ने पथराव होने की सूचना से इनकार किया है। फिलहाल मामला नियंत्रण में है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

इधर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर किसलय श्रीवास्तव ने बताया कि जिन दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है। वह दोनों आपस में दोस्त हैं, एक दोस्त ने दूसरे समाज के दोस्त को जबरन रंग लगाने को लेकर थप्पड़ मारा है।

# पति-पत्नी के बीच झगड़ा सुलझाने गयी पुलिस पर हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पुलिस पर हमला अब आम घटना की तरह हो गई है। अभी हर एक दिन यह घटना हो रही है। अब यह घटना नवादा में हुई है, जिसमें दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस घटना में ईंट-पत्थर भी चले, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच-पांच लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि रजौली थाना क्षेत्र के तुलसी बीघा गांव में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और झगड़ा सुलझाने की कोशिश करने लगी। इसी दौरान स्थानीय लोग भड़क गये और पुलिस पर हमला कर दिया। वहीं दूसरी घटना घटना कौआकोल थाना क्षेत्र के शेखादेवरा गांव की है, जहां दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और झगड़ा कर रहे लोगों को शांत करने की कोशिश करने लगी, लेकिन भीड़ ने अचानक पुलिस पर ही हमला कर दिया। इस हमले में एसआई समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गये।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार को गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसे प्रशासन ने सुलझा लिया था। लेकिन शनिवार की शाम फिर से झगड़ा हो गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पर्व में अशांति फैलाने के आरोप में सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

तनाव को देखते हुए नवादा के डीएम रवि प्रकाश और एसपी अभिनव धीमान को खुद कमान संभालनी पड़ी।

# पिकअप से बाइक सवार ससुर, दामाद सहित तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहा सीआरपीएफ कैम्प के पास पिकअप ने दो बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक गाड़ी लेकर भाग निकला।

हादसे में दोनों बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें ससुर, दामाद समेत तीन लोग शामिल हैं। सूचना मिलने के बाद अहियापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस के अनुसार मृतकों में ससुर और दामाद रामपुर हरि थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के रहने वाले थे। वहीं, दूसरे बाइक पर सवार युवक सिवाई पट्टी इलाके का रहने वाला था।

बताया गया कि सुधाकर सहनी अपने दामाद के साथ शहर से गांव जा रहे थे। तभी एक अनियंत्रित पिकअप ने ठोकर मारते हुए रौंद दिया। ठीक इनके पीछे सुबोध कुमार बाइक से अपने गांव जा रहा था। वह भी हादसे का शिकार हो गया।

तीनों लोगों की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा बताया जा रहा कि चालक नशे में धुत था। पुलिस का कहना है कि बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, दूसरी ओर सीतामढ़ी में बस की ठोकर से जख्मी व्यक्ति की पटना में इलाज के क्रम में शुक्रवार को मौत

## गुस्साये लोगों ने किया सड़क जाम

हो गई। डुमरा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी मृतक विंदे दास का पुत्र सुदेश दास था।

मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर सड़क को बाजितपुर के पास बांस-बल्ला लगाकर घंटों जाम कर दिया। जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। सूचना पर डुमरा थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे।

आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर आवागमन को चालू कराया। डुमरा थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया स्वजन द्वारा आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार, बाजितपुर गांव के समीप 1 मार्च की अहले सुबह बस और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई थी, जिसमें बाइक सवार व्यक्ति सुदेश दास गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। चालक बस छोड़कर भाग निकला था।

जख्मी व्यक्ति को आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच रेफर कर दिया था। लेकिन स्वजन मुजफ्फरपुर ले जाने के बजाय उसे पटना ले गए थे। जहां उसका इलाज चल रहा था।

## नाबालिग से दुष्कर्म, रोष

**बांका।** बिहार के बांका जिले में राजौन थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय छात्रा को अगवा कर बालू तस्कर सहित दो ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया है।

पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। घटना के बाद दो पक्षों के बीच गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल जांच के बाद रविवार को केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घटना रात की है। पुलिस की शिथिलता का आलम यह है कि घटना के चार दिन बाद भी आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। केवल एफएसएल टीम से जांच कराकर सो गई है। इससे लोगों का आक्रोश पुलिस के प्रति भी है। इस बाबत छात्रा के पिता ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर कहा कि गांव में बुधवार की रात शादी को लेकर बरात निकल रही थी।

इस दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी थी। तभी भीड़ का फायदा उठाकर बालू तस्कर नीतीश यादव एवं एक अन्य लड़के उसकी पुत्री को उठाकर गांव के ही कब्रिस्तान के पास लेकर चले गए। इसके बाद दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# होली के दिन अपराधियों ने मचाया तांडव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** होली के दिन बिहार के आरा में बेखौफ अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हथियारबंद बदमाशों ने पांच लोगों को गोली मारी, जिसमें से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह घटनाएं नगर थाना क्षेत्र के बिंदटोली मुहल्ला और नवादा थाना इलाके के केजी रोड मुहल्ले में घटित हुई। बिंदटोली मुहल्ले में देर रात शराब बेचने के विरोध को लेकर पूर्व में चली आ रही दुश्मनी के चलते बदमाशों ने चार युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में 18 वर्षीय सिकंदर बिंद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसके तीन साथी (21 वर्षीय शुभम कुमार, 17 वर्षीय हर्षित कुमार और 20 वर्षीय रौनक कुमार) भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत आरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल शुभम यादव और मृतक के परिजनों ने बताया कि वे हमेशा मुहल्ले में शराब बेचने का विरोध करते थे, जिससे नाराज होकर तीन नामजद बदमाशों ने उन पर गोली चलाई। इस मामले की सूचना मिलते ही एएसपी आरा सदर, परिचय कुमार, स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन शुरू कर दी। एएसपी ने बताया कि यह घटना पूर्व की दुश्मनी का परिणाम है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।

वहीं, दूसरी घटना नवादा थाना क्षेत्र में हुई, जहां आपस में बातचीत के दौरान दो भाइयों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक नशे में धुत शख्स ने अचानक अपनी पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी, जिससे 18 वर्षीय सत्यम कुमार घायल हो गया। उसे परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# बेगमपुल से यात्रियों को नमो भारत और मेट्रो की सुविधा मिलेगी

## मेरठ के सबसे बड़े अंडरग्राउंड स्टेशन बेगम पुल पर बिछा ट्रैक, फिनिशिंग अंतिम चरण में

**गाजियाबाद, एजेंसी।** मेरठ के बड़े व्यापारिक केंद्र बेगम पुल में शहर का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड नमो भारत स्टेशन बनाया जा रहा है। इस स्टेशन पर दोनों लाइन (अप और डाउन) के लिए ट्रैक बिछाया जा चुका है, वहीं फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में तीव्र गति से जारी है। इसके साथ ही फ्लोरिंग और मार्बल बिछाने समेत अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। नेशनल केपीटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि बेगम पुल मेरठ में एकमात्र अंडरग्राउंड स्टेशन है, जहां से नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। इस स्टेशन पर दो ट्रैक बनाए गए हैं, जहां पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम की मदद से दोनों ट्रेन गुजरेंगी। ऐसा देश में पहली बार होगा कि सेमी-हाई स्पीड नमो भारत और मेट्रो एक ही ट्रैक पर दौड़ती नजर आएंगी। स्टेशन पर तकनीकी कमरे भी बनकर तैयार हो गए हैं। फर्श बिछाने व अन्य फिनिशिंग कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। वातानुकूलन के लिए एसी डक्ट्स भी लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स (पीएसडी) लगाने का कार्य भी तेज गति से हो रहा है। स्टेशन में सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए व आसपास सीसीटीवी कैमरे भी जल्दी लगाए जाएंगे। बेगमपुल स्टेशन की लंबाई लगभग 246 मीटर और चौड़ाई करीब 24.5 मीटर है। स्टेशन की गहराई करीब 22 मीटर है। इतनी गहराई के बावजूद यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा गया है और प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वार पर एक लेवल से दूसरे लेवल पर आने-जाने को अलग-अलग जगहों पर कुल 20 एस्केलेटर्स का प्रावधान है, जिनमें से 13 लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस स्टेशन में चार लेवल हैं। ग्राउंड के अलावा, मेजनाइन, कॉनकोर्स और प्लैटफ़ार्म लेवल। कॉनकोर्स लेवेल पर यात्री संबंधी सुविधाएं होंगी, जहां यात्री सुरक्षा जांच के बाद एएफसी गेट से अंदर जा सकेंगे। प्लेटफार्म लेवल आइलैंड टाइप का है, जहां दोनों दिशा में जाने के लिए ट्रेन मिलेगी। स्टेशन पर सीढ़ियों के साथ-साथ सात लिफ्ट का निर्माण भी किया जाएगा, जिनमें से तीन लगभग लग चुकी हैं। एनसीआरटीसी ने मेडिकल संबंधी सहायता के लिए भी स्टेशनों को तैयार किया है। प्रत्येक स्टेशन पर ऐसी लिफ्ट बनाई गई हैं, जिनका आकार बड़ा है, ताकि मेडिकल सबंधी सहायता के लिए जरूरत पड़ने पर इसमें स्ट्रेचर आदि भी ले जाई जा सके। साथ ही ट्रेन में भी स्ट्रेचर ले जाने की सुविधा है। बेगम पुल पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपनी जरूरत का सामान खरीदने के लिए आते हैं। ये स्टेशन बाजार के बीचों-बीच स्थित है और ट्रेन का संचालन शुरू होने से लोगों के लिए काफी सुविधाजनक हो जाएगा। लोग बेगम पुल स्टेशन से ना सिर्फ मेट्रो से मेरठ शहर के अंदर बल्कि नमो भारत ट्रेन से गाज़ियाबाद या दिल्ली तक की यात्रा भी कर पाएंगे। बेगमपुल मेरठ का इकलौता ऐसा अंडरग्राउंड स्टेशन है, जिसमें चार प्रवेश-निकास द्वार हैं, ताकि यात्री स्टेशन के चारों ओर से आसानी से स्टेशन में आ जा सकें। पहले प्रवेश व निकास द्वार का निर्माण अबू लेन की तरफ से आने-जाने वालों को ध्यान में रखकर किया गया है। दूसरा प्रवेश व निकास द्वार सोतीगंज की तरफ से पहुंचने वाले लोगों के लिए बना है। तीसरा प्रवेश व निकास द्वार नेशनल इंटर कॉलेज की ओर है, जबकि आखिरी व चौथा प्रवेश व निकास द्वार मेरठ कैंट के क्षेत्र की ओर बनाया गया है। यात्री स्टेशन के चारों ओर बनाए जा रहे चार प्रवेश व निकास द्वारों से स्टेशन में आ जा सकेंगे।



## संक्षिप्त समाचार



### भाजपा पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद के. लक्ष्मण पहुंचे वाराणसी

**वाराणसी, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पार्टी के पार्लियामेंट बोर्ड कमेटी के मेंबर सांसद डॉ के लक्ष्मण रविवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद ने एयरपोर्ट पर कुछ देर बातचीत की। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों के साथ शहर के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में संजय पटेल, सोमनाथ मौर्य, शिव यादव, राम अनुग्रह सिंह, राहुल सिंह, भाजपा प्रोटोकॉल प्रभारी शैलेश पाण्डेय व अन्य शामिल रहे।

### मायावती ने आगरा में अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बता हटाने के मामले में सरकार को घेरा




**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहाकि उम्मीद है कि इस मामले में सरकार जरूर सकारात्मक कदम उठाएगी। मायावती ने इस मामले में एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक के पास दशकों से समाज हित व जनकल्याण आदि गतिविधियों से जुड़े अम्बेडकर भवन' को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का यह भी कहना है कि क्या यही है सरकार का अम्बेडकर प्रेम? ऐसे में केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि आगरा के साथ-साथ ऐसी और भी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर-विरोधी कार्रवाईयों का तत्काल संज्ञान ले और जरूर उचित कार्रवाई भी करें। उम्मीद है कि सरकार जरूर सकारात्मक कदम उठाएगी।

### विवाहिता ने फंदे से लटक कर दी जान

**शाहगंज।** बडौना गांव निवासी विवाहिता ने बृहस्पतिवार को मकान में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया। मृतका डेढ़ माह की गर्भवती थी। परिजनों ने अस्पताल में छह घंटे तक शव को रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने सास, ससुर और पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

खेतासराय थाना क्षेत्र के हसनपुर पटरियां गांव निवासी सभाराज की बेटी ज्योति का विवाह बडौना गांव निवासी बनवारी के बेटे रोहित से 19 मई 2019 में हुआ था। कुछ समय पति-पत्नी का जीवन खुशमय व्यतीत हुआ। दोनों से दो बेटियां भी हैं। बड़ी बेटी चार वर्षीय अदीक्षा व दो वर्षीय बेटी वासू है। विवाहिता डेढ़ माह की गर्भवती थी। बृहस्पतिवार को दोपहर में करीब 12~15 सास-ससुर बाहर पड़ोसियों से बातचीत कर रहे थे वहीं पति मुहल्ले में दोस्तों के यहां होली पार्टी में गया था। इसी दौरान विवाहिता ने घर में पंखे में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने महिला को फंदे से उतारकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया। पांच घंटे तक मायके पक्ष के लोगों ने शव अस्पताल में रोके रखा।

# हटिया के ऐतिहासिक पार्क में 14 लाख से बना पक्षी संरक्षण गृह, छह प्रजाति के 80 पक्षियों से माहौल हुआ खुशनुमा



**कानपुर, एजेंसी।** प्राकृतिक सौंदर्यता को बढ़ाने में पक्षियों का बड़ा ही योगदान रहा हैं। सुबह की शुरुआत पक्षियों के चहचहाने से ही होती हैं लेकिन आजकल की भागदौड़ वाली ज़िन्दगी में हम इससे मेहरूम होते चले जा रहे हैं। यह बातें रविवार को कानपुर के हटिया के ऐतिहासिक पार्क में बने पक्षी संरक्षण गृह के संरक्षक विनय सिंह ने कही। विनय ने बताया कि ऐतिहासिक रज्जन बाबू पार्क में 720 स्क्वायर फीट में पक्षी सरंक्षण गृह तैयार कराया है। आज के समय में पक्षी गुम होते जा रहे है, घर के आसपास सुबह के समय चिड़ियों की चहचहाट सुनाई नहीं देती थी। जिस पर उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्यता को बढ़ाने के लिए वर्ष 2023 में विधायक निधि से 14 लाख की लागत में पक्षी संरक्षण गृह तैयार कराया। उन्होंने बताया कि प्रकृति की सुंदरता से युवाओं को जोड़े रखने व बुजुर्गों के दिलों में पुराने दिनों की यादें ताजा रखने के लिए ऐतिहासिक पार्क में पक्षी संरक्षण गृह तैयार किया है। इस पक्षी संरक्षण गृह में आस्ट्रेलियन समेत करीब 6 प्रजाति के 80 पक्षी मौजूद है, जिनकी मधुर ध्वनि आसपास के लोगों की सुबह खुशनुमा बनाने का काम कर रही है। संरक्षण गृह में पाइन एप्पल, लवबर्ड, बजरी, डायमंड डक, कॉकाटिल जैसी प्रजाति के कुछ पक्षियों के जोड़े लाए गए। आज पक्षी संरक्षण गृह में 80 पक्षी है, जिनकी चहचहाट से पार्क में लोग सुकून के पलों एहसास लेते है।

### सूरजमुखी बीज , काकून, चना, मौसमी फल व चना खाते हैं पक्षी

विनय सिंह ने बताया कि इन पक्षियों को सूरजमुखी के बीज, काकून, चने, मौसमी फल व मकाई दिया जाता है। जिनमें सालाना एक लाख रुपए का खर्च आता है। विनय पक्षी के रखरखाव व खाने का खर्च खुद व्यय करते है।पक्षियों के प्रजनन के लिए गृह में अलग से लकड़ी के घर भी तैयार किए गए हैं, जिनमें वह अपने बच्चों को आसानी से रखते हैं। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने व पक्षी संरक्षण गृह को हरा भरा रखने के लिए गृह में मनोकामनी व सीजनल फूलों के पौधे भी लगाने की तैयारी की जा रही है।



### पत्नी के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट, अवैध संबंधों को लेकर की गई हत्या

**जालौन, एजेंसी।** जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना सुरावली गांव की है। मृतक की पहचान संदीप (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, संदीप का पवन की पत्नी माधुरी से पिछले चार वर्षों से अवैध संबंध था। शनिवार देर शाम माधुरी ने संदीप को अपने घर बुलाया। पवन ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से में पवन ने संदीप पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पवन का भाई राम जी भी वहां आ गया और उसने भी संदीप पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे उरई रेफर कर दिया। उरई पहुंचने पर संदीप की मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध संबंधों के कारण हत्या हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश में हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जलशक्ति मंत्री ने भेंट की कॉफी टेबल बुक



**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को गोरखपुर दौरे पर पहुंचे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने मुख्यमंत्री को कॉफी टेबल बुक भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद जलशक्ति मंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरक्षनाथ के दर्शन किए। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ओर से गण्डक जलाशय क्षेत्र में किए गए बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर आधारित कॉफी टेबल बुक आज मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप दी गई है। उन्होंने बताया कि नेपाल स्थित नवल परासी जिले में गंडक नदी के तट पर स्थित बी-गैप तटबंध, स्पर नंबर 13 का निरीक्षण किया गया है। गंडक नदी से जुड़े बाढ़ के विषयों पर अधिकारियों से गंभीरता से चर्चा की गयी है। इसके साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर स्थित वाल्मीकि बैराज का स्थलीय निरीक्षण भी किया है।

# यूपी डीजीपी ने किए रामलला के दर्शन, रामनवमी मेले की तैयारियों को भी परखा



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी डीजीपी ने रविवार को सुबह रामलला के दर्शन किए और रामनवमी मेले की तैयारियों को परखा। मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। डीजीपी प्रशांत कुमार रविवार को अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर निर्माण के कार्यों को भी देखा। रामनवमी मेले की तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से ली। श्रद्धालुओं के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी उन्हें दी गई। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की प्रगति जानी। रामनवमी मेला से पहले सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण के प्लान की जानकारी भी उन्होंने ली। रामनवमी मेले में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। राम जन्मोत्सव पर अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। रामनवमी मेले को लेकर व्यापक स्तर पर की तैयारी की जा रही है। इस दौरान एसएसपी राजकरण नय्यर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एक अप्रैल से शुरू होगी नालों की सफाई, नए नाले भी बनेंगे

## जलभराव से निजात दिलाने के लिए 21 को टेंडर



**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर नगर निगम सीसामऊ, सीओडी, रफाका आदि बड़े नालों की सफाई एक अप्रैल से शुरू कराएगा। 29 मार्च को ठेकेदारी से टेंडर मांगे गए हैं। बरसात में जलभराव रोकने के उद्देश्य से इन नालों की सफाई भी अगले महीने शुरू कराने और मई के अंत तक पूरा कराने की योजना बनाई गई है। 14 करोड़ से 23 नालों के निर्माण, मरम्मत के लिए टेंडर तीन अप्रैल को पड़ेंगे।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जल्द नालों की सफाई शुरू कराने और दो महीने में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के मुख्य अभियंता एसएफए जैदी ने 276 नालों की सफाई के लिए एक हफ्ते के भीतर जांच कराकर चयनित ठेकेदारों कार्य सौंप दिया जाएगा।कई मोहल्लों में हो गया था जलभराव

पिछले साल सीओडी नाला उफनाने से राजीव विहार, मछरिया तक पानी भर गया था। रफाका व सीसामऊ नाला उफनाने से साकेतनगर नाला, कल्याणपुर - सिंहपुर नाला, मकड़ीखेड़ा नाला, रविदासपुरम सहित कई मोहल्लों में जलभराव हो गया था।

**तीन अप्रैल को आमंत्रित किए गए हैं टेंडर:** मुख्य अभियंता ने बताया कि क्षतिग्रस्त नालों की मरम्मत भी कराई जाएगी। 14 करोड़ रुपये से 23 नाले बनवाए जाएंगे। इसके लिए तीन अप्रैल को टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। अगले महीने निर्माण भी शुरू करा दिया जाएगा। नालों का निर्माण होने से 35 मुहल्लों के करीब पांच लाख लोगों को जलभराव से निजात मिलेगी।

**ये नाले होंगे साफ:** साकेतनगर नाला, उस्मानपुर नाला, किदवईनगर में सोटे बाबा चौराहे से आरबीआई कालोनी नाला, बारादेवी नाला, गोविंदनगर में चावला चौराहा से सीटीआई, लक्ष्मीपुरवा में सुलभ शौचालय से खलवा नाला, तलवा मंडी से हमराज कांप्लेक्स, चंद्रिका देवी मंदिर चौराहे से जीटी रोड में अनवरगंज स्टेशन मोड़ के पास तक, महफिल रेस्टोरेंट से भगवतदास घाट,दलेलपुरवा चौराहा से रूपम चौराहा होते हुए हलीम कॉलेज तक, राखी मंडी से जूही डिपो चौराहा तक, बाकरगंज से किदवईनगर में सीओडी नाले तक, किदवईनगर थाना चौराहा से पंजवानी मोटर्स तक, साकेतनगर पार्क से सचान गेस्ट हाउस के पास तक, परमट पेट्रोल पंप से जलकल पंपिंग स्टेशन के पास, चुन्नीगंज से लाल इमली चौराहा से गर्ग हाता तक, रानीघाट ढाल से बारी घाट तक, रिवर साइड पावर हाउस वीआईपी रोड से सीसामऊ नाले, गुजैनी नाला आदि।

### एसपी ने किया आधा दर्जन से अधिक सीओ व आधा दर्जन थाना प्रभारी के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**बाराबंकी, एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बीती देर रात आधा दर्जन से अधिक सर्किल ऑफिसरो व आधा दर्जन थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिसमें रामनगर सर्किल का क्षेत्राधिकारी नवागत सीओ गरिमा पंत को बनाया है। वही रामनगर क्षेत्राधिकारी रहे सौरभ श्रीवास्तव को सदर का क्षेत्राधिकारी बनाया है। सुमित त्रिपाठी को नगर तो जगत राम कनौजिया फतेहपुर पूर्ववत रहेंगे। वही हैदरगढ़ के क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक को क्षेत्राधिकारी यातायात बनाया है तो रामसनेहीघाट के क्षेत्राधिकारी समीर सिंह को हैदरगढ़ सर्किल का चार्ज मिला है। जटाशंकर मिश्रा क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट बने रहेंगे हर्षित चौहान को क्षेत्राधिकारी नगर से उत्तराधिकारी कार्यालय तथा भवन बनाया गया है। वही थानेदारों में रामनगर के थाना प्रभारी अजय कुमार तिवारी को देवा तो देवा के थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे को रामनगर, थाना कोतवाली जैदपुर से अमित सिंह को शहर कोतवाल,तो शहर कोतवाल रहे आलोक मणि त्रिपाठी को असंद्रा कोतवाली की जिम्मेदारी मिली है। कोठी प्रभारी सन्तोष सिंह को जैदपुर तो असंद्रा थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को कोठी, प्रभारी बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री से 2023 बैच के बिहार कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की मुलाकात




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में 2023 बैच के बिहार कैडर के 10 प्रशिक्षु आई०ए०एस० अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान गरिमा लोहिया, तुषार कुमार, अनिरूद्ध पाण्डेय, कृतिका मिश्रा, आकांक्षा आनंद, प्रद्युम्न सिंह यादव, अंजली शर्मा, रोहित कर्दम, शिप्रा विजय कुमार चौधरी एवं नेहा कुमारी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 10 प्रशिक्षु आई०ए०एस० अधिकारियों में 06 महिलायें और 04 पुरूष हैं। इनमें 05 बिहार के, 04 उत्तर प्रदेश और 01 राजस्थान के रहनेवाले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आई०ए०एस० अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप 10 प्रशिक्षु आई०ए०एस० अधिकारियों में 06 महिलायें हैं, यह बहुत खुशी की बात है। महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं इससे मुझे काफी प्रसन्नता होती है। हमलोगों ने पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। ऐसा करनेवाला बिहार देश में पहला राज्य बना। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलने से बड़ी संख्या में महिलाएं समाज में प्रतिनिधित्व करने आगे आ रही हैं। पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। बिहार में जितनी महिलाओं की संख्या पुलिस में है, उतनी देश में कहीं नहीं हैं। राज्य के सभी सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० बी० राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह उपस्थित थे।

## थानों में हो उर्दू अनुवादकों की पोस्टिंग: अजमल

**फुलवारीशरीफ (नबिटा सं.)।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत (रजिस्टर्ड), बिहार के संयोजक नशूर अजमल नूशी ने बिहार के सभी थानों के लिए सृजित 1064 पदों को सरेंडर करने के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (उर्दू निदेशालय) के फैसले की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि थानों में उर्दू अनुवादकों की सख्त जरूरत है और बिहार सरकार का यह फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन पदों को सरेंडर कर इनके लिए चयनित उम्मीदवारों को दूसरी जगह भेजा जाए। श्री अजमल ने कहा कि उर्दू तबके के लोग थानों में अपना आवेदन उर्दू में देना चाहते हैं लेकिन उर्दू अनुवादकों का पद सरेंडर कर बिहार सरकार ऐसे लोगों को उर्दू के इस्तेमाल से वंचित कर रही है। श्री अजमल ने कहा कि उर्दू बिहार की दूसरी राजभाषा है, लेकिन पिछले कई वर्षों से उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है।

## होली में मुख्यमंत्री गए मंत्रियों और अधिकारियों के घर

### पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास पर भी पहुंचे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने होली के दिन कई मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सबसे पहले अपने कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर गए जहां उन्होंने उनके परिवार को होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वे प्रधान सचिव दीपक कुमार के घर पहुंचे और उनके परिवार के साथ भी त्योहार की शुभकामनाएं साझा की। नीतीश कुमार पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास पर भी पहुंचे। उन्होंने उनका हालचाल जाना और उन्हें होली की बधाई दी। इसके बाद वे वरिष्ठ मंत्री विजेंद्र यादव के घर गए और वहां कुछ समय बिताया। मुख्यमंत्री का अगला पड़ाव मंत्री विजय चौधरी का आवास रहा जहां उन्होंने चौधरी और उनके परिवार के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। पूरे दिन मुख्यमंत्री पटना में विभिन्न मंत्रियों और अधिकारियों के घरों पर जाते रहे और लोगों से मुलाकात करते रहे। मुख्यमंत्री का यह दौरा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि उन्होंने अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से मिलकर सौहार्द का संदेश दिया।

## तेजप्रताप यादव के आदेश पर डांस करने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

### बिना हेलमेट तेज प्रताप जो स्कूटी चला रहे थे उसका चालान भी कटा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े लाल और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव होली के दिन विवादों में घिर गए। पहले उन्होंने अपने सरकारी बॉडीगार्ड से जबरन डांस करवाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बवाल मच गया। इसके बाद तेज प्रताप यादव पटना की सड़कों पर बिना हेलमेट के बाइक चलाते भी देखे गए। अपने सरकारी आवास पर कार्यकर्ताओं संग होली खेलने के बाद तेजप्रताप स्कूटी लेकर सीधे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। वहां 'पलटू चाचा हैप्पी होली' कहकर पुकारते हुए उन्होंने सबका ध्यान खींचा। इन मामलों को पटना पुलिस ने बेहद ही गंभीरता से लिया है। इस पर संज्ञान लेते हुए पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने वर्दी में डांस करने वाले पुलिसकर्मी को तेज प्रताप यादव की सुरक्षा से हटा दिया है। उक्त बॉडीगार्ड दीपक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। बॉडीगार्ड दीपक कुमार की जगह दूसरे सिपाही को तेज प्रताप यादव की सुरक्षा में लगाया गया है। वहीं पटना एसएसपी ने ट्रैफिक एसपी को तेज प्रताप यादव के हेलमेट के बिना बाइक चलाने को लेकर चालान जारी करने का निर्देश दिया है। इसके बाद नियमों का उल्लंघन करने और यातायात कानून तोड़ने को लेकर ट्रैफिक विभाग ने कार्रवाई करते हुए तेज प्रताप यादव के स्कूटी का चालान काटा है। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से तेज प्रताप यादव चल रहे थे उसका इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी फेल था। इसलिए उसके ऊपर 4000 का चालान काटा गया है। इसमें 1000 बिना हेलमेट के स्कूटी चलाने, 1000 पाल्यूशन और 2000 इंश्योरेंस फेल होने के हैं। इसके बाद तेजप्रताप यादव ने प्रतिक्रिया व्यकत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बुरा न मानो होली है। आपसी भाईचारे के इस पर्व को भी भाजपा और आरएसएस के साथ ही इनकी ये गोदी मीडिया ने होली में आज नफरत का एक नया रंग दे दिया है। पुलिस वाले भाई हो या कोई विरोधी दल के नेता सबसे भाईचारे और उत्साह के साथ बुरा न मानो होली पर्व मनाने पर भी सियासत करना यही इनका धर्म बन चुका है।

## मसौढ़ी में होली को लेकर मटकाफोड़ की रही धूम


**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** होली के बसियौरा बुढ़वा होली मनाने की पुरानी परंपरा है, हर मोहल्ले में मटकी फोड़ने की भी पुरानी परंपरा रही है। मसौढ़ी में कुम्हरटोली, रहमतगंज, मलिकाना, सतीस्थान, सरवां बरनी, चपौर गांव समेत कई जगहों पर बैंड बाजे रंगारंग मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पानी की बौछार, ढोल, झाल, नगाड़ा में डीजे के धुन के बीच उत्साही युवकों ने ऊंचे-ऊंचे स्थान पर मटके को फोड़ने का करतब दिखाते रहे। मसौढ़ी में तकरीबन 34 जगहों पर पूरे शहर में मटकी फोड़ने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया जिसमें परंपरागत होली फाग एवं जोगीरा गीत गानों के बीच मटका फोड़ कार्यक्रम किया गया। यही नजारा पुनपुन और धनरूआ में भी देखने को मिला जहां युवाओं की टोली मटका फोड़ प्रतियोगिता में लगे रहे। इस दौरान जगह-जगह पर पुलिस की चप्पे चप्पे पर निगरानी रही।

## पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन के आवास पर धूमधाम से मनी होली

### होली गीत, चैता गीत के साथ स्चरूचि भोजन का लोगों ने उठाया लुत्फ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी पूर्व विधान पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रणबीर नंदन के आवास 'नंदन विला' में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने होली गीत, चैता गीत के साथ सुरूचि भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर प्रो. रणबीर नंदन ने स्वयं ढोलक बजाकर होली गीत का आनंद लिया। मौके पर प्रो. नंदन ने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी मेल-जोल व सामजिक सदभाव, समरसता का संदेश देता है और खुशियां साझा करने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उनके आवास पर वर्षो से चलते आ रहा है। इस तरह का आयोजन उनके पिताजी स्वर्गीय श्यामनंदन प्रसाद करते थे। हम उसी परंपरा को जारी रख रहे हैं। इस मौके पर इंडियन ऑयल कारपोरेशन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक विभाष कुमार, पटना



विवि भूगर्भ शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. भावुक शर्मा, डॉ ज्योति प्रसाद, अंजनी सुधाकर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह, बिहार अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य कुलवंत सिंह सलूजा, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मधेश्वर शर्मा, अमर सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा की नेत्री रूचि श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी सिन्हा, युवा जदयू के पूर्व अध्यक्ष अंकित तिवारी, छात्र जदयू के पूर्व अध्यक्ष शादाव आलम, युवा जदयू के प्रवक्ता अजीत दुबे, शिवम परासर, भाजपा जयंत मंडल के अध्यक्ष अरुण कुमार, महासचिव प्रेम पाठक, भाजपा नेता पंकज कुमार, जितेन्द्र कुमार, मंटू कुमार, जदयू नेता जितेन्द्र पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में एनडीए नेताओं व स्थानीय जनता ने शिरकत कर अबीर, रंग, गुलाल के साथ होली मिलन कर सुरूचि भोज का आनंद लिया।

## बिहार में पुलिसकर्मी की हत्या और उन पर हमलों के खिलाफ सरकार सख्त : विजय चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पुलिसकर्मियों पर लगातार हो रहे हमलों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री के करीबी मंत्री विजय चौधरी ने रविवार को कहा कि सरकार इन अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। विजय चौधरी ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि पुलिसकर्मियों की हत्याएं हो रही हैं और उन पर हमले किए जा रहे हैं। सरकार अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी बौखलाहट में ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन सरकार की सख्ती से वे ज्यादा देर तक बच नहीं पाएंगे। वहीं, होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की मौजूदगी पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि इसमें कुछ असामान्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निशांत के राजनीति में आने या न आने का फैसला खुद नीतीश कुमार को करना है। यह पूरी तरह से नीतीश कुमार और पार्टी का विषय है। नीतीश कुमार पर लगातार विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर विजय चौधरी ने करारा जवाब देते हुए कहा कि अगर कोई यह कहता है कि नीतीश कुमार सरकार नहीं चला पा रहे हैं, तो यह गलत है। वे लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने हाल ही में महीनों तक प्रगति यात्रा की, क्या कोई कमजोर व्यक्ति ऐसा कर सकता है। श्री चौधरी ने यह भी कहा कि कुछ लोग नीतीश कुमार की लोकप्रियता से परेशान हैं और इसलिए ऐसे आरोप लगा रहे हैं।

## हनी मिशन की तरफ बिहार के बढ़ते कदम

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार के मधुमक्खी पालकों को दी बड़ी सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार में हनी मिशन को गति देने की दिशा में कार्य करते हुए केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं माध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार के 5 जिलों के मधुमक्खी पालकों को किट प्रदान किया है। खादी और ग्रामोद्योग विकास योजनांतर्गत बिहार के 5 जिलों के कुल 210 मधुमक्खी पालकों को 2100 मधुमक्खी बॉक्स, मधुमक्खी परिवार और टूल किट मुहैया कराया गया। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी गया स्थित कैंप कार्यालय से वर्चुअल मोड में आयोजित टूल किट वितरण कार्यक्रम से जुड़े और लाभुकों के बीच इसे वितरित किया। हनी मिशन के तहत सहरसा जिले में सबसे ज्यादा 110 लाभुकों को टूल






किट दिया गया जबकि बांका में 30, बेगूसराय और खगड़िया जिले 25– 25 और औरंगाबाद में कुल 20 लाभुकों को टूल किट दिया गया। इस मौके पर के केंद्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने अपने संबोधन में कहा कि देश भर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित किये जा रहे योजनाओं के जरिए नए रोजगार का सृजन किया जा रहा है। श्री मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महात्वाकांक्षी योजनाओं के अत्तर्गत प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरांत वितरित किये जा रहे विभिन्न टूल किटों के माध्यम से बेरोजगार युवक एवं युवतियां खादी और गामोद्योग आयोग के माध्यम से स्वय के रोजगार स्थापित कर बेरोजगारी दूर कर रहे हैं। बिहार में हनी मिशन कैसे क्रांति की शक्ल ले इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकार निरंतर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर वर्चुअल मोड में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पूर्वी क्षेत्र) और खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पटना के निदेशक डॉ. एम. एच. मेवाती भी केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ उपस्थित थे।

## मसौढ़ी जेल में बंदियों ने जमकर खेली होली, एक दूसरे को लगाया रंग अबीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्यौहार होली को लेकर पूरे देश भर में जश्न का माहौल है। ऐसे में जेल में विभिन्न अपराध में बंदियों के बीच भी काफी उत्साह है। जेल प्रशासन के द्वारा उन सभी बंदियों को होली खेलने की छूट दी है जहां पर जेल के अंदर मैदान में सभी कैदियों ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की मस्ती की है जहां सभी बंदियों ने अपने सारे गम भूला कर घर परिवार की चिंता को छोड़कर कैदियों के बीच एक दूसरे को आपसी एकता भाईचारे के साथ प्रेम सौहार्द का माहौल बनाते हुए लोगों ने होली खेली। उसके बीच फगुआ गीत मंडली का भी आयोजन किया जहां सभी कैदी एक साथ बैठकर ढोलक की थाप और झाल मंजरी के साथ होली गीत गाकर होली मनाते दिखे। मसौढ़ी जेल के जेलर उमाशंकर शर्मा ने बताया कि होली को लेकर जेल प्रशासन के द्वारा जेल में बंद विभिन्न आपराधिक मामलों में उन सबों के बीच में उन्हें होली खेलने की छूट दी है जहां अपने सभी कैदियों के बीच होली खेल रहे हैं। इसके साथ ही उनके लिए पूआ पकवान की भी व्यवस्था की गई है। जेल में फिलहाल डेढ़ सौ कैदी हैं जो विभिन्न अपराधों में बंद हैं, लेकिन होली के दिन सभी बंदी अपने-अपने घर परिवार गमों को भुलाकर होली का मजा ले रहे हैं।

## हर्षोल्लास से मना होली का त्योहार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में रंगों का त्योहार होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया और लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होली और रमजान के महीने में दूसरा जुमा इस बार एक साथ पड़े हैं। किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोकने के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी जहां मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 56 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती रही और पुलिस बल गश्त करते रहे। ऐसे में मसौढ़ी में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। होली के अवसर पर लोग अपने-अपने घरों और गली-मोहल्लों में परिवार-दोस्तों के साथ रंग में डूबे रहे। बच्चों-युवाओं ने खूब मौज-मस्ती की तो महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होली की धूम रही। होली के दूसरे दिन बसियौरा और मटका फोड़ कार्यक्रम भी हुआ जगह-जगह पर मटके फोड़े गये। तारेगना डीह, मनीचक, लखीबाग, संघतपर, कैलूचक आदि जगहों पर आयोजन हुआ। वहीं धनरूआ प्रखंड में भी युवाओं व महिलाओं की टोली मस्ती के साथ होली के जश्न में बढ़-चढ़ कर गुलाल व रंग उड़ाते रहे। इधर पुनपुन प्रखंड में भी जमकर होली खेली। मसौढ़ी में कई सामाजिक संगठन के लोग एक टोली बनाकर सभी के घरों में जा कर रंग अबीर लगाये जहां मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेंदु, एसडीएम अमित कुमार पटेल, डीएसपी नभ वैभव के आवास पर जाकर उन्हें रंग अबीर लगा कर शुभकामना दी। इस मौके पर राहुल चंद्रा, डॉ सुधीर कुमार, डॉ राखी रानी, सुनील गवास्कर, विश्वरंजन, डॉ मंगल, पंकज कुमार, दीपक शर्मा समेत कई लोग शामिल रहे।

## थैलीसीमिया पीड़ित 16 बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराएगी मां वैष्णो देवी सेवा समिति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 16 वैसे थैलीसीमिया पीड़ित नन्हें बच्चे जिनका अपने सगे भाई बहन के साथ 100% बोन मैरो मैच हुआ है उनका चयन आज रविवार , 16 मार्च 2025 को मां ब्लड बैंक द्वारा बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए किया गया। सौ प्रतिशत एचएलए मैच 16 बच्चों का आज मां ब्लड सेंटर में बैंगलोर नारायणा के डाक्टर सुनील भट्ट जी ने देख कर चिन्हित किया जिन्हें कोल इंडिया एवं प्रधान मंत्री बाल योजना के माध्यम से नारायणा बंगलौर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया जाएगा जिससे इन बच्चों को हर 15 दिनों में रक्त चढ़ाने से मुक्ति मिल जाएगी। मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा पिछले दो सालों में थैलीसीमिया पीड़ित 59 से अधिक बच्चों को नई जिंदगी जीने में मदद दी गई है। देश के बड़े अस्पतालों में से एक नारायणा हेल्थ स्क्रीनिंग में सौ प्रतिशत एचएलए मैच पास होने वाले बच्चों का बड़े खर्च वाला बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रधानमंत्री फंड, कोल इंडिया, अपने बैंगलोर हॉस्पिटल में सीएसआर एक्टिविटी के अंतर्गत निःशुल्क करता है।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 106 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 106 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 20 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 63 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 15 मरीजों का मोतियाबिंद काफी



बढ़ा हुआ था। डा. मोहनका ने बताया कि इनका निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 16 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 25 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने महिला मरीजों की जांच की। आंखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार के द्वारा की गयी जिसमें 21 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। मौके पर शिविर में 21 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमें 11 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रितेश तुलस्यान, शशांक अग्रवाल, अनिल गुप्ता, राज कुमार खेमका, तरुण हिसारिया एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

## दो गुटों में हिंसक झड़प, दर्जनों राउंड हुई फायरिंग, बच्चे को लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली पर्व के अल्हे सुबह एक ओर जहां लोग पर्व मनाने की तैयारी में जुटे रहे। वहीं मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रेवां पंचायत के जिलालबिगहा गांव में एक मामूली विवाद में रणक्षेत्र में तब्दील रहा जहां दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई, मारपीट रोड़ेबाजी में तब्दील हो गई, दोनों तरफ जमकर ईंट पत्थर चलने लगी, उसके बाद दर्जनों राउंड फायरिंग हुई। इस फायरिंग के दौरान एक 7 साल के बच्चे की गोली लग गई है। हालांकि गोली पैर में लगी है। जख्मी बच्चों को आनन-फानन में पीएमसीएच भेजा गया है। वह बच्चा अपने नाना बद्री यादव के यहां आया हुआ था और उस वक्त वह दुकान जा रहा था। बताया जाता है कि जिलालबीघा के सुधीर यादव और नगीना यादव के बीच आपसी विवाद को लेकर हिंसक घटना हुई है जिसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। सूचना मिलते ही दल-बल के साथ मसौढ़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां 4 लोगों को हिरासत में लिया। दोनों भैंस के व्यापारी हैं किसी बात को लेकर होलिका दहन के भी दिन दोनों में लड़ाई झगड़ा हुआ था और फिर होली के दिन भी दोनों परिवार आपस में खूनी हिंसक लडाई कर रहे हैं। फिलहाल दोनों पक्ष की ओर से 25 नामजद समेत 25 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है जिसमें एक पक्ष के अनिता कुमारी पिता अवधेश प्रसाद ने 14 नामजद समेत कई अज्ञात अभियुक्त बनाया है। इसके अलावा दूसरे पक्ष के इसरी यादव पिता सिपाही गोप ने 9 नामजद समेत कई अज्ञात अभियुक्त बनाया है। दोनों पक्ष की ओर से चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें प्रमोद कुमार, अनीश कुमार, सियाराम, विकास कुमार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## धनरूआ के भेड़गांवां में महिला ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के भेड़गावा गांव की है जहां पर पड़ोसी से किसी तरह से विवाद होने पर डांट फटकार होने पर महिला ने घर आकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम सोना देवी पति अनुज कुमार है। बताया जाता है कि उसका पति अनुज कुमार मसौढ़ी बाजार में मिठाई दुकान में मिठाई बनाने का कार्य करता है। एक तरफ शनिवार को सभी लोग रंग लगाने में व्यस्त थे वही सोना देवी अपने पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर बकझक हो गई थी। इसी में इमोशनल होकर अपने घर पहुंची और घर बंद कर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। वहीं एफएसएल की टीम बुलाई गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस पूरे मामले में डीएसपी टू कन्हैया कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है कि अपने पड़ोसी से किसी तरह से विवाद हुआ था। इसके अलावा अवैध संबंध का भी आरोप लगा था। उसी के घर में फांसी लगाकर खुद को जान दे दी है पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## एएसआई राजीव रंजन का पार्थिव शरीर पहुंचा फुलवारीशरीफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** अररिया जिले के फुलकाहा थाना में पदस्थापित बहादुर पुलिसकर्मी एएसआई राजीव रंजन की शहादत के बाद गुरुवार रात उनका पार्थिव शरीर सम्मान और श्रद्धांजलि के साथ पटना लाया गया। करीब 8 घंटे के लंबे सफर के बाद पुलिसकर्मियों के वाहनों के काफिले के साथ फुलवारीशरीफ के मौर्य विहार कॉलोनी स्थित उनके घर पहुंचा जहां माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। गुरुवार रात जैसे ही पुलिस वाहन में तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर पहुंचा, तो मोहल्ले में कोहराम मच गया। कई घंटे से उनके अंतिम दर्शन के लिए खड़े परिजनों और स्थानीय लोगों की आंखें छलक उठीं।

## शौच जा रही महिला से गैंगरेप की कोशिश, पांच लोगों पर लगा आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ के एक गांव में शौच जा रही महिला के साथ गैंगरेप करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल पीड़ित महिला ने धनरूआ थाने में पांच लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित महिला ने बताया कि शाम के वक्त शौच के लिए गांव से पूरब जा रहे थे उसी वक्त एक जगह पर पांच लोग शराब पी रहे थे। मुझे अकेला देखकर लोगों ने पीछे से हमला बोल दिया और फिर पकड़ कर घसीटने लगे और मेरी इज्जत लूटने की कोशिश की जिसमें बिट्टू कुमार पिता संजय यादव, प्रियांशु कुमार पिता स्व तोला यादव, सुधांशु कुमार पिता भोला यादव, रवि कुमार सभी छाति गांव एवं लोहा यादव स्व. राजकुमार यादव सिंगरामपुर के हैं, हो हल्ला पर जब आसपास के ग्रामीण दौड़े तो दहशत मचाने के लिए हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले इसके अलावा हमारे पति भी जब आए तो उन्हें भी मार कर सिर फोड़ दिया है। बहरहाल इस पूरे मामले में थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

CMYK

## संपादकीय

# अवैध आप्रवासी घुसपैठ रोकने पर भारत ने कर रहा बड़ी पहल

अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश आज जब अवैध आप्रवासियों की घुसपैठ रोकने के लिए कड़ा कदम उठा रहे हैं, तो भारत ने भी इस दिशा में एक बड़ी पहल की है। अवैध आप्रवासन और विदेशी नागरिकों के आने से संबंधित एक विधेयक लोकसभा में पेश कर स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मुद्दे पर उतना ही गंभीर है, जितना दूसरे देश। आने वाले समय में वह सख्त कदम उठा सकता है। कोई दोराय नहीं कि आंतरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आप्रवासन प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में भारत का यह बड़ा निर्णय है। उसने इसके साथ ही दूसरे देशों खासकर पड़ोसियों को संदेश दे दिया है। विधेयक पारित होने के बाद अवैध घुसपैठ रोकने में तो मदद मिलेगी ही, जाली कागजात के जरिए किसी भी राज्य में छिप कर रहने वाले विदेशी नागरिकों पर कड़ा अंकुश लगाया जा सकेगा। भारत में अवैध रूप से रहने से उन्हें हतोत्साहित किया सकेगा। हालांकि सरकार ने साफ कर दिया है कि किसी को देश में आने से रोकने के लिए यह विधेयक नहीं लाया गया है। स्वाभाविक रूप से हर देश यही चाहता है कि कोई भी विदेशी नागरिक वैध दस्तावेज के साथ आए और नियमों का पालन करे। वैसे भी किसी विदेशी को अपने यहां आने या न आने देना संबंधित देश का संप्रभु अधिकार होता है। भारत में इस समय अवैध आप्रवासियों की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को तो खतरा रहता ही है, इनके कारण बुनियादी सुविधाओं पर भी बोझ बढ़ता है। इससे मूल स्थानीय निवासी प्रायः कई नागरिक सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। यह मुद्दा बार-बार उठता रहा है। इस पर दलगत राजनीति भी होती रही है। मगर यह मसला हमेशा उलझा रहा। अब बिना वीजा के रह रहे विदेशी नागरिकों को कानून के दायरे में लिया जा सकेगा। उन्हें सजा भी दी जा सकेगी। चार पुराने अधिनियमों को निरस्त कर बन रहा नया अधिनियम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण है। आव्रजन अधिकारियों को अधिक शक्तियां मिलने से तत्काल कार्रवाई हो सकेगी।

**अमेरिका और आयरलैंड के बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक बच्चा डेढ़ साल का न हो जाए, तब तक उसे मोबाइल या किसी भी तरह की स्क्रीन से दूर रखा जाना चाहिए। फ्रांस में तो इससे भी आगे की बात कही गई कि तीन साल से पहले बच्चों के हाथों में मोबाइल नहीं थमाना चाहिए और किसी भी तरह की स्क्रीन से उन्हें दूर रखना चाहिए। इसमें टेलीविजन स्क्रीन भी शामिल है। विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि जो बच्चे अभी बोलना, चलना सीख रहे हैं, उनका किसी भी तरह की स्क्रीन पर समय बिताना उन्हें कुछ नहीं सिखाता। एक सर्वे में यह भी पाया गया था कि जो बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, वे देर से बोलना सीखते हैं।**

# ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत

**(प्रह्लाद सबनानी)**


(© Pari Dukovic/National Portrait Gallery, Smithsonian Institution)

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है।

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि 'टिट फोर टेट' एवं 'रेसिप्रोकल' आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है।

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है।

हालांकि, ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ को बढ़ाए जाने सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत के लिए स्वर्णिम अवसर भी बन सकता है। क्योंकि, भारतीय जब भी दबाव में आते हैं तब तब वे अपने लिए बेहतर उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं। इतिहास इसका गवाह है, कोविड महामारी के खंडकाल में भी भारत ने दबाव में कई उपलब्धयां हासिल की थीं। भारत ने कोविड के खंडकाल में 100 से अधिक देशों को कोविड बीमारी से सम्बंधित दवाईयां एवं टीके निर्यात करने में सफलता हासिल की थी।

विदेशी व्यापार के मामले में चीन, कनाडा एवं मेक्सिको अमेरिका के बहुत महत्वपूर्ण भागीदार हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, उक्त तीनों देश लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार प्रतिवर्ष अमेरिका के साथ करते हैं। इसके बावजूद अमेरिका ने उक्त तीनों के साथ व्यापार युद्ध प्रारम्भ कर दिया है। भारत के साथ अमेरिका का केवल 11,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही व्यापार था। अब ट्रम्प प्रशासन की अन्य देशों से यह अपेक्षा है कि वे अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैरिफ कम करे अथवा अमेरिका भी इन देशों से हो रहे विभिन्न उत्पादों पर उसी दर से टैरिफ वसूल करेगा, जिस दर पर ये देश अमेरिका से आयातित उत्पादों पर वसूलते हैं। यह सही है कि भारत अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अधिक टैरिफ लगाता है क्योंकि भारत अपने किसानों और व्यापारियों को बचाना चाहता है। भारत में कृषि क्षेत्र के उत्पादों पर 25 से 100 प्रतिशत तक आयात कर लगाया जाता है जबकि कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों पर कर की मात्रा बहुत कम हैं। भारत ने विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ा ली है परंतु कृषि क्षेत्र में अभी भी अपनी उत्पादकता बढ़ाना है। हाल ही के समय में भारत ने कई उत्पादों के आयात पर टैरिफ की दर घटाई भी है।

भारत के साथ दूसरी समस्या यह भी है कि यदि भारत आयातित उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो भारत में इन उत्पादों के आयात बढ़ेंगे और भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी इससे भारतीय रुपये का और अधिक अवमूल्यन होगा तथा भारत में मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। विदेशी निवेश भी कम होने लगेगा और अंततः भारत में बेरोजगारी बढ़ेगी। भारत में सप्लाई चैन पर दबाव भी बढ़ेगा। इन समस्त समस्याओं का हल है कि भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करे। परंतु, अन्य देश चाहते हैं कि द्विपक्षीय समझौतों में कृषि क्षेत्र को भी शामिल किया जाय, इसका रास्ता आपसी चर्चा में निकाला जा सकता है। अमेरिका एवं ब्रिटेन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते सम्पन्न करने की चर्चा तेज गति से चल रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत और अमेरिका के बीच विदेशी व्यापार को 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बंध में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम चल रहा है।

दूसरे, अब भारत को उद्योग एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ानी होगी। हर क्षेत्र में लागत कम करनी होगी ताकि भारत में उत्पादित वस्तुएं विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में खाड़ी हो सकें। भारत में रिश्वतखोरी की लागत को भी समाप्त करना होगा। भारत में निचले स्तर पर घूसखोरी की लागत बहुत अधिक है। भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन एवं तकनीकि की लागत कम करनी होगी। कुल मिलाकर व्यवहार की लागत को भी कम करना होगा। भारतीय उद्योगों को अन्य देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धी बनाना ही इस समस्या का हल है ताकि भारतीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद अन्य देशों के साथ विशेष रूप से गुणवत्ता एवं लागत के मामले में प्रतिस्पर्धा कर सकें। निजी क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहन देना होगा ताकि निजी क्षेत्र का निवेश उद्योग के क्षेत्र में बढ़ सके। आज भारत में पूंजीगत खर्चे केवल केंद्र सरकार द्वारा ही बहुत अधिक मात्रा में किए जा रहे हैं।

# भारतीय पैंगोलिन का अद्भुत संसार, पर खतरे में है 'प्रकृति का संतुलनकर्ता'

**जीवों की दुनिया**

**(निधि चौहान)**

पैंगोलिन को 'प्रकृति का संतुलनकर्ता' कहना बिना वजह नहीं है। यह स्तनधारी जंगलों में चींटियों और दीमकों की जनसंख्या का नियंत्रण करता है। हालांकि, आज यह अद्भुत प्राणी गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। शिकार और अवैध व्यापार के कारण भारतीय पैंगोलिन की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है।

जैसे ही सर्दियों का मौसम आता है, सभी जीव अपनी-अपनी तैयारी में व्यस्त हो जाते हैं। कुछ भोजन इकट्ठा करते हैं, जबकि अन्य अपने शरीर को सर्दी से सुरक्षित रखने के विशेष उपाय करते हैं। इस बीच, भारतीय पैंगोलिन, जिसे आमतौर पर 'चिंटीखोर' के नाम से जाना जाता है, एक ऐसा अद्वितीय जीव है जो सबका ध्यान आकर्षित करता है। यह न केवल प्रकृति का एक मूल्यवान अंग है, बल्कि अपनी अद्भुत आदतों और जीवनशैली से विज्ञान और वन्यजीव प्रेमियों को भी आश्चर्यचकित कर देता है।

जब आप पहली बार भारतीय पैंगोलिन को देखते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी ने कवच पहने हुए छोटे डायनासोर को जीवंत कर दिया हो। इसके शरीर पर केराटिन से बने कठिन और मज़बूत शल्क होते हैं, जो इसे शिकारियों से सुरक्षित रखते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह शांत और शर्मीला जीव अपनी दुनिया में खोया रहता है, मानो ठंडी सर्दी की रातों का आनंद ले रहा हो।

## पैंगोलिन का दैनिक जीवन

भारतीय पैंगोलिन दिन के बजाय रात का जीव है, जो दिन के समय गहरी मिट्टी में स्थित अपने बिल में विश्राम करता है। जैसे ही रात का अंधेरा छाता है, वह बाहर निकलकर भोजन की खोज करता है। ठंडी सर्दियों में, जब तापमान गिरता है, तो यह अपने ठिकाने को और गहरा कर लेता है, जिससे वह ठंडी हवाओं से बचा रहता है। इसका आश्रय न केवल ठंड से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि शिकारियों से भी इसे सुरक्षित रखता है।

यह अपने आहार के लिए चुपचाप निकलता है, जिसमें मुख्य रूप से चींटियां और दीमक शामिल होते हैं। पैंगोलिन की लंबी और चिपकने वाली जीभ इन्हें पकड़ने में विशेष रूप से प्रभावी होती है। भोजन करने की उसकी प्रक्रिया अद्वितीय है; वह अपने शक्तिशाली पंजों का प्रयोग करते हुए दीमकों के बिल्लों और चींटियों के अंडों को बाहर निकालता है और फिर अपनी जीभ की मदद से उन्हें खाना शुरू करता है।

अब यह सोचने वाली बात है कि सर्दियों में, जब चींटियों और दीमकों की संख्या घट जाती है, तो वह क्या करता है। लेकिन पैंगोलिन का शरीर इस परिवर्तित परिस्थिति के लिए अनुकूलित है, जिससे वह सीमित भोजन के साथ भी जीवित रहने की क्षमता रखता है।

## चिंटीखोर- प्रकृति का अद्भुत संतुलनकर्ता

पैंगोलिन को 'प्रकृति का संतुलनकर्ता' कहना बिना वजह नहीं है। यह स्तनधारी जंगलों में चींटियों और दीमकों की जनसंख्या का नियंत्रण करता है। यदि पैंगोलिन न हो, तो ये छोटे जीव तेजी से Proliferate कर सकते हैं, जिससे फसलों और पेड़ों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इस प्रकार, पैंगोलिन का अस्तित्व न सिर्फ जंगलों, बल्कि कृषि क्षेत्रों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हालांकि, आज यह अद्भुत प्राणी गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। शिकार और अवैध व्यापार के कारण भारतीय पैंगोलिन की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है। इसकी खाल और शल्क का उपयोग पारंपरिक दवाओं और गहनों में होता है, जिससे यह शिकारियों के लिए एक प्रमुख लक्ष्य बन गया है। यह निंदनीय है कि इस शांति प्रिय जीव को मानव की लालच के कारण अपनी जान खोनी पड़ रही है।

## पैंगोलिन के बारे में रोचक बातें

यदि आपको लगता है कि पैंगोलिन केवल चींटियों का सेवन करता है, तो आप गलत हैं। इसकी अन्य आश्चर्यजनक विशेषताएं भी हैं। अपने बचाव के लिए, पैंगोलिन अपने आपको एक गेंद की तरह लपेट लेता है। इसके कठोर कवच इसे शिकारियों से सुरक्षित रखने का एक प्रभावशाली उपाय है। यह अपनी लंबी जीभ का उपयोग करके अधिक खाना खा सकता है, जिसकी लंबाई कभी-कभी उसके शरीर से भी अधिक होती है! पैंगोलिन अपने पंजों का उपयोग करते हुए इतनी तेजी से जमीन में खुदाई करता है कि वह कुछ ही मिनटों में गहरी सुरंग बना लेता है।

**पैंगोलिन को बचाने की जरूरत-** भारतीय पैंगोलिन न केवल हमारी जैव विविधता का हिस्सा है, बल्कि यह पर्यावरण को संतुलित रखने में भी मदद करता है। हमें इस जीव को बचाने के लिए जागरूक होना होगा। सरकार और गैर-सरकारी संगठन इसे बचाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन जब तक आम लोग इसमें भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक यह अद्भुत जीव खतरे में रहेगा।

**खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है।**

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण

**(ललित गर्ग)**

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए?

खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए।

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान





जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया।

विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है।

# देवघर में लगी भीषण आग, दर्जनों दुकानें राख

**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड में भीषण आग की घटना सामने आई है। यहां देवघर जिले के जसीडीह-चकाई मुख्य पथ पर अवस्थित अस्थाई बस पड़ाव के पास देर रात भीषण आग लग जाने से दर्जन भर से ज्यादा अस्थाई दुकानें जलकर खाक हो गई। आग से लाखों की संपत्ति भी जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि झोपड़ी की शक्ल में बने होटल और दुकानों में रखे गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयानक थी कि दुकान संचालक, परिवारजन और कर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। बताया जाता है कि होली पर्व के कारण बाजार बंद था, जिससे किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अहले सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो खाक हो चुकी संपत्ति देखकर मायूस हो गए। बताया जाता है कि होली के पर्व को लेकर लगभग सभी झोपड़पट्टी वाली दुकाने बंद थीं जबकि दो होटल संचालक अंदर सोए थे। उस दौरान लगी आग की लपटें देख होटल छोड़कर सबों ने अपनी जान बचाई।

**एक-एक कर ब्लास्ट हुए कई सिलेंडर**





**रात के सन्नाटे में उठी आग की लपटें**

जानकारी के अनुसार, रात करीब 10:45 बजे के आसपास घटना हुई। आग सबसे पहले एक झुग्गी नुमा दुकान में लगी। फिर देखते ही देखते आसपास की दुकानों में आग फैल गई। दुकान प्लास्टिक और जूट के बोरे ऐसी चीजों से बनी होने की वजह से आग तेजी से फैलने लगी। इस हादसे में होटल, पान की गुमटी, फास्ट फूड दुकान, साइकिल रिपेयरिंग सहित कई अस्थाई दुकानें पूरी तरह से नष्ट हो गई। लोगों का कहना है कि आसपास बने छोटे होटलों में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग ने विकराल रूप से ले लिया। उससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें काबू कर पाना मुश्किल हो गया। तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते जसीडीह थाना प्रभारी दीपक कुमार समेत पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे व जायजा लिया। सुरक्षा के लिहाज से स्टेशन मुख्य मार्ग भी 4 घंटे तक बंद रखा गया।

**लाखों का नुकसान, दुकानदार मायूस**

होली की वजह से दुकानें बंद थीं, जिससे किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन छोटेझमोटे व्यापारियों को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। अनुमान लगाया जा रहा है कि आग में करीब 10 से 12 दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। हादसे में नुकसान का आकलन अभी तक नहीं हो पाया है।

**दुकानें देख छलक गए आंसू**

सुबह जब दुकानदार मौके पर पहुंचे, तो जल चुकी दुकानों को देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए। कई दुकानदारों ने बताया स्कूटर, ठेला, रिक्शा रिपेयरिंग की दुकान, पान गुमटी समेत हनुमान मंदिर की दीवार को भी आग से क्षति पहुंची है। दुकानों मे कुर्सी, टेबल, बर्तन, फ्रिज, राशन सामग्री और नकदी सहित अन्य चीजें जलकर राख हो गई। वहीं हनुमान मंदिर की दीवार को भी क्षति पहुंची है।

**आग लगने के कारणों की जांच जारी**

समाचार लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और अग्निशमनविभाग मामले की जांच में जुटे हैं। अधिकारियों ने कहा है कि जल्द आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

**दुकानदारों ने कहा- मिले आर्थिक सहायता**

घटना के बाद पीड़ित दुकानदार कुलदीप मोदी, रोहित कुमार, शंभू बरनवाल, सोनू कुमार, राहुल कुमार, संजय रामानी, रतन राम, जोगी, बुल्लू यादव, झगडु पंडित, श्रवण कुमार तूरी, कारू राम, रंजीत कुमार अन्य ने प्रशासन से मांग की कि उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि दोबारा अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

**विधायक पहुंचे मौके पर**

घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार को स्थानीय विधायक सुरेश पासवान मौके पर पहुंचे। दुकानदारों से मुलाकात कर आश्वासन दिया कि प्रशासन से बात कर प्रभावित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिलाने की कोशिश की जाएगी। कहा कि घटना बेहद दुखद है। प्रभावित व्यापारियों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

# मैदान में गंदगी का अंबार, नालियां भी जाम, लोगों ने किया हंगामा

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग का गांधी मैदान शहर की पहचान और सांस्कृतिक गतिविधियों का बहुत बड़ा केंद्र है। यह न सिर्फ मॉर्निंग और इवनिंग वॉकरों के लिए एक अहम स्थान है, बल्कि सरकारी के साथ धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी प्रमुख जगह है। लेकिन हाल के आयोजनों के बाद इसकी स्थिति बदहाल हो गई है। चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है, नालियां जाम हैं और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ रहा है। गांधी मैदान हजारीबाग की धरोहर है, लेकिन लापरवाही और अव्यवस्था के कारण इसकी स्थिति बदतर हो गई है। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। अगर सही कदम उठाए जाएं तो यह मैदान दोबारा अपनी पुरानी पहचान हासिल कर सकता है और शहरवासियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित स्थल बन सकता है। गांधी मैदान में कार्यक्रमों के आयोजनों के बाद गंदगी का अंबार लग जाता है। हाल ही में यहां दस दिवसीय श्रीराम कथा और एक क्राफ्ट मेला आयोजित किया गया था। दोनों आयोजन सफल रहे, लेकिन इनके खत्म होने के बाद मैदान की सफाई नहीं हुई। प्लास्टिक की थैलियां, खाने-पीने के सामान के अवशेष और अन्य कचरा मैदान में ही पड़ा रह गया। आने वाले दिनों में भी यहां बड़े आयोजन किए जाने हैं। बड़े-बड़े मंत्री और जनप्रतिनिधि भी आयोजन का हिस्सा होते हैं, लेकिन आयोजन के बाद मैदान की दुर्दशा देखते ही बनती है। सिर्फ नगर निगम के भरोसे पूरे मैदान की सफाई भी संभव नहीं है इसके लिए सभी को बेहतर पहल करने की जरूरत है। नगर निगम को इसपर विशेष ध्यान देना होगा। सरकारी अधिकारियों को मैदान से मिलनेवाले राजस्व तक की ही चिंता रहती है उसके बाद मैदान के रखरखाव के प्रति उनमें दिलचस्पी नहीं दिखती। इस मैदान में शहर का सबसे बड़ा दुर्गा पूजा समारोह भी होता है हजारों हजार लोग जुटते हैं। एक दो मजदूर से मैदान की सफाई संभव नहीं है। इसके लिए बड़े स्तर पर सफाई अभियान की दरकार दिख रही है। नाली से उठती बदबू, खुले में मूत्र

**शौच से परेशानी:** मैदान में एक नाली बनाई गई है, जो पास के होटलों से जुड़ी हुई है। यह नाली जाम हो चुकी है और इससे उठने वाली बदबू लोगों के लिए असहनीय हो गई है। मॉर्निंग वॉक पर आने वाले लोग नाक-मुंह ढकने को मजबूर हैं। इसके अलावा, मैदान के दाहिने गेट के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जहां लोग खुले में शौच कर रहे हैं, जबकि मैदान के अंदर एक मॉड्यूलर टॉयलेट भी मौजूद है।



**असामाजिक तत्वों का अड्डा बना मैदान:** पिछले साल प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा कारणों से मैदान की दीवार को खोलकर कुछ गेट बनाये गए थे, लेकिन आयोजन के बाद इन्हें बंद नहीं किया गया। अब ये खुले गेट असामाजिक तत्वों के प्रवेश का रास्ता बन गए हैं। शाम होते ही नशेड़ियों और शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को असुविधा हो रही है। कोरोना काल के दौरान गांधी मैदान में अस्थायी रूप से एक सब्जी मंडी शुरू की गई थी। इसे बाद में हटाया जाना था, लेकिन यह अब भी जारी है। सब्जी मंडी के कारण गंदगी और बढ़ रही है, और मैदान की पहचान धुंधली होती जा रही है। मैदान के बाहर कई दुकानें और होटल खुल गए हैं। इन होटलों का कचरा मैदान में ही फेंका जाता है और गंदा पानी मैदान में बहाया जाता है। इस पानी को रोकने के लिए बनाई गई नाली जाम हो चुकी है, जिससे गंदगी और बदबू की समस्या गंभीर हो गई है। अगर जल्द ही सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी, तो लोग यहां आना ही बंद कर देंगे।

**गंदगी से बीमारियों का खतरा**

गांधी मैदान में हर बड़े आयोजन के बाद सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती। प्लास्टिक की थैलियां, खाने-पीने का कचरा और गंदा पानी चारों ओर फैला रहता है। नगर निगम की लापरवाही के कारण कूड़ा-कचरा हफ्तों पड़ा रहता है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। मैदान में बनी नाली जाम हो चुकी है, जिससे पानी जमा होकर कीचड़ में बदल जाता है। मैदान के अंदर मौजूद मॉड्यूलर टॉयलेट का रखरखाव भी सही से नहीं किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक के साथ मारपीट कर आंख फोड़ी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया थाना क्षेत्र के गिद्धा लौकरिया गांव में शनिवार की शाम कतिपय लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट की। घटना के दौरान युवक का आंख फूट गया। जख्मी युवक गिद्धा लौकरिया गांव निवासी फुलेना महतो के पुत्र अशोक धांगड़ (29) का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित मेल सर्जिकल वार्ड में चल रहा है।

### चाकू मारकर युवक को किया जख्मी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ठकराहां प्रखंड क्षेत्र के नदी थाना स्थित पुरैना वार्ड 04 में शुक्रवार की शाम 07 बजे कतिपय लोगों ने एक युवक को चाकू मारकर जख्मी कर दिया है। जख्मी बिकाऊ मुखिया के पुत्र डब्लू कुमार (18) का इलाज जीएमसीएच के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है। अस्पताल चिकित्सकों के मुताबिक जख्मी डब्लू के पीठ व कमर पर जख्म है।

### वाहन की ठोकर से बाइक सवार जख्मी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनुआपुल थाना क्षेत्र के छावनी चौक के समीप शनिवार की संध्या अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से बाइक सवार जख्मी हो गया। जख्मी चनपटिया थाना क्षेत्र के गिद्धा निवासी मुख्तार मियां के पुत्र मुनीब मियां (35) का इलाज जीएमसीएच के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है।

### लोहे की रड से मार वृद्ध को किया जख्मी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया थाना क्षेत्र के अमवामन कोइरी टोला गांव में शुक्रवार की शाम कतिपय आरोपितों ने एक वद्ध को लोहे का रड़ से मारकर जख्मी कर दिया है। जख्मी वृद्ध रकटू महतो के पुत्र जंग महतो (60) का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है।

### आमने-सामने की बाइक टक्कर में दो जख्मी

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराजगंज के पोखरा गांव के समीप आमने-सामने की दो बाइक की टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. जिनको इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया गया. बताया जाता है कि जीबी नगर थाना क्षेत्र के रोजा गौर निवासी बिरेंद्र साह 22 वर्ष किसी कम को लेकर पोखरा गांव के राम किशुन मोड पर पर जा रहे थे , उसी वक्त गोरिया कोठी थाना क्षेत्र के सैदपुरा निवासी चुनचुन साह 21 वर्ष महाराजगंज से अपने घर सै। सैदपुरा जा रहे थे . इसी क्रम।में दोनों बाइक चालकों की भिड़ंत रामकिशन मोड से पहले एक बगीचे के सामने हो गई. जहां दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों युवकों को इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल ले जाया गया जनों दोनों की इलाज चल रही है.

### रमजान के दूसरे जुमा की नमाज रोजेदारों ने की अदा

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत व प्रखंड के सभी मस्जिदों में रोजेदारों ने शुक्रवार को रमजान-उल मुबारक के तेरहवें रोजा रख दूसरे जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की। वहीं मस्जिदों में उलेमाओं द्वारा रमजान की फजीलत को बयां किया। जहां रोजेदारों ने अकीदत के साथ मुकद्दस रमजान का तेरहवां रोजा रखा। अल्लाह के आगे हाथ फैला कर रोजेदारों ने रोजा कबूल करने और गुनाहों को माफ करने की फरियाद की। साथ ही रोजेदारों ने नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत की और उनकी रहमत पाने के लिए देश और मुल्क के लिए अमन चेन की दुआ मांगी। जुमा की नमाज के दौरान रोजेदारों ने खुदा की रहमत पाने के लिए दोनों हाथ उठाकर दुआ करते हुए खुदा की इबादत में सिर झुकाई।

### बड़ा अजियातु की महिला 10 दिनों से लापता

**गुमला/घाघरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घाघरा के बड़ा अजियातु की रहने वाली मेनका देवी ने गुरूवार को घाघरा थाने में अपने पति अमित गोप की गुदशुदगी की लिखित शिकायत सौंपी है। विवाहिता मेनका देवी ने कहा है कि उसके पति तीन मार्च को कोर्ट जाने की बात कहकर अपराह्न करीब 12 बजे घर से निकले,लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। उनके आने के इंतजार के बाद अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारों व अन्य संभावित जगहों पर उनकी खोजबीन की। कुछ अतापता नहीं चलने पर महिला ने घाघरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायाी है और पुलिस से पति के सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी है।

### सरहुल को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय सांसद सुखदेव भगत ने सरकार से आग्रह किया है कि सरहुल पर्व को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने संसद में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सरहुल न केवल झारखंड,बल्कि पूरे देश में रहने वाले आदिवासी समाज की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। इस पर्व के अवसर पर निकाली जाने वाली सरहुल शोभा यात्रा देश की सबसे भव्य यात्राओं में से एक है,जिसे लाखों लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। सांसद भगत ने कहा कि सरहुल प्रकृति पूजा का पर्व है,जो आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक त्योहार नहीं,बल्कि हमारी धरोहर है। करोड़ों लोग इसे मनाते हैं, इसलिए इसे राष्ट्रीय अवकाश का दर्जा मिलना चाहिए।

### दो वर्षों से खराब पड़ा है चापाकल

**सिमडेगा/बोलबा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पाले मुंडा भंडार टोली में लगा चापाकल पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा है। चापाकल के खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण कई किमी दूर स्थित पहानटोली में लगे चापाकल से पानी लाने को विवश हैं। यहां भी पानी भरने के लिए सुबह के चार बजे से ही लाइन में लगना पड़ता है। इधर गर्मी ने दस्तक दे दी है। गर्मी के दस्तक के साथ ही पेयजल को लेकर ग्रामीणों में पेयजल को लेकर चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने कहा कि चापालक खराब होने से अभी से ही पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसे में गर्मी के दिनों में पेयजल को लेकर कई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

# एक घर में मिलीं 4 लाशें : गिरिडीह में 3 बच्चों समेत फांसी पर लटका था पिता

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के गिरिडीह जिले में एक घर से रविवार सुबह चार शव बरामद हुए हैं। घटना को लेकर जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे और 36 साल के शख्स का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि पिता ने पहले तीन बच्चों को फांसी पर लटकाकर मारा और फिर खुद भी फांसी पर लटक गया। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच की जा रही है।



**क्या बोली पुलिस**

घटना को लेकर जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह मामला गिरिडीह के खुखरा थाना क्षेत्र का है। गांव वालों से मिली जानकारी के अनुसार, शख्स राजमिस्त्री का काम करता था। बीते शनिवार को पत्नी के मायके जाने के बाद उसने तीन बच्चों को पहले फांसी लगाकर मारा और फिर खुद भी फांसी पर लटक गया। इस घटना में तीनों बच्चों समेत पिता की भी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी एंगल से इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पहली नजर में तीनों बच्चों को मारने के बाद सुसाइड करने का मामला ही लग रहा है।

घटना को लेकर जानकारी देते हुए गिरिडीह के एसपी बिमल कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया कि शख्स ने पत्नी के मायके जाने के बाद बच्चों को पहले फांसी के फंदे से लटकाकर मारा और फिर खुद भी फांसी के फंदे पर झूल गया। इस घटना की जानकारी गांव वालों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के बाद इलाके में मातम का माहौल है। लोग इस बात की हैरानी जता रहे हैं कि आखिरी कोई पिता अपने ही बच्चों को कैसे मार सकता है। बताया जाता है कि हरलाडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत महेशलिट्टी गांव में शनिवार देर रात एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसरा हुआ है। महेशलिट्टी गांव में एक घर से पिता के अलावा तीन बच्चे का सन्देहास्पद स्थिति में शव मिला है। मृतक पिता 36 वर्षीय सनाउल अंसारी का शव फांसी के फंदे में झूलता मिला है जबकि तीन बच्चे 12 वर्षीय आफरीन परवीन, 8 वर्षीय जेबा नाज के साथ 6 वर्षीय पुत्र सफाउल का सन्देहास्पद स्थिति में शव मिला है। मृतक पिता सनाउल अंसारी गांव में ही राजमिस्त्री का काम करता था। घर मे राशन की दुकान भी चलाता था। घटना के दिन ही मृतक सनाउल की पत्नी साजिया परवीन गांव के ही बगल में मायके गई थी। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई है। गिरिडीह पुलिस सन्देहास्पद स्थिति को देखते हुए गंभीरता से जांच में जुटी है। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट के साथ एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित प्रसाद, गिरिडीह डीएसपी कौशर अली मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# दुकान में काम करने के दौरान युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच

**लोहरदगा/कुडू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा कुडू थाना क्षेत्र के टाटी मोड़ के समीप संचालित अजय फैब्रिकेशन में वेल्डिंग का काम करने के दौरान युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार काम करते करते हमीदनगर ब्लाक मोड़ निवासी नासिर अंसारी का 29 वर्षीय पुत्र अफरोज अंसारी अचानक बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे कुडू सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत को युवक के परिजन तथा अन्य संदिग्ध बता रहे हैं तो कुछ हार्ट अटैक से मौत बता रहे हैं। अफरोज अंसारी टाटी चौक में संचालित अजय फैब्रिकेशन दुकान में पिछले 12 साल से वेल्डिंग का काम कर रहा था। गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे एक कस्टमर का काम करने के लिए दुकान मालिक अजय कुमार के साथ लोहा की पाइप निकाल रहा था, इसी बीच अचानक अफरोज चिल्लाते हुए पीठ के बल जमीन में गिर गया। दुकान मालिक अजय कुमार ने अफरोज को इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया। युवक की मौत के बाद परिजन तथा गांव के लोग मौके पर पहुंचे व युवक की मौत को संदिग्ध बताने लगे।

दुकान मालिक अजय कुमार ने बताया कि एक कस्टमर का काम करने के लिए अफरोज और वह दोपहर लगभग एक बजे लोहे की पाइप निकाल रहे थे। इसी बीच अफरोज जोर से चिल्लाया कि अजय भैया बचाओ कहते हुए पीठ के बल जमीन पर गिर गया। पुलिस को मामले की सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 45 दिन बाद युवक के साथ दो बच्चे की मां को पुलिस ने रांची से पकड़ा

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा किस्को प्रखंड क्षेत्र के जोबांग थाना पुलिस ने कुमारे लड़के के साथ भागी दो बच्चों की मां को रांची से 45 दिनों के बाद पकड़ने में सफलता पाई है। जानकारी के मुताबिक जोबांग थाना क्षेत्र के अंकित कोनगाड़ी की पत्नी रोशनी कच्छप गांव के ही अविवाहित युवक पीटर बरला के साथ 30 जनवरी को भाग गई थी। काफी खोज भी इनके बाद इन दोनों का कहीं पता नहीं चल रहा था। रोशनी के पति अंकित कोनगाड़ी ने पुलिस कप्तान को भी पत्नी को ढूंढने और पीटर बारला को पकाने और कार्रवाई को लेकर अर्जी लगाई थी। जोबांग पुलिस ने 12 मार्च को पीटर के पिता लुइस वाला और उसके भाई अमित बारला को थाने बुलाकर पीटर को शीघ्र घर बुलाने की मांग की थी। दोनों ने जानकारी न होने की बात कही थी।

# एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में आधा दर्जन जख्मी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के डाक बंगला रोड़ न्यू कॉलोनी में शुक्रवार की रात बारह फीट रास्ते के विवाद में पड़ोसियों ने चाकू से हमला कर एक परिवार के चार लोगों को जख्मी कर दिया है। जख्मी रोहित कुमार, मुकेश तिवारी, मुकेश की बेटी अपर्णा कुमारी व मुकेश के छोटे भाई राहुल तिवारी का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो रहा है। रोहित कुमार की स्थिति गंभीर है। उसके पेट के बाएं बगल चाकू लगी है। उसे जीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती किया गया है। जबकि मुकेश तिवारी व अर्पणा कुमारी के सिर पर चोट लगी है। अन्य जख्मियों को सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दी है। पुलिस घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर ली है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायल मुकेश तिवारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आशीष तिवारी, राजन सिंह, विनय कुशवाहा तथा गोलू कुशवाहा को नामजद किया गया है। आशीष तिवारी व राजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त खून लगे चाकू को आशीष के घर से बरामद किया गया है। जीएमसीएच अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. दीवाकांत मिश्र ने बताया कि रोहित कुमार की स्थिति काफी गंभीर है। तीन घंटे तक ऑपरेशन के बाद उनकी जान बची है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। जीएमसीएच में इलाजरत मुकेश तिवारी ने बताया कि बारह फीट के रास्ते को लेकर आशीष तिवारी के परिवार से पूर्व से विवाद चल रहा था। होली के दिन देर रात वे लोग अपने परिवार के साथ आशीष के घर के पीछे स्थित मकान में थे। इसी दौरान आशीष समेत अन्य अभियुक्त चाकू व लाठी-डंडे से लैश होकर पहुंचे। वे लोग गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर उनलोगों ने हमला कर दिया। चाकू मारकर रोहित को जख्मी कर दिया। उसे बचाने आए परिवार के अन्य सदस्यों को भी चाकू व लाठी डंडे से मारकर जख्मी कर दिया। बाद में आसपास के लोगों के सहयोग से जख्मियों को अस्पताल में पहुंचाया गया।

**दो को पुलिस ने भेजा जेल**

# उत्साह के साथ मना रंगों का त्योहार होली

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों सहित शुगर इंडस्ट्रीज में रंगों का त्योहार होली खूब उत्साह के साथ मनाया गया।खासकर गन्ना विभाग की टीम ने धमाल मचा दिया।बंगला परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में यूनिट इंचार्ज जे पी त्रिपाठी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाये दी।शिव शक्ति धाम होली के लिए सेल्फी स्पॉट बना रहा।बंगला पर लोगों ने लजीज व्यंजन का स्वाद चखा।स्वादिस्ट मिठाइयां खायी।ठंडई का आनंद उठाया।फिर टोली डिस्टिलरी में गयी वहां होली गीतों पर खूब धमाल मचा।रिकॉर्डिंग डांस पर चीनी मिल कर्मी खूब थिरके।यूनिट हेड डॉ. जे पी त्रिपाठी ने चीनी मिलकर्मियो और किसानों को होली की हार्दिक बधाई दी।उन्होंने सभी लोगों के उतरोतर प्रगति की कामना की।इस मौके पर एजीएम एचआर रमाकांत मिश्रा,एजीएम आईटी प्रभास झा, राजेश कुमार, देवकांत शुक्ला, संजीव ठाकुर ,प्रदीप यादव, प्रदीप सिंह, जनार्दन सिंह, कपिलदेव राय, प्रशन्न मिश्रा, अनिल कुमार, गौरांग चक्रवर्ती आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।



# प्रेम और भाईचारे का महापर्व होली शांतिपूर्ण सम्पन्न

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में महापर्व होली शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में बीडीओ सूरज कुमार सिंह,सीओ सुधांशु शेखर, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार समेत तमाम अधिकारी व पुलिस पदाधिकारियो की सक्रियता से होली शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गई। अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। खासकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रही। अधिकारियो ने शहर के मस्जिद रोड, शहिद चौक, कचहरी रोड, समेत चेगौना बेलबनिया आदि जगहों का भ्रमण करते रहे। गौरतलब हो कि होली पर्व इस बार दो दिन मनाया गया। शुक्रवार को भारी हर्षोल्लास के बीच होली मनाई गई तो शनिवार को भी कई जगहों पर होली मनाई गई। शुक्रवार को रमजान का महीना व जुमा की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। हालांकि दोनों समुदाय के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ नमाज अदा किया और होली भी मनाया । एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि होली का पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया है।हालांकि एक दो जगहो पर छिटपुट घटनाएं भी घटी। इसको लेकर प्रशाशनिक करवाई की जा रही है।

CMYK



## एक लाख करोड़ की भुजिया? शार्क टैंक इंडिया के जज अनुपम मित्तल ने इस डील के बाद किया पोस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया के जज और युवा उद्यमी अनुपम मित्तल एक एक्स पोस्ट ने खूब सुर्खियां बटोर रहा है। उन्होंने 13 मार्च को एक्स पर लिखा, च्व्एक लाख करोड़ की भुजिया? कमाल है इंडियाज्ज यहां अनुपम मित्तल एक नई डील की तारीफ कर रहे हैं। बता दें, सिंगापुर की इंवेस्टमेंट फर्म टेमासेकोस ने हल्दीराम स्नैक्स फूड्स में हिस्सा खरीदा है। जोकि एफएमसीजी सेक्टर की अबतक की सबसे बड़ी डील मानी जा रही है। इसी डील पर अनुपम मित्तल ने पोस्ट लिखा है।

**10 बिलियन का डॉलर का वैल्यूएशन:** रिपोर्ट के अनुसार हल्दीराम स्नैक्स फूड्स ने 10 बिलियन डॉलर (8500 करोड़ रुपये) के वैल्यूएशन पर कंपनी का हिस्सा बेचा है। इस डील से पता चलता है कि भारतीय कंपनियों का एफएमसीजी सेक्टर में कितना दबदबा है। साथ ही सेक्टर में कितनी संभावनाएं छिपी हुई हैं। बता दें, टेमासेकोस के अलावा ब्लैकस्टोन और अल्फावेव ग्लोबल भी 5 प्रतिशत हिस्सेदारी हल्दीराम में खरीदने को लेकर उत्सुक हैं। अगर डील हो जाती है तो एफएमसीजी सेक्टर में एक बड़ा विदेशी निवेश आ जाएगा।

हल्दीराम और टेमासेकोस के बीच 11 मार्च को डील हुई थी। टेमासेकोस ने कई अन्य दिग्गज कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए यह डील की है। बता दें, टेमासेकोस ने हल्दीराम स्नैक्स में 09 से 10 प्रतिशत हिस्सा खरीदा है।

**FMCG सेक्टर का सबसे बड़ा निवेश:** यह डील किसी विदेशी निवेशक के द्वारा स्न्स्ब्त्त सेक्टर में सबसे बड़ा निवेश है। किसी विदेशी इंवेस्टमेंट फर्म का कंपनी में पैसा लगाना बताता है कि देश के अंदर फूड और रिटेस स्पेस कितने तेजी के साथ बढ़ रहा है। भारत में बढ़ती आय और खपत के बीच दुनिया भर के निवेशकों के लिए यह एक बड़ा हॉटस्पॉट बन चुका है।

हल्दीराम में टेमासेकोस की हिस्सेदारी खरीदना उनकी लम्बी रणनीति का हिस्सा है। मार्च 2024 तक सिंगापुर की इंवेस्टमेंट फर्म का देश की अलग-अलग कंपनियों में कुल निवेश 37 अरब डॉलर का था। अगले 3 साल में फर्म 10 बिलियन डॉलर के निवेश की तैयारी में है। इस निवेश के साथ ही टेमासेकोस भारत के अंदर अपना पोर्टफोलियो हेल्थ और फूड टेक से अलग हटते हुए अन्य सेक्टर में भी बढ़ा रहा है।

## एस कृष्णन का दावा: इलेक्ट्रॉनिक्स बनने जा रहा है दुनिया का सबसे बड़ा मैन्यूफेक्चिरिंग सेक्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग दुनिया भर में और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि तमिलनाडु का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत का नेतृत्व करने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। यह बयान कृष्णन ने केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा अनुबंध निर्माण फर्म, जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधा के उद्घाटन के दौरान दिया। यह कार्यक्रम श्रीपेरंबदूर में आयोजित किया गया था जिसमें तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, जेटवर्क के सीईओ और सह-संस्थापक अमृत आचार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के अध्यक्ष जोश फॉल्गर ने भी भाग लिया।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 15 अरब डॉलर का उछाल, तीन साल में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल आया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 15.267 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर हो गया है। यह बीते तीन साल में एक सप्ताह में हुई सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है।

### बीते चार महीने रहा गिरावट का दौर

विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग चार महीने तक गिरावट रही और हाल ही में यह 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिसमें कुछ सप्ताह बढ़त और कुछ सप्ताह गिरावट देखी गई। इससे पहले बीते साल सितंबर में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने अभी तक के सबसे उच्च स्तर 704.89 अरब डॉलर के आंकड़े को छुआ था, लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट रही और फिलहाल यह अपने उस उच्चतम स्तर से सात प्रतिशत नीचे है।



### 74 अरब डॉलर का सोने का भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की वजह रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रुपये में तेज गिरावट को रोकना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रुपया अब अमेरिकी डॉलर की तुलना में सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 557.282 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में सोने का भंडार 74.325 अरब अमेरिकी डॉलर है। अनुमान के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 10-11 महीने के अनुमानित आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 अरब डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। 2024 में, भंडार में 20 अरब डॉलर से थोड़ा ज़्यादा की वृद्धि हुई।

## गोल्ड बना निवेशकों की पहली पसंद, कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर, और चमकेगा सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में निवेशकों ने शेयर बाजार से हटकर अब सोने की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद से ही राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के बीच गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में निवेश का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। इसका नतीजा यह हुआ कि सोने की कीमतें लगातार नए रिकॉर्ड बना रही हैं। 2022 में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण निवेशकों ने सोना छोड़ दिया था लेकिन अब जब बाजारों में संकट के संकेत हैं और ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीद है, तो वे दोबारा गोल्ड ईटीएफ की ओर लौट रहे हैं। इस साल अब तक अमेरिका में गोल्ड ईटीएफ होल्डिंग 68.1 टन बढ़कर 1,649.8 टन हो चुकी है, जो 4.3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

**गोल्ड ने छुआ 3,000 का स्तर, आगे और उछाल संभव:** बता दें कि शुक्रवार को पहली बार सोने की कीमत 3,000 प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों की इस सुरक्षित संपत्ति में बढ़ती रुचि के चलते कीमतों में और बढ़त संभव है। Macquarie ने अपने अनुमान में कहा है कि दूसरी तिमाही में सोने की कीमत 3,500 प्रति औंस तक जा सकती है।

# चोरी का डर और पैसे की कमी... पाकिस्तान में एक भी ट्रेन बिजली से नहीं चलती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक का मामला अभी खत्म नहीं हुआ है। इस ट्रेन को पाकिस्तान में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हाईजैक किया था। बीएलए ने इस ट्रेन में सैकड़ों यात्रियों को बंधक बना लिया। अब इन्हीं बलूच विद्रोहियों ने दावा किया है कि उसने 214 बंधकों को मार डाला है, जिनमें पाकिस्तानी सेना के जवान और अफसर शामिल थे। भारत और पाकिस्तान के बीच रेलवे की नवभारत टाइम्स की सीरीज का आज तीसरा पार्ट पढ़ें। इसमें हम बताएंगे कि किस प्रकार पाकिस्तान में आज भी कोई ट्रेन बिजली से नहीं चलती है। सारी ट्रेन डीजल के माध्यम से ही चलती हैं। ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान में बिजली से ट्रेनें न चली हों। लेकिन तारा चोरी और पैसे की कमी के कारण पाकिस्तान सरकार इलेक्ट्रिफिकेशन को आगे नहीं बढ़ा पाई।

### साल 2009 में शुरू हुई थी सेवा

आजादी के बाद से ही पाकिस्तान डीजल से चलने वाली ट्रेनों के भरोसे रहा। साल 2009 में पाकिस्तान में पहली बार बिजली से चलने वाली ट्रेन शुरू हुई थी। यह ट्रेन लाहौर से खनेवाल के बीच करीब 300 किमी की दूरी तय करती थी। यह ट्रेन सिर्फ एक साल ही चली और साल 2010 में इसे बंद कर दिया गया। इस रूट पर फिर से डीजल से चलने वाली ट्रेन शुरू की गईं। इसके बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान में कोई भी ट्रेन बिजली से नहीं चली।

### क्यों बंद हुई बिजली की ट्रेन?

पाकिस्तान में बिजली की ट्रेन बंद होने के दो प्रमुख कारण सामने आए। पहला चोरी और दूसरा पैसे की कमी। इसमें चोरी का कारण बहुत ही अजीबो-गरीब रहा।

दरअसल, बिजली की ट्रेनों को शुरू करने के लिए कई कंपनियों को ठेका दिया गया। इलेक्ट्रिफिकेशन में कॉपर वायर और कंडक्टर की जरूरत पड़ती थी। ये कंपनियां रात को सामान छोड़ देती थीं। सुबह को जब कर्मचारी काम पर आते थे, तो पता चलता था कि कॉपर वायर और कंडक्टर चोरी हो गए हैं। करीब 80 फीसदी वायर चोरी हो गया था। वहीं 75 फीसदी कंडक्टर चोरी हो गए थे। ऐसे में कंपनियों को काफी नुकसान हो रहा था। पाकिस्तान पुलिस भी इस चोरी को नहीं रोक पा रही थी। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम बंद दिया गया। बाकी बचे कंडक्टर को बेच दिया गया था।

### पैसे की भी कमी

पाकिस्तान के पास पैसे की कमी हमेशा रही है। वह अपनी बिजली से चलने वाली ट्रेनों के प्रोजेक्ट को आर्थिक तंगी की वजह से भी आगे नहीं बढ़ा पाया। पाकिस्तान को इलेक्ट्रिक इंजन खरीदना महंगा लग रहा था। वहीं खंभे लगाने, वायर आदि में भी काफी पैसा खर्च होता। आर्थिक तंगी के कारण भी पाकिस्तान ने बिजली की ट्रेन चलाने के प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया और डीजल से चलने वाली ट्रेनों के ही भरोसे रहा।

### कबाड़ हो रहे इलेक्ट्रिक इंजन

पाकिस्तान के पास इस समय 25 से ज्यादा इलेक्ट्रिक इंजन हैं। चूंकि अब इसका इस्तेमाल नहीं होता, ऐसे में कई इंजन कबाड़ में बदल रहे हैं। वहीं कुछ इंजनों का रखरखाव किया जाता रहता है। वह इसलिए ताकि आगे इलेक्ट्रिक ट्रेन का प्रोजेक्ट फिर से शुरू हो तो इन इंजनों को काम में लिया जा सके।

### भारत में कितना है रेल लाइन इलेक्ट्रिफिकेशन?

भारत की बात करें तो यहां ट्रेन का तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ है। लगभग सभी बड़े-बड़े रूट पर बिजली से ही चलने वाली ट्रेन दौड़ती हैं। भारतीय रेलवे धीरे-धीरे डीजल की ट्रेनों पर निर्भरता कम कर रहा है।

साल 2021 में भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारत में अभी भी 37 प्रतिशत ट्रेन डीजल पर चलती हैं। वहीं बाकी 63 प्रतिशत ट्रेन बिजली के माध्यम से चलती है। यानी 60 फीसदी से ज्यादा ट्रेन बिजली से चलती हैं। चूंकि यह आधिकारिक डेटा करीब 4 साल पुराना है। ऐसे में इतने समय में बिजली से चलने वाली ट्रेनों की संख्या और बढ़ चुकी होगी। भारतीय रेलवे के मुताबिक साल 2024 तक 97 फीसदी रेल लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है।

## भारत-चीन के व्यापार में अंतिम तिमाही में वृद्धि, कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन: रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व निकाय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत व चीन ने 2024 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार किया। रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी की संभावना की चेतावनी दी है। इसके मुताबिक, विकासशील देशों, खासकर चीन व भारत में जहां व्यापार विस्तार हुआ, वहीं कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट में कहा गया है कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह अपडेट मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है। इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए। चीन, भारत के व्यापार में, विशेष रूप से निर्यात में वृद्धि जारी रही।

### व्यापार में 8 प्रतिशत की तिमाही आयात वृद्धि

अमेरिका में, 2024 की चौथी तिमाही में आयात वृद्धि ठीक रही, वहीं निर्यात वृद्धि घट गई। भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में माल व्यापार में तिमाही आधार पर 8 प्रतिशत और वार्षिक आधार पर 6 प्रतिशत आयात वृद्धि दर्ज की। तिमाही निर्यात 7 प्रतिशत और सालाना 2 प्रतिशत निर्यात वृद्धि रही।

### भारत-द.अफ्रीका के लिए सेवा व्यापार मजबूत

2024 की चौथी तिमाही में सेवा व्यापार में वृद्धि जारी रही। यह दर्शाता है कि सेवा व्यापार में सकारात्मक रुझान अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिर हो सकता है। भारत व दक्षिण अफ्रीका के लिए सेवा व्यापार में वृद्धि मजबूत रही। वार्षिक आधार पर कई सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सेवा व्यापार वृद्धि दहाई अंक के आंकड़े तक पहुंच गई।

## 2 महीने में दूसरी बार बोनस शेयर दे रही है कंपनी, इस बार मिलेगा 2 शेयर फ्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पद्म कॉटन यार्न्स के शेयर इसी हफ्ते एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रहा है। 200 रुपये से कम की कीमत वाला यह स्टॉक 2 शेयर बोनस के तौर पर दे रहा है। दो महीने में दूसरी बार कंपनी के शेयर एक्स-बोनस ट्रेड करने वाला है।



**18 मार्च को है रिकॉर्ड डेट:** पद्म कॉटन यार्न्स ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 3 शेयर पर 2 शेयर बोनस के तौर पर देने का फैसला किया है। कंपनी ने 18 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जो निवेशक इस बोनस इश्यू का फायदा उठाना चाहते हैं उन्हें कल शेयर खरीदना होगा।

**जनवरी में एक्स-बोनस ट्रेड की थी कंपनी:** इससे पहले कंपनी इसी साल जनवरी के महीने में एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर पर ट्रेड किया था। तब कंपनी की तरफ से निवेशकों को एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया गया था। बता दें, नवंबर 2024 में कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। कंपनी ने एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया था।

**1 साल में 600 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न:** कंपनी ने रिटर्न भी अपने पोजीशनल निवेशकों को अच्छा दिया है। बीते 6 महीने के दौरान पद्म कॉटन यार्न्स के शेयरों का भाव 250 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। वहीं, एक साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 600 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। कंपनी का 52 वीक हाई 212.60 रुपये है। और कंपनी का 52 वीक लो लेवल 16.01 रुपये है।

गुरुवार को मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर पद्म कॉटन यार्न्स के शेयरों का भाव बीएसई में 159.10 रुपये पर था। बता दें, बीते 2 सालों में कंपनी के शेयरों का भाव 1400 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है।

## सुस्त बाजार में रेंग रहा मुकेश अंबानी की कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की बिकवाली के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी- आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। बीते 3 मार्च को शेयर 14 रुपये के निचले स्तर तक आ गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है। हालांकि, आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को यह शेयर 15.94 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.60 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। बता दें कि आलोक इंडस्ट्रीज मुकेश अंबानी की उन कंपनियों में शामिल है जिसके शेयर की कीमत 100 रुपये से भी कम है। इसके अलावा डेन नेटवर्क्स समेत कई और शेयर हैं जो 100 रुपये से कम पर कारोबार कर रहे हैं। आलोक इंडस्ट्रीज टेक्सटाइल कंपनी है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर की 75 फीसदी, पब्लिक शेयरहोल्डर्स की 25 फीसदी हिस्सेदारी है। इस कंपनी में रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन की संयुक्त हिस्सेदारी है। इसमें रिलायंस की 40.01 प्रतिशत और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी की 34.99 प्रतिशत का दांव है। कंपनी के तिमाही नतीजे की बात करें तो दिसंबर तिमाही में 273 करोड़ का घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में 229.92 करोड़ का घाटा हुआ था। परिचालन से राजस्व 31.06 प्रतिशत घटकर 863.86 करोड़ हो गया।

### कंपनी कब आई वजूद में

जिवराजका बंधुओं द्वारा साल 1986 में एक निजी लिमिटेड कंपनी के रूप में स्थापित आलोक इंडस्ट्रीज का कारोबार आज काफी बढ़ चुका है। कंपनी ने साल 1989 में पहले पॉलिएस्टर टेक्सचराइजिंग प्लांट की शुरुआत की। 1993 तक एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी में बदल गई। कंपनी ने बुनाई, बुनाई, प्रोसेसिंग, घरेलू वस्त्र और परिधानों में विविधता लाई।

### बाजार का हाल

शुक्रवार को होली की वजह से बाजार बंद था। वहीं, शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 201 अंक लुढ़क गया। रियल्टी, आईटी तथा वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 73.30 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,397.20 अंक पर बंद हुआ।

### बंद हो जाएंगे स्टारबक्सऔर मैकडॉनल्ड्स के स्टोर? कई देशों में चीन की कंपनी से मिल रही कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय चीन के एक ब्रांड ने अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियों को टक्कर मिल रही है। यह ब्रांड भारत समेत दुनिया के कई देशों में तेजी से पैर पसार रहा है। इसका नाम मिक्स्यू बिंगचेंग है। यह पेय पदार्थ कंपनी है। देखते ही देखते यह दुनिया की सबसे बड़ी स्न×क्व चेन बन गई है। इसने आउटलेट्स की संख्या में स्टारबक्स और मैकडॉनल्ड्स को भी पीछे छोड़ दिया है। मिक्स्यू बिंगचेंग का मतलब होता है हनी स्नो आइस सिटी। ये कंपनी आइसक्रीम, कॉफी और बबल टी जैसे सस्ते प्रोडक्ट्स बेचती है। इससे पूरे क्षेत्र में मीठे खाने के शौकीनों को फायदा हो रहा है। इंडोनेशिया में मिक्स्यू के 2600 से ज्यादा आउटलेट हैं।

# रेखा झुनझुनवाला के पोर्ट फोलियो में नए शेयर की एंट्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बिग बुल के नाम से चर्चित रहे दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा ने पिछले कुछ वर्षों में अपने निवेश पोर्टफोलियो का काफी विस्तार किया है। हाल में रेखा झुनझुनवाला ने इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस के शेयर पर दांव लगाया है।

**क्या है डिटेल:** वित्त वर्ष 2025 की सितंबर से दिसंबर तिमाही तक बाजार में करेक्शन का दौर चला और इस माहौल के बीच टाइटन में रेखा झुनझुनवाला की होल्डिंग्स का मूल्य लगभग 15 प्रतिशत कम हो गया। इसके उलट झुनझुनवाला ने पोर्टफोलियो में इन्वेन्टुरस नॉलेज सॉल्यूशंस को शामिल किया है। बता दें कि इस कंपनी को दिसंबर 2024 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध किया गया था। इस शेयर का प्राइस बैंड 1,329 रुपये पर था। इसका वर्तमान मूल्य 1,651 रुपये है। 26 दिसंबर 2024 को शेयर 2,190 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं, 28 जनवरी को शेयर 1,559 रुपये के निचले स्तर पर था।

**कितनी खरीदी हिस्सेदारी:** रेखा झुनझुनवाला समेत अन्य संस्थाओं ने मिलकर कंपनी में 8,46,68,326 इक्विटी शेयर या 49.3 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं, जिसकी कीमत आज के हिसाब से 14,450 करोड़ रुपये है। कंपनी का लगभग आधा हिस्सा झुनझुनवाला के सहयोगियों के पास है। रेखा झुनझुनवाला के निजी निवेश के अलावा झुनझुनवाला परिवार के विभिन्न ट्रस्टों ने भी कंपनी में अहम हिस्सेदारी हासिल की है। इसमें आर्यमन झुनझुनवाला ट्रस्ट 4,623.2 करोड़ रुपये (16.4 प्रतिशत), आर्यवीर झुनझुनवाला ट्रस्ट 4,623.2 करोड़ रुपये (16.4 प्रतिशत) और निष्ठा झुनझुनवाला ट्रस्ट 4,623.2 करोड़ रुपये (16.4 प्रतिशत) शामिल हैं। रेखा राकेश झुनझुनवाला के पास 64.3 करोड़ रुपये (0.2 प्रतिशत) की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी है। वहीं, रेयर एंटरप्राइजेज के पास 32.1 लाख रुपये की छोटी हिस्सेदारी है। इसके उलट टाटा की कंपनी- टाइटन के शेयरों ने बुधवार को अपने 52 सप्ताह के निचले स्तर को छुआ। दिवंगत निवेशक राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला के पास दिसंबर 2024 तिमाही की अवधि के दौरान टाइटन कंपनी के 1.07 प्रतिशत या 95.40 लाख शेयर थे। बता दें कि झुनझुनवाला ने 2002 की शुरुआत में ही शेयर में निवेश करना शुरू कर दिया था।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 16-03-2025 22:06 Page 1



# 22 लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही हालात काबू में, प्रशासन चौकस

- होली की जुलूस के दौरान हुआ था बवाल
- कुछ वाहनों में भी लगाई गई थी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड के गिरिडीह जिले में शुक्रवार को होली जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई। घटना में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा दुकानों और वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस ने इस मामले में 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल घोरथंबा में उस समय यह घटना हुई, जब एक समूह ने होली के जुलूस का इलाके से गुजरने पर विरोध किया। उसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव कर दिया।

पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि चार दुकानों, पांच मोटरसाइकिल और दो चारपहिया वाहनों में आग लगा दी गई। एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि दो समुदायों के बीच झड़प हुई, लेकिन उसमें किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। स्थिति अब नियंत्रण में है। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बीच उपविकास आयुक्त स्मिता कुमारी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है। इस मामले की जांच की जा रही है और प्रभावित इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

खोरीमहुआ सब डिवीजन के एसडीएम अनिमेष रंजन ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और शांतिपूर्ण है। कल मजिस्ट्रेट और बल यहां थे। स्थिति तुरंत नियंत्रण में आ गई। डीडीसी स्मिता कुमारी ने बताया कि मजिस्ट्रेट आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं। पुलिस तैनात कर दी गई है और स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इससे पहले शुक्रवार को यह घटना उस समय हुई, जब घोड़थंभा चौक के पास एक गली से होली का जुलूस गुजर रहा था। दो समुदायों के बीच विवाद के कारण अराजकता फैल गई, जो करीब एक घंटे तक चली। उपद्रव की सूचना मिलने पर जिला मुख्यालय से अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने उपद्रवियों को तितर-बितर किया। शुक्रवार को एसपी डॉ. बिमल ने स्थिति पर बात करते हुए कहा कि घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन आरोपियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारी ने बताया था कि होली समारोह के दौरान घोड़थंभा ओपी क्षेत्र में दो समुदायों के बीच झड़प की घटना सामने आई है। हम इसमें शामिल लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया में हैं। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। कुछ वाहनों में आग भी लगाई गई।

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी की दुखद घटना हेमंत सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक तंत्र की विफलता का परिणाम है। हिंदुओं के पर्व त्योहारों पर हिंसा करना नया ट्रेंड बन गया है और इसे बढ़ावा दे रही है घुसपैठियों की संरक्षक झामुमो कांग्रेस की सरकार। हर हिंदू पर्व त्योहार में हिंसा-उन्माद की घटनाएं देखकर ऐसा लगने लगा है कि राज्य सरकार खुद हिंदू विरोधी तत्वों को हिंसा के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पर्व त्योहारों से पूर्व की जाने वाली शांति समिति की बैठकें, प्रशासन के फ्लैग मार्च सिर्फ औपचारिकता बन कर रह गए हैं।'

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुख्यमंत्री फिसड्डी साबित हुए हैं। हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया था, इसके बावजूद गिरिडीह में अप्रिय घटना को अंजाम दिया गया।

# बिहार आबकारी विभाग की गाड़ी से शराब बरामद

## कर्मी फरार, गाड़ी जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** पथरगामा थाना क्षेत्र के ऊरकुसिया चेक नाका पर झारखंड राज्य से सटे बिहार प्रांत के आबकारी विभाग की बोलेरो गाड़ी की डिक्की से शराब बरामद हुई है।

शराब लेकर झारखंड से बिहार जा रही आबकारी विभाग की गाड़ी को उरकुसिया चेक नाका पर तैनात चौकीदार ने देख लिया। इसके बाद गाड़ी को रोककार देखा गया तो उसके अंदर से शराब बरामद हुई।

घटना की जानकारी फोन के माध्यम से पथरगामा थाना प्रभारी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस पदाधिकारी को घटनास्थल पर भेजा। इस बीच बिहार आबकारी विभाग के पदाधिकारी चेक नाका पर तैनात चौकीदार के साथ मारपीट करने लगे।

चेक नाका के आसपास के लोगों ने गाड़ी से उतरकर चौकीदार के साथ हो रही मारपीट को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों की अपनी और आते हुए देखकर कर बिहार आबकारी विभाग के कर्मी चेक नाका से भाग खड़े हुए। इस दौरान ग्रामीणों मे गाड़ी को घेर लिया।

इस आशय की जानकारी हिलने पंचायत के मुखिया गौतम कुमार गुप्ता को मिली, इसके बाद वे भी नाका पहुंचे। इस बीच पथरगामा थाना के पदाधिकारी चेक नाका आकार बिहार आबकारी विभाग की गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर थाने चले गए।




हिलने पंचायत के मुखिया ने कहा कि जो विभाग बिहार में शराब पीने वालों पर नकेल कस रही है, वहीं विभाग झारखंड से बिहार शराब ले जाकर बेचने का काम करती है। अब देखना है कि अवैध शराब के कारोबार में लोगों के बाद क्या आबकारी विभाग भी हथकड़ी पहनती है। अब बिहार आबकारी विभाग को हथकड़ी कौन पहनाएगा?

इस बारे में सवाल पूछे जाने पर एसडीपीओ गोड्डा अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि उरकुसिया चेक नाका पर पकड़े गए शराब की गाड़ी के मामले में पुलिस जांच कर रही है। जांच के क्रम में दोषी के ऊपर पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसपी ने जवानों संग मनायी होली, उड़े गुलाल

## फाग गाकर जवानों को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** होली का आयोजन राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में हुआ। आम जनता के साथ रांची पुलिस भी होली के रंग में रंगी नजर आई। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आवास पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली का आयोजन किया गया। रांची के तमाम पुलिसकर्मी उत्साहित नजर आए और एकजुटता के साथ होली के त्योहार को मनाया।

होली का त्योहार खुशियों का सौगात लेकर आता है। राजधानी रांची में लोग उत्साह के साथ शांति पूर्वक होली मनाए। इसका श्रेय रांची पुलिस को जाता है। त्योहार के दौरान ड्यूटी के साथ पुलिसकर्मी होली मनाते हुए नजर आए। दरअसल, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रांची के श्री सिन्हा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पुलिसकर्मी उत्साह और उमंग के साथ होली मनाते हुए नजर आए। फगुआ का गीत रांची एसएसपी समेत एसडीओ उत्कर्ष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर रांची राजेश्वर नाथ आलोक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों द्वारा गुनगुनाया गया, जो होली का उत्साह दोगना कर दिया।

श्री सिन्हा ने फगुआ गीत गाकर होली की शुभकामनाएं



दी। जनता के लिए सदैव तत्पर रहने वाले रांची के पुलिसकर्मी समय निकालकर होली के त्योहार को खुशी-खुशी मनाते हुए नजर आए। रांची रढ चंदन सिन्हा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

होली के मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी खुद को रोक नहीं पाए। परंपरा के अनुसार, उन्होंने खुद फगुआ गीत गाया। जो की सभी पुलिसकर्मियों के उत्साह को बढ़ाने का काम किया। फगुआ गीत गाकर रांची एसएसपी ने शुभकामनाएं दी। मीडिया से बातचीत के दौरान भी उन्होंने फगुआ गीत के जरिए कहा, होली हो या रामनवमी या विधानसभा चुनाव फिर सावन महीना, पुलिस को छुट्टी नहीं मिलती है। जनता के लिए पुलिस हमेशा उपलब्ध है। रांची की जनता न घबराए। रांची पुलिस उनके सुरक्षा के लिए तत्पर है।

## शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** रंगों का पर्व टुण्डी में इस बार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार होली के ठीक एक दिन पहले टुण्डी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमाशंकर के नेतृत्व में पुलिस टीमों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। जिससे असामाजिक तत्वों को कुछ भी करने से कानूनी अड़चनें पैदा होने का डर सताने लगा। साथ ही गांव के बुद्धिजीवी व प्रबुद्ध लोगों के कारण भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में होली संपन्न हो गया। इस वर्ष तो डीजे साउंड सिस्टम कहीं से भी सुनने को नहीं मिला जिससे होली पर्व को मनाने में और भी आनंद की अनुभूति लोगों में रहा।कुल मिलाकर टुण्डी में होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया सभी लोगों ने स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा टुण्डी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर को शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व संपन्न कराने के लिए बधाई दी है एवं सराहनीय कदम बताया है।

# गिरिडीह की घटना से हेमंत सरकार पर बिफरी भाजपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह जिले में शुक्रवार को होली समारोह के दौरान दो समुदायों के बीच हुई हिंसा के लिए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस और सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियों ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दिया है। इससे जनसांख्यिकी बदलाव आया और अशांति पैदा हुई। उन्होंने राज्य में एनआरसी और परिसीमन की मांग करते हुए कहा कि अगर ऐसा न हुआ तो झारखंड बांग्लादेश में मिल जाएगा।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि होलिका दहन पर मेरे क्षेत्र में भी ऐसी ही घटना हुई। मैनें डीसीपी से बात की, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कहा था कि 81 विधानसभा क्षेत्रों में से 30 में मतदान 50 फीसदी से बढ़कर 150 फीसदी हो गया है। इसका कारण बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं।

उन्होंने कहा कि देवघर में दुकानें जलाई गईं। यह सब कांग्रेस की नीतियों के कारण है, जो किसी न किसी बहाने बांग्लादेशियों को ला रही है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने इन घुसपैठियों को रिहा किया था। अब आदिवासियों की आबादी घट रही है। उनकी आबादी 45 फीसदी से घटकर 22-23 फीसदी हो गई है और मुस्लिम 9 फीसदी से बढ़कर 28-29 फीसदी हो गए हैं।

सांसद ने दावा किया कि पूरे झारखंड को वोट बैंक की राजनीति ने जकड़ लिया है और अगर कांग्रेस के खिलाफ कोई बड़ा जनांदोलन नहीं हुआ तो हम राज्य खो देंगे। यहां के सीएम को सिर्फ चुनाव जीतना है। इसीलिए सरस्वती पूजा, दुर्गा पूजा, महाशिवरात्रि, होली, ईद के नाम पर ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। अगर एनआरसी और परिसीमन लागू नहीं हुआ तो अलग विधानसभा चुनाव होंगे। अलग राज्य की मांग की जाएगी और झारखंड को बांग्लादेश में मिला दिया जाएगा।

गिरिडीह हिंसा पर भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम इसकी निंदा करते हैं। हेमंत सोरेन सरकार हिंदू समुदाय पर अत्याचार कर रही है। हर बार जब हिंदू त्योहारों पर हमला होता है, तो हेमंत सोरेन के लोग इसके पीछे होते हैं। फिर वे भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हैं और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। मैं सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि इसे रोकें। नहीं तो भाजपा कार्यकर्ता राज्य सरकार के खिलाफ संघर्ष करने में देरी नहीं करेंगे।

झारखंड के गिरिडीह जिले में शुक्रवार को होली जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई। घटना में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा, कम से कम तीन दुकानों और वाहनों में कथित तौर पर आग लगा दी गई।घटना घोरथंबा में उस समय हुई जब एक समूह ने होली के जुलूस का इलाके से गुजरने का विरोध किया, जिसके बाद झड़प हो गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया।

एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि कल दो समुदायों के बीच झड़प हुई। स्थिति अब नियंत्रण में है। सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। हमने घटना में शामिल दोनों पक्षों के उपद्रवियों की पहचान कर ली है। हम और लोगों की पहचान करेंगे, जिनकी पहचान हो गई है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पावर सब स्टेशन में लूटपाट करने वाले सात को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरी।** निमियाघाट पावर सब स्टेशन में लूटपाट करने वाले सात अपराधियों को डुमरी अनुमंडल पुलिस ने दबोचा है।

डुमरी एसडीपीओ ने बताया कि गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार ने लूट कांड के बाद एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित की थी। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने टेक्निकल सेल के माध्यम से सबसे पहले ओम प्रकाश यादव को उसके घर से पकड़ा।

टीम ने लूटकांड में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी, पावर हाउस के कर्मी से लूटी गई मोटरसाइकिल, एलईडी टीवी, अपराध कर्मियों का मोबाइल, चाकू, कट्टा भी बरामद कर लिया है। ओम प्रकाश यादव की निशानदेही पर घटना को अंजाम देने वाले अन्य छह आरोपियों को भी दबोच लिया गया है। सभी को शनिवार शाम को न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा भेज दिया गया।

निमियाघाट प्रतापपुर पॉवर सब स्टेशन में 12 मार्च की देर रात अपराधियों ने चाकू और भाला का भय दिखाकर कर्मियों को बंधक बना कर पिटाई की थी। अपराधी सामान लूट कर ले गए थे।

एसडीपीओ ने बताया कि घटना को लेकर थाना में 12 मार्च को बिजली विभाग के कार्यरत कर्मचारी युगल राम ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। आवेदन के आधार पर धनबाद, गिरिडीह, बोकारो जिला में घटना को अंजाम देने वाले पकड़े गए।

विभिन्न जिलों में इस तरह की घटनाओं को वे अंजाम दे चुके थे। लूटे गये सभी सामान भी इनके पास से बरामद कर लिए गए हैं।

लूटकांड में मनीष कुमार यादव उर्फ बटला डिगवाडीह 10 नंबर निवासी, ओम प्रकाश यादव, नुनुडीह थाना सुदामडीह निवासी, अविनाश कुमार, नुनुडीह, छोटू अंसारी, डिगवाडीह (10 नंबर) मांझिडीह बस्ती, आरिफ खान उर्फ भूरा झरिया बाटा मोड़, इरफान अंसारी झरिया और जलील उर्फ कल्लू अंसारी झरिया को गिरफ्तार किया गया है।

# ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन की मौत

## बेटी के यहां श्राद्ध कर्म में जा रहे थे पति-पत्नी और बेटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जैंतगढ़।** ओडिशा में चंपुआ थाना अंतर्गत एनएच-20 पर रजिया दडिता चौक के पास एक मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।मृतकों की पहचान ओयबन प्रधान, उनकी पत्नी मथामणि प्रधान और पुत्र मंगल प्रधान के रूप में की गयी। तीनों मृतक सननोई गांव के हैं।

बताया गया कि पिता, पुत्र और मां मोटरसाइकिल से अपनी बेटी-दामाद के घर दडीता में श्राद्ध क्रम में जा रहे थे तभी रिमली की ओर से आ रहे एक मालवाहक ट्रक ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी, जिसकी चपेट में बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए।

यह हादसा बेटी के घर से कुछ ही दूरी पर हुआ। हादसे में घटनास्थल पर ही ओयबन प्रधान की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी मथामणि प्रधान और पुत्र मंगल प्रधान की गंभीर स्थिति देखते हुए नजदीकी चंपुआ अस्पताल भेजा गया, जहां अस्पताल में पहुंचते ही माथामोणी प्रधान की मौत हो गई।

पुत्र मंगल प्रधान की गंभीर स्थिति देखे हुए उसे क्योंझर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुत्र की भी वहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। बेटी-दामाद के घर में और परिजनों में मातम पसर गया है।

होली के दिन सड़क दुर्घटना से तीनों की मौत हो जाने से दडीता सननोई गांव और आसपास के गांवों में शोक की लहर छा गई।

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर एनएच 20 सड़क जाम कर दी। लोगों ने बीच सड़क पर टायर जलाकर आवागमन बाधित कर दिया था। किसी भी वाहन को आने जाने नहीं दिया गया।

घटना की सूचना मिलाने पर चंपुआ के एसडीओपी, तहसीलदार घटनास्थल पर पहुंचे लोगों को समझाकर जाम हटवाया। इसके बाद तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया। इस बीच हाइवे लगभग पांच घंटे तक जाम रहा।

एनएच-20 मार्ग पहले की अपेक्षा अब काफी घनी आबादी वाला क्षेत्र हो गया है। इस मार्ग में बेधड़क बड़े-बड़े मालवाहक ट्रक लौह अयस्क लेकर बड़बिल, पारादीप को जाते हैं।

यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में ट्रक का आवागमन होता है। इस चौक के पास हमेशा दुर्घटना होते रहती है। लोगों की मांग है कि चौक में स्पीड ब्रेकर बनवाया जाए। मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा तथा ट्रक ड्राइवर की अविलंब गिरफ्तारी की जाए।

## शराब बनाने वाले गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

**जामताड़ा।** गुरुवार की देर रात में करमाटांड़ थाना की पुलिस को नकली शराब बनाने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। वहीं हजारों रुपये की नकली शराब जब्त की है।

करमाटांड़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु आइपीएस राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना मिली था कि बाइक सवार दो व्यक्ति बोरे में नकली शराब छुपाकर नारायणपुर से मोहनपुर होते हुए करमाटांड़ गोपालपुर ले जा रहे हैं।

इसी आधार पर जांच, सत्यापन एवं गिरफ्तारी को छापामारी की गई। मोहनपुर मोड़ में एंटी क्राइम वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया, जिसमें करीब 5:30 बजे एक मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति जो बीच में एक बड़ा बोरा लेकर रखा हुआ था, नारायणपुर की तरफ से आ रहे थे।

पुलिस बल को देखते हुए दोनों ने बाइक से भागने का प्रयास किया। इसके बाद वहां उपस्थित छापामारी दल द्वारा पकड़ लिए गए। जांच के क्रम में बोरे में बंद शराब की बोतल एवं शराब की बोतल में चिपकाने वाली स्टिकर मिले।

# खलारी के लोगों को अब निर्बाध मिलेगी बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खलारी।** खलारी के लोगों के लिए निर्बाध बिजली पाने की दिशा में एक खुशखबरी है। खलारी को बिजली आपूर्ति करने वाले जेबीवीएनएल के बचरा विद्युत सब स्टेशन को आगामी 31 मार्च तक बेड़वारी (बुड़मू) ग्रिड से जोड़ दिया जाएगा। उक्त जानकारी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, मांडर के सहायक विद्युत अभियंता प्रेम दास ने दी है। बुड़मू प्रखंड क्षेत्र के बेड़वारी में नया पावर ग्रिड बनाया गया है। वहां से बचरा सब स्टेशन तक 33 हजार वोल्ट ट्रांस्मीशन लाइन का कार्य अंतिम चरण में है। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि पोल लगाने संबंधी जमीन को लेकर थोड़ी बाधा है, परंतु इसे सुलझा लिया जाएगा।

करीब छह दशक पुराने बचरा सब स्टेशन से खलारी, हेंदेगीर, राय सहित 50 हजार से अधिक आबादी को बिजली आपूर्ति की जाती है। मालूम हो कि वर्तमान में बचरा सब स्टेशन को करीब 35 किमी दूर पतरातू से 33 हजार वोल्ट की बिजली आपूर्ति की जाती है। बेड़वारी ग्रिड से जुड़ जाने से बचरा को निर्बाध बिजली मिलने लगेगी।

बचरा विद्युत सब स्टेशन से बिजली पाने वाले खलारी, राय, हेंदेगीर आदि जगहों के घर-घर तक 24 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति की तैयारी की जा रही है। इसके लिए हाल ही में बचरा सब स्टेशन में व्यापक पैमाने पर मरम्मती कार्य किया गया है। सब स्टेशन के स्विचगियर से लेकर कंट्रोल पैनल तक को दुरूस्त किया गया है।

सभी खराब उपकरणों को बदलकर नया लगाया गया है। हाल ही में बचरा से खलारी के बीच 11 हजार ट्रांस्मीशन लाइन के अगल बगल के पेड़ की टहनियों को काटा गया है, ताकि ट्रांस्मीशन लाइन के कारण बाधा न हो।

पावर सब स्टेशन (पावर सब-स्टेशन) एक ऐसी सुविधा है जो बिजली प्रणाली में विद्युत ऊर्जा को एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित करने और वितरित करने के लिए उपयोग की जाती है। यह एक महत्वपूर्ण भाग है जो बिजली को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होता है।

# सिक्किम में हुई दुर्घटना में धनबाद आइटीआई के दस छात्र हुए जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** सिक्किम के मंगन जिले में एक सड़क हादसे में आइआइटी आइएसएम धनबाद के 10 छात्र घायल हो गए। यह दुर्घटना रात करीब 9:30 बजे पाखशेप जंगल क्षेत्र के पास हुई, जब लाचुंग से गंगटोक जा रहे एक पर्यटक वाहन का नियंत्रण खो गया और वह सड़क से नीचे 100 फीट गहरी खाई में गिर गई।

वाहन में आइआइटी आइएसएम के छह छात्र और चार छात्राएं सवार थे। हादसे में चालक समेत सभी यात्री घायल हो गए।

घायलों में से तीन छात्रों को इलाज के लिए गंगटोक स्थित एसटीएनएम अस्पताल भेजा गया।

तीन दिनों की होली की छुट्टी में एमबीए फर्स्ट ईयर के यह सभी छात्र सिक्किम घूमने निकले थे। आइएसएम प्रबंधन के अनुसार सभी सकुशल हैं।

संस्थान के सीनियर सिक्योरिटी इंचार्ज ने बताया कि छात्रों से बात हो चुकी है। सभी ठीक हैं। सभी छात्र विभिन्न राज्यों से हैं और तीन दिन की होली की छुट्टी मनाने सिक्किम गए हुए थे। सोमवार तक सभी धनबाद लौट आएंगे।

इधर दूसरी ओर बारामुड़ी स्थित श्रीगणेशा अपार्टमेंट के गार्ड 45 वर्षीय योगेश पासवान की मौत होने का मामाला सामने आया है। उसकी मौत रहस्यमय परस्थितियों में हुई है। गार्ड के मौत की सूचना पर अपार्टमेंट पहुंचे स्वजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के बीच मामला सुलह कराने का प्रयास कर रही है।

मामले के संबंध में बताया जाता है कि योगेश पासवान भूली ई बलाक सेक्टर पांच का रहने वाला है। शनिवार की सुबह करीब सात बजे वह अपनी ड्यूटी के लिए श्रीगणेशा अपार्टमेंट पहुंचा था। दिन भर ड्यूटी की और रात होने पर वह सो गया। रात्रि पाली वाले गार्ड जब अपार्टमेंट में पहुंचे तो उन्होंने पाया कि पूरे परिसर की बत्ती बंद है।

उन्होंने पहले बत्ती जलाया और फिर देखा कि योगेश सो रहा है। उसे जगाने का प्रयास किया गया। जब उन्हें शक हुआ तो अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को मामले की सूचना दी गई। साथ ही उसके स्वजनों को बुलाया गया। रविवार की सुबह स्वजनों ने अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों से पांच लाख रुपये मुआवजा की मांग की।

अपार्टमेंट निवासियों ने बताया कि वे पांच लाख देने में सक्षम नहीं है। उन्होंने 1.5 लाख तक मदद करने की बात कही। हालांकि स्वजन इस पर तैयार नहीं हैं। इधर पुलिस भी दोनों पक्षों में सुलह कराने का प्रयास कर रही है। जबकि योगेश की मौत कैसे हुई, इसको लेकर भी कोई भी कुछ कहने को तैयार नहीं है।

## अलग-अलग दो शवों के मिलने से सनसनी

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के दो अलग-अलग इलाकों से दो व्यक्तियों के शव बरामद हुए हैं। संदेह है कि दोनों की हत्या की गई है। पत्थर मार-मारकर उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, एक शव शनिवार सुबह चुटिया थाना क्षेत्र के बनास तालाब के पास मिला, जबकि दूसरा शव शुक्रवार शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में किशोरगंज चौक और बड़ा तालाब के बीच एक टेंट हाउस के पास बरामद हुआ। पुलिस उपाधीक्षक कुमार वी. रमन ने बताया कि तालाब के पास मिला शव दीपक नामक व्यक्ति का है जो बिहार का निवासी था और वह रांची में किराए के मकान में रहता था। उन्होंने बताया कि मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दूसरा शव कबाड़ बीनने वाले एक व्यक्ति का है, लेकिन उसके नाम और पते के बारे में जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि दोनों व्यक्तियों की हत्या पत्थर मारकर की गई।

# रिम्स में प्री-नेटल जांच प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** अब राज्य में बीटा-ग्लोबिन (एचबीबी) जीन की सिक्वेंसिंग जांच से गर्भावस्था में ही पता चल जाएगा कि होने वाला बच्चा थैलेसीमिया से पीड़ित होगा या सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित होगा। एचबीबी जीन की स्क्रीनिंग राज्य में पहली बार सरकारी संस्था रिम्स में शुरू हुई है।

इससे थैलेसीमिया से ग्रसित दंपतियों को एक नया वरदान मिला है। जांच के बाद वे यह जान सकेंगे कि होने वाला बच्चा किसी बीमारी से ग्रसित होगा या नहीं।

यदि जांच रिपोर्ट पॉजटिव आता है तो बच्चे को रखने या नहीं रखने का निर्णय दंपती ले सकेंगे। रिम्स के जेनेटिक एंड जीनोमिक्स विभाग में पहली बार प्री-नेटल जांच की व्यवस्था शुरू की गई है।

रिम्स में यह जांच सेंगर सिक्वेंसिंग मशीन के माध्यम से हो शुरू हो पाया है। यह सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक हैं, जिससे ऐसे खतरनाक बीमारियों का जन्म होने के पहले ही रोका जा सकेगा। यह जांच गर्भावस्था के 15 से 20 हफ्ते में हो सकेगी, जिसमें डीएनए की मदद से पता चल सकेगी बीमारी के बारे में।

सबसे पहले यह देखा जाता है कि पति और पत्नी में कौन थैलेसीमिया से पीड़ित है। यदि दोनों पीड़ित पाए जाते हैं तो फिर गर्भावस्था में गर्भवती के गर्भ से विशेष विधि से पानी निकाला जाता



जिसे एमनियोसेंटेसिस (एमनियोटिक द्रव का नमूना लेने की विधि) कहा जाता है। फिर उसे जांच के लिए ले जाया जाता है।

जांच में सबसे पहले पानी से डीएनए निकालकर अलग कर लिया जाता है और फिर उसकी एचबीबी जीन सिक्वेंसिंग की जाती है। जिससे यह पता चलता है कि गर्भ में पल रहे बच्चे को थैलेसीमिया या अन्य रक्त विकास जैसे सिकल सेल एनीमिया या नहीं।

थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चे की उम्र अधिक नहीं होती है। डाक्टरों के अनुसार अधिकतम आयु 20 से 25 वर्ष हो सकती है। इसमें भी काफी कष्ट के साथ पीड़ित को जीना पड़ता है। बचपन से ही हर माह या सप्ताह रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। इसके बाद कई तरह के दर्द व सूजन की समस्या से जुझना पड़ता है।

साथ ही एनेमिक यानी खून की कमी से पीड़ित होना आम बात हो जाती है। अभी राज्य में करीब 50 हजार से अधिक थैलेसीमिया के मरीज हैं जो रक्त विकार से ग्रसित हैं और लगातार उन पर हर वर्ष करोड़ों रुपये की दवा सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है, जिसके बाद भी इन मरीजों का संपूर्ण इलाज नहीं हो पाता, जो आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

एचबीबी सिक्वेंसिंग एक आनुवंशिक परीक्षण है जिसमें हीमोग्लोबिन और सबसे आम बीटा-थैलेसीमिया से जुड़े उत्परिवर्तन या वेरिएंट की पहचान करने के लिए एचबीबी जीन की सिक्वेंसिंग की जाती है। एचबीबी जीन बीटा-ग्लोबिन प्रोटीन को एनकोड करता है, जो हीमोग्लोबिन का एक घटक है जो लाल रक्त कोशिकाओं में आक्सीजन ले जाने वाला अंश है।

रिम्स में अभी तक सात दंपतियों को इसका लाभ मिला है। इसमें जेनेटिक एंड जीनोमिक्स विभाग से डॉ. अनुपा प्रसाद और गायनी विभाग की डॉक्टर किरण त्रिवेदी मिलकर ऐसे दंपतियों की जांच कर रही हैं। दोनों विभाग की डॉक्टर गर्भवतियों का सैंपल लेती हैं और उसकी जांच करती हैं।

# एफ-1: मैकलारेन के नोरिस ने ऑस्ट्रेलियाई जीपी जीती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लैंडो नोरिस ने एफ:1- 2025 अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए मैक्स वर्स्टैपेन के आखिरी समय में बढ़त को रोकते हुए रविवार 16 मार्च को ऑस्ट्रेलियाई GP जीता। बारिश और रोमांच से भरी इस रेस में लुईस हैमिल्टन ने फेरारी की तरफ से डेब्यू करते हुए 10वां स्थान हासिल किया, जबकि मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे।

अपने गृहनगर के हीरो ऑस्कर पियास्ट्री के लिए यह दिल तोड़ने वाला था क्योंकि एक समय पर वह बढ़त लेने की दौड़ में बने हुए थे, लेकिन बारिश की वजह से एक गलती के कारण वह पिछड़ गए और क्रम से पीछे हो गए। फेरारी के लिए यह निराशाजनक रेस वीकेंड रहा, क्योंकि उनकी योजना विफल हो गई और रेस के अंतिम चरण की ओर एक बड़ा दाव उल्टा पड़ गया। रविवार को रेस की शुरुआत से ही बारिश के कारण जैक डूलहान की कार दीवार से टकरा गई और पिछले साल के विजेता कार्लोस सैन्ज भी सेफ्टी कार के ट्रैक पर होने के बावजूद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। आठवें लैप के करीब ग्रीन फ्लैग दिखाई दिया, जिसमें नॉरिस आगे चल रहे थे और उनके ठीक पीछे वेरस्टैपेन थे। हैमिल्टन के लिए यह शुरुआत से ही निराशाजनक रेस थी, क्योंकि उनके आगे एल्बोन ने उन्हें नियंत्रित रखा हुआ था।

### हैमिल्टन फेरारी के साथ डेब्यू में 10वें स्थान पर




पियास्ट्री, जो वेरस्टैपेन का पीछा कर रहे थे, अंततः लैप 17 में एक शानदार चाल के साथ विश्व चैंपियन से आगे निकल गए। वेरस्टैपेन के टायर घिस रहे थे और उनकी स्पीड भी गिरने लगी, एक समय पर नॉरिस 10 सेकंड की बढ़त पर थे। पियास्ट्री नॉरिस करीब आने लगे, लेकिन उन्हें अपना स्थान बनाए रखने के लिए कहा गया, इससे पहले कि उन्हें बताया गया कि वे 34वें लैप में रेस के लिए स्वतंत्र हैं। अलोंसो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और यह ड्राइवरों के लिए टायर बदलने का समय था, जो वेरस्टैपेन, नॉरिस और हैमिल्टन जैसे लोगों ने किया। लेकिन और बारिश की वजह से नॉरिस और पियास्ट्री दोनों ही ट्रैक से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की हालत खराब रही क्योंकि बारिश बढ़ने के साथ ही वह ग्रिड के पीछे चले गए और वेरस्टैपेन ने बढ़त ले ली।

---

**रोमांचक:**

## अंग्रेजी-हिंदी के अलावा अब संस्कृत में कमेंट्री, क्रिकेट से जुड़े 150 से ज्यादा नए शब्द किए गए तैयार



**देवप्रयाग (श्रीनगर गढ़वाल), एजेंसी।** अंग्रेजी-हिंदी में तो हमने किक्रेट कमेंट्री सुनी है, लेकिन अब संस्कृत में भी कमेंट्री की जा रही है। यह देखना बेहद रोमांचक है। इसके साथ ही किक्रेट से जुड़े नए संस्कृत भी तैयार किए गए है। संस्कृत भाषा में क्रिकेट कमेंट्री का नया अध्याय शुरू हो गया है। श्री रघुनाथ कीर्ति संस्कृत विश्वविद्यालय, देवप्रयाग में आयोजित विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में इन दिनों संस्कृत भाषा में कमेंट्री की जा रही है। यह पहल डॉ. श्रीओम शर्मा के नेतृत्व में की गई है, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े 150 से अधिक नए संस्कृत शब्दों का निर्माण किया है। इन शब्दों का उपयोग करके छात्र-छात्राएं मैचों की रोमांचक कमेंट्री कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 18 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में दो छात्राएं भी शामिल हैं। कमेंट्री में संस्कृत के अलावा उत्तराखंड की दोनों बोलियों गढ़वाली और कुमाऊँनी में भी कमेंट्री की जा रही है। जिससे यह आयोजन और भी रोचक बना हुआ है। डॉ. शर्मा का उद्देश्य संस्कृत को आम जनता के बीच लोकप्रिय बनाना है, ताकि लोग इस प्राचीन भाषा को आसानी से समझ सकें। भविष्य में इन नए संस्कृत शब्दों का उपयोग देश भर में होने वाले क्रिकेट मैचों में भी किया जा सकता है। यह न केवल संस्कृत भाषा को बढ़ावा देगा, बल्कि खेल प्रेमियों के लिए एक नया अनुभव भी होगा।

संस्कृत को इन शब्दों से मिलेगी क्रिकेट की दुनिया में पहचान संस्कृत में क्रिकेट मैच के दौरान बोले जाने वाले शब्दों से संस्कृत को पहचान मिलेगी। डॉ.श्रीओम शर्मा ने संस्कृत भाषा में क्रिकेट से जुड़े इन मुख्य शब्दों से कमेंट्री करने में मदद मिलेगी।

**हॉकी:**

## हरमनप्रीत और सविता ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड, 1975 विश्व कप विजेता हॉकी टीम भी सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 10 गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है।

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता पूनिया को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला। वहीं, 1975 में आज ही के दिन कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**हरमनप्रीत ने जताई खुशी**

पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 10 गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें इतना ही कहूंगा कि नतीजे का दबाव लिये बिना कड़ी मेहनत करते रहें।

**सविता को मिला बलजीत सिंह पुरस्कार**

वहीं, तीसरी बार पुरस्कार जीतने वाली पूर्व कप्तान सविता ने वीडियो संदेश में कहा, इस पुरस्कार से मुझे आगे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। यह मेरे साथी खिलाड़ियों को समर्पित है। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी सविता को मिला।

**इन्हें भी किया गया सम्मानित**

सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का परगट सिंह पुरस्कार अमित रोहिदास ने जीता जबकि सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजितपाल सिंह पुरस्कार हार्दिक सिंह को मिला। सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार अभिषेक को दिया गया। वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 महिला खिलाड़ी का असुंथा लाकड़ा पुरस्कार ड्रैग फ्लिकर दीपिका को मिला जबकि पुरूष वर्ग में जुगराज सिंह पुरस्कार अराइजीत सिंह हुंडल ने जीता।

---

# रिटायरमेंट पर फैसला अभी नहीं: विराट कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने कहा कि वे फिलहाल रिटायरमेंट पर फैसला नहीं लेंगे। उन्हें अब भी क्रिकेट से प्यार से है, इसलिए गेम को एंजॉय कर रहे हैं। जब खेल को अलविदा कहने का समय होगा, तब कह देंगे। विराट ने आईपीएल से पहले अपनी टीम आरसीबी को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खुद के प्रदर्शन से बहुत निराश था। इतना बुरा 2014 में इंग्लैंड दौरे के बाद भी नहीं लगा था। विराट ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 9 पारियों में 190 रन ही बना सके थे।

### दोबारा ऑस्ट्रेलिया दौरा भी नहीं मिलेगा

कोहली ने कहा, पिछले दिनों खत्म हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे ने मुझे बहुत निराश किया। इससे पहले 2014 में इंग्लैंड के टेस्ट दौरे ने मुझे लंबे समय तक परेशान किया था, लेकिन 2018 के दौरे पर मैंने हिसाब बराबर कर दिया था। मुझे नहीं पता कि 4 साल बाद मैं ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा सकूंगा या नहीं, इसलिए जो भी हुआ मैं उसे एक्सेप्ट कर रहा हूं।

जब आप लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते हों, तो लोग आपसे बहुत ज्यादा उम्मीदें करने लगते हैं। जब आप खराब खेलते हो तो लोगों को आपसे भी ज्यादा बुरा लगता है। कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी कुछ खास नहीं कर सके थे। 2024 में उन्होंने 10 टेस्ट खेले और उनके बैट से 1 फिफ्टी और 1 ही सेंचुरी आई।

### बाहर की बातों पर ज्यादा ध्यान देने लगा था

कोहली ने आगे कहा, मैं बाहरी बातों पर ज्यादा ध्यान देने लग गया था। मैं सोचने लगा था कि दौरे के 2-3 दिन ही बचे हैं, मुझे परफॉर्म करना ही होगा। इसी सोच ने मुझ पर और भी ज्यादा दबाव बना दिया और मेरा प्रदर्शन बिगड़ते ही चले गया। पहले टेस्ट में शतक के बाद मेरी खुद से भी उम्मीदें बढ़ने लगी थीं। मुझे रनों की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं जल्दबाजी में फैसला भी नहीं लेना चाहता था। मैंने परिवार के साथ समय बिताया, चीजों को शांत होने दिया। 5-6 दिन बाद ही मैं जिम जाने के लिए एक्साइटेड था। मैंने सोचा, जो हुआ उसे जाने दो, अब आगे फोकस करना है।

---

## मुंबई इंडियंस ने 12वीं ट्रॉफी जीतकर, क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल फैंचाइजी बनी




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने टी20 क्रिकेट में अपनी बादशाहत को एक बार फिर साबित किया है। हाल ही में महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के साथ ही इस फ्रैंचाइजी ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। मुंबई इंडियंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे सफल फ्रैंचाइजी बन गई है, जिसने विभिन्न लीग्स में अब तक कुल 12 खिताब अपने नाम किए हैं। मुंबई इंडियंस ने 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपने सफर की शुरुआत की थी।

### मुंबई इंडियंस के खिताबों का शानदार सफर

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)- 2013, 2015, 2017, 2019, 2020 (कुल 5 खिताब)

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 5 खिताब जीतकर इस लीग में अपनी सर्वोच्चता साबित की है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, विशेष रूप से 2019 और 2020 में लगातार खिताब जीतकर इतिहास रचा।

**चैंपियंस लीग ट्वंटी20 (सीएलटी20)= 2011, 2013 (कुल 2 खिताब)**- इस अब बंद हो चुकी अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब अपने नाम किया। 2011 में हरभजन सिंह और 2013 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

**महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल)- 2023, 2025 (कुल 2 खिताब)**- मुंबई इंडियंस ने 2023 में शुरू हुई डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में खिताब जीतकर इतिहास रचा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम ने 2025 में भी अपना दबदबा कायम रखा।

**मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी)- 2023 (1 खिताब)**- अमेरिका में शुरू हुई इस टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने अपने पहले ही सीज़न में खिताब अपने नाम किया।

**अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20)-2024 (1 खिताब)**- संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित इस लीग में मुंबई इंडियंस ने 2024 में अपना पहला खिताब जीता।

**साऊथ अफ्रीका 20 (एसए20)= 2025 (1 खिताब)**- हाल ही में संपन्न हुए एसए20 2025 में मुंबई इंडियंस की सहयोगी टीम, मुंबई केप टाउन ने खिताब जीतकर फ्रैंचाइजी की वैश्विक पहुंच और सफलता को एक नया आयाम दिया।

**एमआई के ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान**

2011 सीएलटी20 (हरभजन सिंह)
2013 आईपीएल (रोहित शर्मा)
2013 सीएलटी20 (रोहित शर्मा)
2015 आईपीएल (रोहित शर्मा)
2017 आईपीएल (रोहित शर्मा)
2019 आईपीएल (रोहित शर्मा)
2020 आईपीएल (रोहित शर्मा)
2023 महिला प्रीमियर लीग (हरमनप्रीत कौर)
2023 मेजर क्रिकेट लीग (निकोलस पूरन)
2024 अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 (निकोलस पूरन)
2025 एसए20 (राशिद खान)

---

## ईशान ने हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान खेली शानदार पारियां, दोनों बार लगाए अर्धशतक



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के स्टाइलिश बल्लेबाज ईशान किशन ने सनराइजर्स हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान दो शानदार पारियों के साथ शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया। अभिषेक शर्मा के साथ शीर्ष क्रम में खेलते हुए ईशान ने मात्र 23 गेंदों पर 64 रन और मात्र 30 गेंदों पर 73 रन बनाए। सनराइजर्स द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में ईशान को अपने शानदार शॉट सिलेक्शन से टीम को जीत दिलाते हुए दिखाया गया है।

सनराइजर्स ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था, आईपीएल 2024 में उप-विजेता रहा। वे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे, लेकिन एकतरफा मुकाबले में उन्हें अंतिम चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा। अपनी टीम को मजबूत करने के लिए सनराइजर्स ने कई खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया, जबकि ईशान किशन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को आईपीएल 2025 की टीम में शामिल किया।

---

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में अपने न्यूनतम स्कोर पर ऑलआउट हुआ पाकिस्तान

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने पहले टी20 मैच में पाकिस्तान को 18.4 ओवर में 91 रन पर ऑलआउट कर दिया जो उसका कीवियों के खिलाफ इस प्रारूप में न्यूनतम स्कोर है। जवाब में कीवी टीम ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 92 रन बनाकर मैच जीत लिया।

पाकिस्तान का खराब प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भी जारी रहा। न्यूजीलैंड ने पहले टी20 मैच में पाकिस्तान को 18.4 ओवर में 91 रन पर ऑलआउट कर दिया जो उसका कीवियों के खिलाफ इस प्रारूप में न्यूनतम स्कोर है। जवाब में कीवी टीम ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 92 रन बनाकर नौ विकेट से मैच जीत लिया और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।




**न्यूजीलैंड ने आसानी से जीता मैच-** क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले मैच में तेज गेंदबाज जैकब डफी और काइल जैमिसन की शानदार गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाजों की एक नहीं चली। गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अबरार अहमद ने हालांकि सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट को अर्धशतक लगाने से रोका जो 29 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फिन एलन और टिम रॉबिंसन ने टीम को जीत दिलाई। एलन 17 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 29 रन और रॉबिंसन 15 गेंदों पर एक छक्के के सहारे 18 रन बनाकर नाबाद रहे।

---

## 13 साल पहले सचिन ने पूरे किए थे 100 अंतरराष्ट्रीय शतक, अब तक सलामत है रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सचिन के अलावा भारत के विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। कोहली अब तक अपने करियर में 82 शतक लगा चुके हैं, लेकिन वह भी सचिन से काफी पीछे हैं।

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 13 साल पहले 16 मार्च अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक पूरे किए थे। सचिन को संन्यास लिए अब लंबा समय हो गया है, लेकिन उनका यह रिकॉर्ड अभी भी सलामत है। सचिन दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतने शतक लगाने का रिकॉर्ड है। सचिन ने अपने करियर में टेस्ट में 51 और वनडे में 49 शतक लगाए हैं।

**शतकों के मामले में सबसे आगे हैं सचिन** - सचिन के अलावा भारत के विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। कोहली अब तक अपने करियर में 82 शतक लगा चुके हैं, लेकिन वह भी सचिन से काफी पीछे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के नाम 71 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं। कोहली भले ही वनडे में शतक लगाने के मामले में सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं, लेकिन ओवरऑल अभी सचिन से पीछे हैं।




**बांग्लादेश के खिलाफ हासिल की थी उपलब्धि** - सचिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक पूरे करने की उपलब्धि बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान हासिल की थी। 16 मार्च 2012 को मीरपुर में खेले गए इस मैच में सचिन ने 147 गेंदों पर 114 रन बनाए थे जिससे भारत पांच विकेट पर 289 रन बनाने में सफल रहा था। भारत ने हालांकि वो मैच पांच विकेट से गंवाया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सचिन की इस उपलब्धि को याद किया।

### नवंबर 2013 में लिया था संन्यास

सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम सचिन... सचिन... के शोर से गूंज उठता है। सचिन भले ही अब प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेलते हैं, लेकिन उनके ऐसे कई रिकॉर्ड हैं जो अब तक कोई नहीं तोड़ सका है। मास्टर ब्लास्टर के नाम से मशहूर सचिन ने अपने वनडे करियर में 18426 रन बनाए। सचिन ने अपने करियर में कुल 463 वनडे वनडे खेले और उन्होंने करियर का आखिरी वनडे मैच पाकिस्तान के खिलाफ मीरपुर में 18 मार्च 2012 को खेला था। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर में कुल छह वनडे विश्व कप में हिस्सा लिया। वह सर्वाधिक बार इस वैश्विक टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ी हैं। सचिन ने 16 नवंबर 2013 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### परिसीमन पर 'गलत जानकारी' फैला रहे हैं स्टालिन: केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर 'गलत जानकारी फैलाने' का आरोप लगाया और दावा किया कि स्टालिन अपने कार्यकाल के दौरान उपलब्धियों की कमी को छिपाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले लोगों को 'भड़काने' की कोशिश कर रही है। रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, स्टालिन को अपने काम के आधार पर वोट मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन पर चर्चा राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही होगी। रेड्डी ने हैदराबाद में बेगमपेट रेलवे स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्य के निरीक्षण के दौरान कहा कि 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और जल्द ही स्टेशन का उद्घाटन किया जाएगा।

### सेहत पर भारी पड़ा होली का हुड़दंग, इस वजह से दिल्ली के अस्पतालों में लगी मरीजों की कतार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होली के हुड़दंग ने सेहत पर भारी असर डाला। दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में झगड़े और सड़क हादसों में घायल 500 से अधिक मरीज पहुंचे। स्थिति यह रही कि पिछले साल की तुलना में इस बार होली के हुड़दंग में घायल हुए लोग अधिक संख्या में इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। इस वजह से ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ होली के दिन काफी व्यस्त रहे। डॉक्टरों का कहना है कि मारपीट और शराब व भांग के नशे में वाहन चलाने के कारण कई मरीज सड़क हादसों का शिकार हुए। ट्रॉमा सेंटर में हर दिन विभिन्न हादसों में घायल 150 से 175 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। जबकि होली के दिन 306 लोग घायल होकर पहुंचे, जो सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दोगुना है। पिछले साल होली के दिन ट्रॉमा सेंटर में 294 दुर्घटना पीड़ित भर्ती हुए थे। इसकी तुलना में इस बार 12 अधिक दुर्घटना पीड़ित भर्ती हुए। ट्रॉमा सेंटर के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि करीब 35-40 फीसदी लोग लड़ाई-झगड़े में घायल हुए हैं। सड़क हादसों में ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ लोग रंग खेलते समय ऊंचाई से गिरकर घायल हुए हैं। एम्स प्रशासन के मुताबिक ज्यादातर लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इस कारण उन्हें उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में 21 गंभीर रूप से घायल लोगों को भर्ती किया गया। जिसमें से सात मरीजों को ब्रेन इंजरी हुई है। इस कारण उन्हें न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती किया गया लोक नायक अस्पताल में 67 लोग घायल अवस्था में पहुंचे। इनमें से अधिकतर शराब के नशे में झगड़े और सड़क हादसों में घायल हुए। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, सामान्य दिनों में इस अस्पताल में 15 से 17 ऐसे दुर्घटना पीड़ित पहुंचते हैं।

### नोएडा की एक फैक्टरी में लगी आग, लाखों का माल हुआ जलकर खाक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर 63 में एक गारमेंट कंपनी में आग लग गई है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं। आग लगने की सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दिल्ली से सटे नोएडा में रविवार को एक गारमेंट्स की फैक्टरी में आग लग गई। आग उस वक्त लगी जब फैक्टरी में कोई नहीं था। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। नोएडा सेक्टर 63 स्थित गारमेंट्स फैक्टरी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। भीषण आग की वजह से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। आग के दौरान किसी की भी जान माल की हानि होने की सूचना नहीं है।

# 2500 महीना और मुफ्त सिलेंडर, आप नेता सौरभ भारद्वाज बोले- वादों को बजट शामिल करे भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के बजट से पहले कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अपनी पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को बजट शामिल करें। इसमें महिलाओं के 2500, और 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर जैसे वादों का भी जिक्र किया।

आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब से वह (रेखा गुप्ता) दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी हैं। तब से वह सिर्फ लोगों से मिल रही हैं। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में जो वादे किए हैं। उनमें महिला समृद्धि योजना के जरिए दिल्ली की हर महिला को हर महीने 2500 रुपये देने का प्रावधान, गरीब तबके की महिलाओं को 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर, दलितों को छात्रवृत्ति आदि शामिल हैं। इन सभी वादों का प्रावधान बजट में किया जाना चाहिए।

वहीं दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल की भाजपा नेता लक्ष्मी कांता चावला से मुलाकात पर दिल्ली



के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की टिप्पणी पर आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार से पहले नेताओं की मुलाकात को कमतर नहीं समझा जाता था। वे लोगों में नकारात्मकता फैलाते हैं। नेताओं को सवाल की भावना से देखते हैं। भाजपा के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता है।मनजिंदर सिंह सिरसा पर अब बड़ी जिम्मेदारी है। हमने उन्हें एक बेहतरीन अर्थव्यवस्था दी है। उन्हें अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधने के बजाय इस पर ध्यान देना चाहिए।

विधानसभा का दूसरा सत्र (बजट सत्र) 24 मार्च से शुरू होगा। इस सत्र के दौरान भाजपा सरकार अपना पहला बजट 25 मार्च को सदन में प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से प्रस्तुत किया जाने वाला बजट न केवल दिल्ली की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि भाजपा सरकार के संकल्प पत्र को भी प्रमुखता दी जाएगी। इसमें दिल्ली के लिए विकास के कई अहम वादे किए गए थे। मुख्यमंत्री के पास वित्त मंत्रालय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सत्र के पहले दिन 24 मार्च को सरकार के कामकाज को स्वीकृति दी जाएगी। इस दिन सदन में विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। 25 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बजट प्रस्तुत करेगी और 26 मार्च को बजट पर सामान्य चर्चा होगी, जबकि 27 मार्च को बजट पर विचार और पारित करने की प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को सदन में निजी सदस्य बिल और प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। जिसे निजी सदस्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सदस्य अपने-अपने प्रस्तावों को सदन में प्रस्तुत करेंगे जिसके लिए नोटिस भेजने की अंतिम तिथि 13 मार्च है।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण सत्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और सत्र के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें। विशेष रूप से प्रश्नों के नोटिस तत्काल प्रभाव से प्राप्त किए जाएंगे और सदस्य अपने नोटिस नियमों के तहत दर्ज कराएं। प्रत्येक विभाग के लिए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए विशेष दिन निर्धारित किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी नोटिस समय पर प्राप्त हों और किसी भी प्रक्रिया में कोई देरी न हो। बताया जा रहा है कि भाजपा सरकार पहले बजट में दिल्ली के नागरिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा करेगी।

### एक्शन में दिल्ली सरकार : बरसात में भरा पानी तो विधायकों को देना होगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में भाजपा की सरकार बबनने के बाद मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक सभी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। रविवार को एलजी और मुख्यमंत्री समेत आलाधिकारियों ने बारापुला नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री भी मौजूद रहे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज बारापुला ब्रिज पर यमुना नदी की ओर जाने वाले बारापुला नाले का निरीक्षण किया। वहीं दूसरी तरफ सुनहरी पुल नाले पर जल निकासी की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि ये वे नाले हैं, जिन्हें पिछली सरकारों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। नालों की कभी सफाई नहीं हुई। एजेंसियों के बीच इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी कि कौन सी एजेंसी इन्हें साफ करेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग को गाद निकालने की जिम्मेदारी दी है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि बारिश के मौसम में जलभराव न हो। काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हम विधायकों से नालों, सीवेज की सफाई के बारे में किए जा रहे कामों के बारे में लिखित में पूछेंगे। वहीं उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली नवगठित सरकार ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया था कि बरसात के मौसम में जलभराव न हो और हमने प्रमुख नालों बारापुला, सुनहरी का निरीक्षण किया। हमने दयाल सिंह कॉलेज के पास के नाले का भी निरीक्षण किया।

### नाबालिग ने रची गजब की साजिश : लड़की बनकर किशोर को फंसाया, अगवा कर मांगे 50 हजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी ने खुलासा किया कि देवली, खानपुर से 18000 रुपये की डाउन पेमेंट कर स्कूटी खरीदी थी। शेष भुगतान करने के लिए उसने इंस्टाग्राम पर एक लड़की की फर्जी आईडी बनाने का फैसला किया। फिर किसी को अगवा कर पैसे हड़पने की साजिश रची।

संगम विहार में रहने वाले एक नाबालिग ने रोजगार के लिए स्कूटी खरीदी, लेकिन उसकी किश्त निकालने के लिए गलत रास्ता अपनाया। नाबालिग ने इंस्टाग्राम पर लड़की की फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक किशोर से दोस्ती की। इसके बाद उसे साकेत मेट्रो स्टेशन मिलने बुलाया। यहां से आरोपी व उसके दो नाबालिग दोस्तों ने किशोर का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद उसके भाई से 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी। महरौली थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़कर किशोर को सकुशल मुक्त करा लिया है।

दक्षिण जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अचिन गर्ग ने बताया कि महरौली थाना पुलिस को 12 मार्च को 5.45 बजे फिरौती के लिए अपहरण के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस को मौके पर मिले संगम विहार निवासी युवक ने बताया कि दोपहर लगभग 1 बजे उसका 17 वर्षीय चचेरा भाई एक मित्र के साथ इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क किए गए एक परिचित से मिलने साकेत मेट्रो स्टेशन गया था। जब वह प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी तीन अज्ञात युवक उसे जबरन स्कूटी पर ले गए। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 50,000 की फिरौती की मांग की गई। मामला दर्ज कर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह व एटीओ/महरौली इंस्पेक्टर अनुराग सिंह व एसआई नरेंद्र की टीम ने जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने साकेत मेट्रो स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। उस इंस्टाग्राम आईडी की जांच की, जिससे पीड़ित को फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी। फिरौती की रकम व्हाट्सएप के जरिए भेजे गए स्कैनर के जरिए मांगी जा रही थी, जो आंध्र प्रदेश के एक बैंक खाते से जुड़ा पाया गया। आखिरकार आरोपी की लोकेशन संगम विहार में मिली। पता लगा कि आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस ने तीनों को करणी सिंह शूटिंग रेंज, तुगलकाबाद के पास से पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त स्कूटी और मोबाइल बरामद किया गया। 18000 रुपये की पेमेंट की थी। दिलचस्प बात यह है कि मुख्य आरोपी पढ़ना-लिखना नहीं जानता है तथा पीड़ित से चैट के दौरान सुनने और टाइप करने के लिए गूगल ट्रांसलेट का इस्तेमाल करता था। इसके लिए उसने अपने दोस्तों को भी शामिल किया।

## कांग्रेस अधिवेशन से राहुल-खड़गे की अहम बैठक 18 को, संगठन मजबूती की कवायद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 मार्च को पार्टी महासचिवों और राज्य प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे. इसमें कांग्रेस के हाल ही में हुए पुनर्गठन की समीक्षा होगी. 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में होने वाले एआईसीसी अधिवेशन के लिए रणनीति तय की जाएगी. 19 फरवरी को कांग्रेस हाईकमान ने महासचिवों और राज्य प्रभारियों के साथ सात घंटे की बैठक की थी, जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी. इसके बाद, राज्य प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि वे जिला स्तर पर खाली पदों को जल्द भरें. एक बार सभी जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति हो जाने के बाद, आलाकमान एआईसीसी सत्र से पहले तीन दिवसीय सम्मेलन में उनके साथ पुनर्गठन की रणनीति पर चर्चा करेगा. जिसके दौरान देश भर से लगभग 3,000 प्रतिनिधियों द्वारा कुछ प्रमुख संगठनात्मक बदलावों



को मंजूरी दिए जाने की संभावना है. हालांकि, जब प्रभारी जिला इकाइयों को पुनर्गठित करने में जुट गए, तो विभिन्न गुटों के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की गई, ताकि भविष्य में नई प्रणाली सुचारू रूप से काम कर सके. चूंकि आलाकमान सशक्त जिला इकाई प्रमुखों से सीधे फीडबैक प्राप्त करने के लिए एक नई प्रणाली स्थापित करना चाहता है, इसलिए स्थानीय स्तर पर पार्टी को पुनर्जीवित करने में मदद करने वाले व्यक्तियों के साथ इसके विवरण पर चर्चा करने की आवश्यकता है. गोवा के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने ईटीवी भारत को बताया कि यह संगठन का एक साल है. अगले महीने एआईसीसी का सत्र भी होने वाला है. 18 मार्च की समीक्षा के दौरान दोनों मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड के एआईसीसी प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका ने ईटीवी भारत को बताया, 18 मार्च की समीक्षा बैठक में काम चल रहा है और जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी. फोकस जिला इकाइयों को सशक्त बनाने और चुनाव उम्मीदवार चयन और घोषणापत्र तैयार करने के दौरान फीडबैक देने में उन्हें जवाबदेह बनाने पर है. राहुल गांधी और खड़गे पार्टी में निर्णय लेने के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता के बारे में बात कर रहे हैं. अब वे इन बदलावों को संरचनात्मक बनाएंगे. टॉप-डाउन सिस्टम बदल जाएगा और पुनर्निर्मित जिला इकाइयां पार्टी के काम करने के तरीके को बदल देंगी. इससे पहले खड़गे ने पिछले साल उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में इकाइयों को भंग कर दिया था, जिन्हें अब क्रमशः संबंधित राज्य प्रभारियों अविनाश पांडे, रजनी पाटिल और अजय कुमार लल्लू द्वारा नए सिरे से पुनर्गठित किया जा रहा है. इसी तरह बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में प्रभारी जिला इकाइयों में फेरबदल कर रहे हैं.

## अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा क्रू-10 मिशन, सुनीता विलियम्स और विल्मोर बुधवार को होंगे धरती के लिए रवाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गया है। फैल्कन 9 रॉकेट में गए इस मिशन के चारों सदस्य अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने क्रू-9 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की। वहीं नासा के मुताबिक बुधवार को नौ महीने से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती के लिए रवाना होंगे।

नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन शनिवार को फैल्कन 9 रॉकेट के जरिये अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। इस मिशन में एन मैक्लेन, निकोल आयर्स, जापानी अंतरिक्ष यात्री तकुया ओनिशी और रूसी अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव गए हैं। बताया जाता है कि क्रू-10 मिशन अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर पहुंच गया है। सफल डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने स्टेशन में प्रवेश किया। उन्होंने बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स से मुलाकात की। अगले कुछ दिन तक विल्मोर और विलियम्स नए



अंतरिक्ष यात्रियों को स्टेशन के बारे में जानकारी देंगे। फिर वे दोनों इस सप्ताह के अंत में अपने स्पेसएक्स कैप्सूल में सवार होकर धरती के लिए रवाना होंगे। नासा का कहना है कि मौसम अनुकूल रहा तो विल्मोर, विलियम्स और दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाला स्पेसएक्स कैप्सूल बुधवार से पहले अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो जाएगा और फ्लोरिडा के तट पर उतरेगा। टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था। यह अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान थी। जिस मिशन पर सुनीता और बैरी हैं वो नासा के व्यावसायिक क्रू कार्यक्रम का हिस्सा है। दरअसल, नासा का लक्ष्य है कि वह अमेरिका के निजी उद्योग के साथ साझेदारी में अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक सुरक्षित, विश्वसनीय और कम लागत के मानव मिशन भेजे। इसी उद्देश्य से यह टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था।

### ऑस्ट्रेलिया में बेबी वॉम्बैट को मां से छीनने वाली इंफ्लुएंसर ने माफी मांगी

**कैनबरा , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में घूमने के दौरान एक बेबी वॉम्बैट को उसकी मां से छीनने का वीडियो पोस्ट करने के बाद और इसे लेकर लोगों की नाराजगी झेलने के बाद अमेरिका की सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सैम जोंस ने माफी मांग ली है। दरअसल जोंस ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था, जिसमें वह एक वॉम्बैट से उसके बच्चे को दूर ले जाती दिख रही है, जिससे मां वॉम्बैट परेशान हो गई। हालांकि बाद में जोंस ने बच्चे को उसकी मां के पास वापस छोड़ दिया। लेकिन इसे लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जताई। और कहा कि एक बच्चे को उसकी मां से छीनना गलत है।

## पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी मारा गया

### जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर हमला करवाया था; आतंकी हाफिज सईद का करीबी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल शनिवार रात पाकिस्तान में मारा गया। पंजाब जिले में अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल एलईटी का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था। पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था। इसमें 10 लोगों की जान गई थी। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि



इस हमले में आतंकी हाफिज सईद भी मारा गया है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि जब अबू कताल अपनी कार से झेलम इलाके से गुजर रहा था, तो बाइकसवारों ने कार पर ओपन फायर कर दिया। इस हमले में अबू कताल मारा गया, जबकि कार में मौजूद हाफिज सईद घायल हुआ था। बाद में उसकी भी जान चली गई। हालांकि इन दावों का खंडन कर दिया गया है। 9 जून 2024 को आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर ओपन फायर किया था। हमले में ड्राइवर घायल हुआ था और उसका बस से कंट्रोल खो गया था। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए थे। इस हमले की साजिश में कताल का नाम आया था। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 2023 के राजौरी हमले में अबू कताल का नाम अपनी चार्जशीट में शामिल किया था। 1 जनवरी 2023 को राजौरी जिले के धंगरी गांव में एक आतंकी हमले में आम नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अगले दिन, एक आईईडी विस्फोट भी हुआ। इन हमलों में सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। एनआईए ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा के तीन और आतंकी भी शामिल थे। एनआईए की चार्जशीट में जिन तीन आतंकियों के नाम हैं, वे हैं- अबू कताल, सैफुल्लाह उर्फ साजिद जट्ट (जो अली, हबीबुल्लाह और नोमान समेत कई और नामों से भी जाना जाता था) और मोहम्मद कासिम के रूप में की गई थी।

### पाकिस्तान सुरक्षा बल ने आतंकी समूहों के ठिकानों पर की छापेमारी, दो सैनिक और नौ आतंकियों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने आतंकी सशस्त्र समूहों के दो ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दो पाकिस्तानी सैनिकों और नौ आतंकियों की मौत हो गई।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा और डेरा इस्माइल खान जिले में छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि लड़ाके तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार को लड़ाकों ने अफगानिस्तान सीमा से लगे उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान से लगे कुर्रम जिले में घात लगाकर सुरक्षा बलों पर हमला किया था। इस हमले में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले टीटीपी के एक गुट ने पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में बन्नू में दो विस्फोटक लदे वाहनों ने सैन्य छावनी की चारदीवारी में टक्कर मार दी थी। चार मार्च को हुए इस आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए थे। सेना के जवानों ने कम से कम छह आतंकवादियों को मार गिराया था। हाफिज गुल बहादुर से जुड़े कम चर्चित जैश अल फुरसान ने बन्नू आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली। यह समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के कई गुटों में से एक है।

पाकिस्तानी सेना ने बताया कि पिछले साल कुल 59,775 अभियानों के दौरान 925 आतंकवादी और 383 सैनिक मारे गए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में इजाफा हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगान तालिबान ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को समर्थन दिया है, जिसे कारण आतंकवादी हमलों में वृद्धि हुई है। 2024 को अब तक का सबसे खतरनाक साल माना जाता है, जिसमें 685 सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। बता दें कि 2021 में अफगानिस्तान में अफगान तालिबान ने सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान में सत्ता कब्जाने के बाद से पाकिस्तान में टीटीपी और मजबूत हुआ है।

# उपायुक्त आवास में होली मिलन समारोह का आयोजन







## जमकर उड़े रंग-गुलाल, जिलावासियों को दी शुभकामनाएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के आवास पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार, पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल हुए। डीसी विजया जाधव, एसपी मनोज स्वर्गियारी, जिला स्तरीय पदाधिकारियों व पत्रकारों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि होली का त्यौहार सामाजिक भाईचारगी का संदेश देने वाला त्योहार है। लोग इस त्योहार में अपने पुराने गीले शिकवे भुला कर एक दूसरे को गले लगाते हैं। उन्होंने जिलेवासियों को होली की बधाई देते हुए सावधानी पूर्वक सुरक्षित तरीके से होली खेलने का अपील किया। कहा कि बोकारो के लोग काफी शांति पसंद लोग हैं। जिले में लोग मिलजुल कर पर्व त्योहार मनाते हैं। होली पर्व के साथ-साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें एक दूसरे के पर्व - त्योहार का सम्मान करना चाहिए। होली पर्व पर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध किया गया है। लोग उमंग व उत्साह के साथ पर्व मनाएं। उपस्थित लोगों ने संगीत के धून पर होली गीत पर जमकर थिरके।

# सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान की मौत

**साहिबगंज/तीनपहाड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के धूलियार निवासी सीआरपीएफ के जवान संजीत कुमार सिंह(44) की मृत्यु सड़क दुर्घटना में रांची में हो गयी। वह अपने ड्यूटी से वापस अपने आवास दोपहिया वाहन से लौट रहे थे इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने धक्का मार दिया जिससे वह काफी दूर तक जा गिरे वही दूसरी और से आरही एक हाइवा के चपेट में आगए जिससे मोके पर ही उनकी मृत्यु होगयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार सहित पूरे गाव का माहौल गमगीन होगया।वही शनिवार को उनके पार्थिव शरीर सीआरपीएफ इंस्पेक्टर किशोर आइनद और जवानों उनके पार्थिव शरीर को लेकर उनके निवास स्थान धूलियार पहुचे जहा गार्ड ऑफ ऑनर देने के पश्चात उनकी पत्नी को तिरंगा झंडा सोपा।अपने पीछे पत्नी और एक बेटा एक बेटी छोड़ गए है।वही सीआरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि धक्का मारने वाले वाहन की पहचान करते हुए उसपर केस दर्ज करा दिया गया है।संजीत कुमार सिंह काफी मिलनसार वृध्भाषी और कर्तव्य के प्रति निष्ठावान थे।इस छती की पूर्ति नही की जासकती हैं।वही उनका अंतिम संस्कार राजमहल के गंगा घाट पर किया गया।मुख अग्नि उनके पुत्र ने दिया।

# बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बहुजन समाज पार्टी धनबाद जिला इकाई तत्वाधान में सिंदरी विधानसभा के रोड़ाबांध में बसपा के संस्थापक बहुजन महानायक कांशीराम की जयंती प्रकाश उत्सव के रूप में मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन सिंदरी विधानसभा के महासचिव सुभाष बाउरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा के झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष जोन प्रभारी सुबल दास उपस्थित थे। सुबल दास ने कहा कि काशीराम ने आधुनिक भारत में समाज बदलने वाले महानायकों की कड़ी में अंतिम स्तंभ थे। धनबाद के जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि आज भारत देश में मनुवादी विचारधारा की पार्टी इस देश में भारत का संविधान को खत्म कर मनुस्मृति लागू करना चाहती है जो बहुजन समाज पार्टी इसे कभी भी लागू नहीं होने देगी। इस मौके पर धनबाद के जिला प्रभारी सुनील



रविदास,जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती,जिला महासचिव मनोज दास,पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूराम मुर्मू, बिनोद पासवान,शिवपूजन राम ,भोला पासवान राम प्रसाद दास,राजकुमार भारती,अशोक कनौजिया,सचिन बाउरी, बुधन राम, राजेश पासवान, शंकर उरांव, सहित महिलाएं बच्चे शामिल थे।

# होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक : बिनोद चोपड़ा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास द्वारा अमृत पार्क में धूमधाम से होली मनाई गयी। रोटरी क्लब के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। बिनोद ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को रोटरी क्लब चास आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित गायको ने होली के पारंपरिक गीतों का प्रस्तुतीकरण माहौल को खुशी से भर दिया। कार्यक्रम के संयोजक भवनीत सिंह बिंद्रा ने कहा की होली आपसी सौहार्द बढ़ाता है। भवनीत ने कहा की होली खुशियां के साथ उत्साह और उमंग लेकर आता है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि होली गले- शिकवे भूल कर एक होने का संदेश देता है। मुकेश ने कहा की होली समाज में एक जुटता एवं समरसता का संदेश देता है। कार्यक्रम में संजय बैद, मनोज चौधरी, विपिन



अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह,सिद्धार्थ सिंह माना,मनोज सिंह,डॉ श्रवण कुमार, संजय रस्तोगी, डॉ सुमन कुमार,राजेश केडिया, दीपक अग्रवाल, दीपक झांझरिया, राजेश पोद्दार, हरबंस सिंह, चनप्रीत सिंह, आनंद अग्रवाल,रविंद्र मांड, गौरव रस्तोगी, अमन मल्लिक, मंजीत सिंह, पूजा बैद, डिंपल कौर, जसप्रीत कौर, डॉ संजीव, ललिता चोपड़ा, रितु अग्रवाल,प्रेम कुमार सहित रोटरी जिला 3250 के पुर्व जिला पाल महेश केजरीवाल सहित बोकारो रोटरी क्लब के अनेक सदस्य भी उपस्थित थे।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने धूमधाम से मनाया स्वर्ण जयंती समारोह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, चास ने समिति के स्थापना को 50 वर्ष पूरे होने पर मारवाड़ी पंचायत भवन, चास में स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। सन 1975 में इस संगठन की स्थापना हुई,। आज 2025 में 50 वर्ष पूरे किये। पंचायत भवन से एक शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और ओम के उच्चारण से शुरू की गई। सम्मेलन में मुख्य रूप से अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी , राष्ट्रीय सचिव निशा जी, प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगड़िया एवं प्रांतीय सचिव साधना मौजूद रही। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प





गुच्छ, माला दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। नीलम हेलीवाल और प्रतीक्षा अग्रवाल ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया केक कट किया गया गंगा भालोटिया सुमन सिंघानिया शाखा अध्यक्ष अंबिका हेमका द्वारा एक मशाल राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय और प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि जब महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी जब उन्हें अधिकार नहीं दिया जाता था तब इस संगठन का निर्माण किया गया। आज स्वर्ण जयंती समारोह हम लोग मना रहे हैं ।ऐसे में महिलाओं को सशक्त करने के लिए यह महिला सम्मेलन काफी मददगार सिद्ध हुआ है ।महिलाएं आगे आए अपने हुनर को बाहर लाने का काम करें यही हमारी महिलाओं को संदेश है।

# जेएलकेएम ने की बोकारो से सदस्यता अभियान की शुरूआत

## पार्टी का रांची में होगा महाधिवेशन : जयराम महतो

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेएलकेएम के सुप्रीमो जयराम महतो ने पार्टी के विस्तार के लिए कार्यक्रम की शुरूआत की है। बोकारो से सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। इस मौके पर पार्टी कार्यालय में एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें रांची में महाधिवेशन करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी रणनीति बनाई गई। इस दौरान विभिन्न जिला से आए पार्टी के नेताओं ने अपने-अपने विचार पार्टी सुप्रीमो के समक्ष रखने का काम किया। पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो ने कहा कि हमारी पार्टी नहीं है उसे आगे ले जाने जाने की जरूरत है। इसको लेकर आज प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की गई। जिसमें पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। सदस्यता अभियान तेज करने पर विचार विमर्श किया गया। पार्टी का केंद्रीय महाधिवेशन रांची में करने पर विचार किया गया। आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया विधानसभा लोकसभा चुनाव में मिले वोट के आधार पर अधिक से अधिक सीट जीतने की बात कही गई।



# झारखंड टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

## टेंट डेकोरेटर व्यवसाय को आवश्यक सेवा के अंतर्गत लाया जाए : प्रदीप सिंह

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक धनबाद के बारामुडी स्थित स्वागतम मैरेज हॉल में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे प्रदेश के विभिन्न जिला के जोडा जायेगा। प्रदेश मे बहुत से जिलो में बैंक्वेट हॉल के मालिक और स्टाफ के द्वारा जबरन सफाई के नाम पर पैसा वसूली की जाती है जिससे राज्य के सभी सदस्यो की नाराजगी व्यक्त की जा रही है।इसका विरोध सभी ने किया।झारखंड प्रदेश के महासचिव



पदाधिकारी और प्रतिनिधियो ने भाग लिया। बैठक में चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हमारे व्यवसाय को आवश्यक सेवा के अंतर्गत लाया जाए। इसके लिए मुख्य मंत्री से मुलाकात कर एक मेमोरेंडम दी जाएगी। और साथ ही नो इंट्री में छुट दी जाए ताकी शादी-ब्याह और सरकारी कार्यक्रमों में सामान ढुलाई में आसानी हो। बैठक में झारखंड प्रदेश महिला विग की अध्यक्ष जया सिंह ने बताया की किसी भी संगठन को मजबूत बनाने मे महिलाओ की अहम भूमिका रहती है। टेंट एसोसिएशन के सभी जिला मे महिलाओ को सशक्त बनाने मे सभी जीलो मे महिलाओ को द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया की हमारे टेंट व्यवसाय मे सामाजीक धार्मिक शादी-ब्याह श्राद्ध आदी का कार्यक्रम करते है इस पर भी सरकार के द्वारा लगाए गए 18 प्रतिशत जीएसटी पर छूट दे कर 5 प्रतिशत की जानी चाहिए। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष पुरूषोत्तम कुमार के द्वारा होली मिलन समारोह का भी कार्यक्रम की गई। इस कार्यक्रम मे एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर कर एक दुसरे को बधाई दी। बैठक में राजेश कुमार भारती, रंजीत कुमार महतो,सुवेनदू चक्रवर्ती,मनोज कुमार, संजय कुमार, लंकेश्वर प्रसाद महतो, बलजीत सिंह,दया शंकर,महेन्द्र गोप आदी मौजूद थे।

# मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत एवं मेडिकल कैंप का आयोजन

## बंदियों के स्वास्थ्य हुई जांच

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा के तत्वाधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि जेल अदालत मे एक मामलों को सुनवाई के लिए रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार के समक्ष रखा गया उसे मामले की सुनवाई कर जेल अदालत के बेंच से रिहा किया गया। साथ ही झालसा के आदेश पर मंडल कारा में बंदियों के बीच मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मेडिसिन विभाग से डॉ. राजीव कुमार सिंह, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सरोजिनी मुर्मू, डॉ. मुकेश कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं रामप्रवेश नेत्र रोग सहायक द्वारा 215 बंदियों का इलाज किया गया और साथ ही मलेरिया जैसे गंभीर बीमारी के दवा वितरण भी किया गया।जिसमें जेल प्रशासन , लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ कुमार विमलेंदु एवं काउंसिल के सहायक मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी, कन्हैया लाल ठाकुर,शैलेंद्र झा,सुमन पाठक डालसा के सहायक सौरभ सरकार, नवीन कुमार अधिकार मित्र विशाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोविंदपुर ट्रक पर सीमेंट प्लांट के लिए क्लिंकर लेकर रंगडीह से जाने के क्रम में साईकिल सवार ट्रक की चपेट में आ गया। बता दे कि घटना गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के रंगडीह मोड़ की है। ट्रक असंतुलित होकर पलटने से पहले साईकिल सवार को चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के मदद से रेस्क्यू की। मृतक का अब तक शिनाख्त नहीं हो पाया है। बताया जा रहा हैं कि सम्भवतः व्यक्ति सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता था।

# सरकार ने भारत कुकिंग कोल लिमिटेड को पूंजीपतियों के हवाले कर दिया है : एके झा

## बंधुआ मजदूर पैदा करने में सारी शक्तियां लगा दी गई है। खान सुरक्षा के सारे नियमों की अवहेलना की जा रही है। खान सुरक्षा महानिदेशालय को कमजोर किया जा रहा है।

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा है कि भाजपा सरकार ने कोल इंडिया लिमिटेड की कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को पूंजी पतियों के हवाले कर दिया है। सरकार की मंशा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ दिखाई दे रहा है। आगे से श्री झा ने कहा कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के स्वर्णिम इतिहास और भूगोल को कोल इंडिया के मानचित्र से समाप्त करने का वर्तमान भाजपा सरकार ने संकल्प ले लिया है। एक लाख अस्सी हजार श्रम शक्ति की यह कंपनी, जो देश और दुनिया की सबसे बेशकीमती कोयले का उत्पादन करती है, उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। धनबाद जिले का अस्तित्व भारत कोकिंग कोल लिमिटेड पर आधारित है। एम डी ओ के तहत आउटसोर्सिंग कंपनियां बेशकीमती कोयले का लूट कर रही है।

बीसीसीएल के मकान और जमीन को जबरन दखल कर रहा है। डीजल और कोयला चोरी को बढ़ावा दे रहा है। बंधुआ मजदूर पैदा करने में सारी शक्तियां लगा दी गई है। खान सुरक्षा के सारे नियमों की अवहेलना की जा रही है। खान सुरक्षा महानिदेशालय को कमजोर किया जा रहा है। हजारों ठेका मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात,सामुदायिक विकास, कल्याणकारी योजनाएं बंद की जा रही है। आर्थिक असमानता बढ़ रही है। भाजपा सरकार श्रमिकों की सारी सुविधा समाप्त कर रही है।सी एम पी एफ का खस्ता हालत है स्थाई श्रमिकों की संख्या का घटना एक राष्ट्रीय अपराध है। यह एक अलग बात है कि श्रम शक्ति के गिरते संख्या पर भाजपा दल से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से संबंध रखने वाले श्रम संगठनों ने कोयला मजदूरों के मनोबल को तोड़ा है। मजदूरों को जबरन मनोरोगी बनाया जा रहा है।भूमि अधिग्रहण से संबंधित नियोजन पर भाजपा सरकार की चुप्पी रैयतों को मानसिक पीड़ा दे रहा है। रिटायर्ड/स्थायी कामगार की मेडिकल सहित अन्य सुविधाएं काटी जा रही है। कैशलेस मेडिकल सुविधा महज एक आश्वासन रह गया है।आगे श्री झा ने कहा कि मेडिकल अनफिट कामगार के लगभग 30000 बच्चे रोजी-रोटी के लिए दर-दर भटक रहे हैं, वे दाने-दाने के लिए तरस रहे हैं। मेडिकल अनफिट कामगार के बच्चों की नौकरी रोकना - एक राष्ट्रीय अपराध है।

इस अपराध की कोई माफी नहीं है। लोदना क्षेत्र के आउटसोर्सिंग की कंपनी के दबाव पर प्रबंधन, संयुक्त मोर्चा के साथ संपन्न समझौते को लागू करने से भाग रही है। संवाद के दरवाजे बंद कर रही है। फीमेल भीआरएस के सैकड़ो नौजवान रोजगार से वंचित हैं। हजारों ट्रांसपोर्टिंग महिला श्रमिक भुखमरी के शिकार हैं। भाजपा की चुप्पी, मजदूर विरोधी सोच और पूंजीवाद समर्थित नीति ने देश की अर्थव्यवस्था को झकझोंर दिया है। नौजवानों को मनोरोगी बनने के लिए विवश कर दिया है। श्री झा ने कहा इस अन्याय के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने मजदूरों की अधिकारों की रक्षा के लिए गांधीवादी संकल्प के साथ आगामी 7 अप्रैल, सोमवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय कोयला भवन पर एक दिन का शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने का निर्णय लिया है। इस बीच हमारा जन जागरण अभियान चलता रहेगा। आगामी 1 मई को मजदूर दिवस पर संकल्प लेकर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन,राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन (इंटक), बी सी सी एल मैनेजमेंट तथा भारत सरकार के कोयला मंत्रालय को एक दिवसीय शांतिपूर्ण हड़ताल करने की नोटिस सुपुर्द करेगा ताकि मेडिकल अनफिट कामगार के बच्चों की नौकरी सहित उपरोक्त सभी मांगों पर भारत सरकार संवाद करके मजदूर हित में न्यायपूर्ण निर्णय ले।

# धनबाद की बालक व बालिका कबड्डी टीम का हुआ चयन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को जिला कबड़ी संघ धनबाद द्वारा एस.पी. कबड्डी ग्रुप धनबाद (गांधी रोड नियर हनुमान मंदिर) के कबड्डी मैदान में 10 वीं झारखण्ड राज्य जुनियर बालक, बालिका का जिला टीम गठन हेतु चयन ट्रायल रखा गया। जिसमे जिले के विभिन्न गांव प्रखण्ड अंचल से आए 62 बालक- बालिकाओ ने भाग



लिया। कुल 12 लडकियो एवं 20 लडको का चयन किया गया। यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी जो मेदनीनगर पलामू में 21 से 23 मार्च को तीन दिवसीय आयोजित है। उक्त मौके पर सचिव मिन्टू ठाकुर, जिला कोच पप्पु कुमार यादव, रूपा वर्मा, पुष्पा कुमारी, अजुर्न , वरुण यादव, विभूति यादव, शुभम सिंह,राहुल राय मौजूद रहे।

# बीसीसीएल सीएमडी आवास में होली मिलन समारोह

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी समीरन दत्ता के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीसीसीएल परिवार के सदस्यों समेत विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर होली के रंगों में सराबोर होते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल के.पी. रमैया, डायरेक्टर फाइनेंस राकेश कुमार सहाय, डायरेक्टर टेक्निकल संजय सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल मनोज कुमार अग्रवाल, सीवीओ अमन राय, डीआईजी सीआईएसएफ आबिद खान, ब्यूरो चीफ पत्रकार एम. अली, सभी एरिया के जीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।वहीं सीएमडी समीरण दत्त की पत्नी मिली दत्त महिला मंडल की अध्यक्ष ने महिलाओं के साथ जम के होली खेली। वहीं सारे डायरेक्टर्स की पत्नी और बीसीसीएल के जी एम पत्नी ने रंगो के त्यौहार का लुफ्त उठाया। समारोह में पारंपरिक होली गीत, रंग-गुलाल और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ सभी ने होली के इस पावन पर्व का आनंद उठाया। इस अवसर पर सीएमडी समीरन दत्ता ने



कहा कि कंपनी की प्रगति के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी समरसता और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। वहीं इनमोसा के सेक्रेटरी कुश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिलजुल कर त्योहार की खुशियों को साझा किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK